GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 08-03-2023

# मैरेज लॉन में बची खाद्य सामग्रियां करायी जमींदोज

पिपराइच (एसएनबी)। रविवार को उपनगर के गोदावरी मैरेज लान में वैवाहिक कार्यक्रम में नाश्ते के दौरान फूड प्वाइजनिंग हो गयी थी। जिससे सैकड़ों घरातियों एवं बारातियों की तवीयत बिगड़ गयी थी। पुलिस ने वैवाहिक कार्यक्रम के लिए मैरेज लॉन में मंगाई गयी सभी खाद्य सामग्रियों को मंगलवार को खाली जमीन में गड्ढा खोदवाकर जमींदोज करा दिया।



मिली जानकारी के अनुसार उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में रविवार को सैकड़ों लोगों की रसमलाई आदि खाने के बाद से पेट में जोर से दर्द और उल्टी शुरू हो गई। जिन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच सहित विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए ले जाया गया। जानकारी मिलने पर प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल किए और खाद्य सामग्रियों को जांच के लिए भेज दिये। तभी से मैरेज लान बंद था। लान में सजावट, टेंट आदि के सामान उसी तरह पड़े हुए हैं। आज दोपहर बाद उपनिरीक्षक मणि प्रसाद ने मैरेज लान के पीछे पड़े खाली पड़े जमीन में जेसीबी मशीन से गहरा गड्ढा खुदवा कर नाश्ते के लिए बनी मिठाई रसमलाई, गुलाब जामुन, चाउमिन, गोलगप्पा, टिकिया, छोला, तथा खाने के लिए बने सामानों में मुर्गे का मांस, मछली, तंदूरी रोटी,चिकन,आलू गोभी की सब्जी,पनीर,सलाद आदि सभी समानों को डालकर ऊपर से मिट्टी से ढकवा दिया। थानाध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि शेष बचे खाद्य सामग्रियों को ऐतिहातन गड्ढा खोदवाकर ढकवा दिया गया जिससे संक्रमण न फैले।

**पिपराइच में रविवार को गोदावरी मैरेज लॉन में हुई फूड प्वाइजनिंग का मामला**

# फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का दिया भरोसा

**बड़हलगंज (एसएनबी)**। होली त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पीएसी बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का भरोसे दिया। मंगलवार को कोतवाल जेएन शुक्ल के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने पीएससी के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च करने के बाद बाइक से झुमिला बाजार, भाटपार तक पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। कोतवाल श्री शुक्ल ने कहा कि होली भाईचारे व शान्ति का संदेश



देता है। उन्होंने कहा कि खुरापाती घर में रहें। सड़क पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की नजर है। फ्लैग मार्च में एसएसआई संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज रविसेन यादव, दरोगा कृष्णकांत यादव, नीलेश राय आदि शामिल रहे।

# बैट्री चोर जेल गया

**पिपराइच (एसएनबी)**। बीती रात थाना क्षेत्र के तुराबाजार निवासी दिलीप कुमार के दरवाजे पर खड़ी डम्फर का बैट्री चुरा कर ले जा रहे चोर को गृहस्वामी ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। दिलीप कुमार सोमवार की रात घर में सो रहे थे। खटपट की आवाज सुनकर जाग गये। बाहर देखा कि जेसीबी का बैट्री चुराकर दो चोर मोटरसाइकिल से भाग रहे हैं और एक अन्य चोर दरवाजे पर खड़ी डम्फर का बैट्री खोल रहा था। चोर को रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। थाने के उपनिरीक्षक राजकुमार ने बताया कि वाहन स्वामी के तहरीर पर पिपराइच क्षेत्र के ग्राम इमलिया उर्फ बिजहरा निवासी बिट्टू पुत्र मोनू व दो अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर बिट्टू को जेल भेज दिया गया।

# रंगों का त्योहार होली शांति पूर्वक मनायें : अश्वनी

देईडीहा (एसएनबी)। मुस्लिम समाज का त्योहार शबेबरात और कल रंगो का त्यौहार होली को देखते हुए गोला कोतवाली प्रभारी अश्वनी त्रिपाठी के नेतृत्व में गोला बाजार के कस्बो व गांवों के चौराहे पर होते हुए भारी पुलिस बल के साथ शांति मार्च के लिए रैली निकाली गई।

शान्ति मार्च रैली व आम ग्रामीण को सम्बोधित करते हुए गोला कोतवाली प्रभारी अश्वनी त्रिपाठी ने कहा कि आम जनता कल का त्यौहार हँसी खुशी शांति से मनाए।क्योंकि होली का त्यौहार आपसी भाईचारा का त्यौहार है इसलिए आप लोग भी बिना भेद भाव किये एक दूसरे से गले मिल कर अबीर गुलाल को लगाए और गले मिले।उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र में कोई भी कानून व्यवस्था को खराब करने की कोशिश करेगा उसे बक्सा नही जाएगा।

उन्होंने बताया कि थाने के हर क्षेत्र में उपनिरीक्षक के साथ दर्जनों कांस्टेबल के साथ टोली बनाकर पुलिस गश्त कर रही है ताकि क्षेत्र में कही भी शांति ब्यवस्था खराब न हो। इस अवसर पर एसएसआई अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विकास सिंह, जगदम्बा प्रसाद,माया राम यादव,गुरु प्रसाद, मुकेश कुमार व कांस्टेबल सोनू यादव, अभिषेक यादव, अमर बहादुर, अजीत कुमार, बलराम खरवार, दीपक कुमार सहित दर्जनों पुलिस कर्मी रैली में शामिल थे।

# हास्पिटल संचालकों पर धोखाधड़ी का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिपराइच क्षेत्र के कैथवलिया मण्डी स्थित अपंजीकृत दो हास्पिटल संचालकों पर धोखाधड़ी का मुकदमा सीएचसी अधीक्षक डा. मणि शेखर ने धारा 419,420 तथा मेडिकल कौंसिल एक्ट के तहत दर्ज कराया है। इस तरह की कार्यवाही से अन्य हास्पिटल संचालकों में दहशत व्याप्त है।

**सीएचसी के अधीक्षक डा. मणि शेखर ने दर्ज कराया पिपराइच थाने में मुकदमा**

**पिपराइच कार्यालय** के मुताबिक कैथवलिया मण्डी स्थित अपंजीत आयुष हास्पिटल के संचालक अक्षय कुमार सिंह तथा न्यू आयुष हास्पिटल के संचालक विमलेश शर्मा को नोटिस देकर प्रमाण-पत्र मांगे थे। इसके बाद 4 मार्च को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बंधु ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इस दौरान संचालकों ने मरीजों को भगा दिया। आरोप है कि बिना पंजीयन के दोनों हास्पिटल संचालित हो रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। **मची अफरा-तफरी :** पिपराइच क्षेत्र में दो हास्पिटल संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से बगैर पंजीयन के जो भी हास्पिटल चला रहे हैं उनमें अफरा-तफरी मच गई है। वहीं झोला छाप भी दहशत में हैं जो दवा की दुकान पर ही मरीजों का आपरेशन तक कर डालते हैं।

# अपहरण के मामले में एक गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज जय नरायन शुक्ला ने टीम के सहयोग से एक आरोपित को पकड़ा। आरापित एक अपहरण के मामले में फरार चल रहा था। उसके विरूद्ध थाना पर 363 आईपीसी के तहत केस दर्ज था। अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम दीपक पुत्र जित्तू निवासी मामखोर थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# जहरीली कच्ची शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शासन-प्रशासन के अवैध शराब निष्कर्षण व अपमिश्रित शराब को पूर्ण रूप से बंद कराए जाने के निर्देश के बाद भी अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां दिनरात धधक रही हैं। झंगहा पुलिस ने थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो टोला कटहरिया में धधक रही कच्ची शराब की भट्ठियों पर छापेमारी की।

हमारे झंगहा प्रतिनिधि से मिली जानकारी के मुताबिक छापेमारी के दौरान 20 लीटर अवैध जहरीली कच्ची शराब व 500-500 ग्राम यूरिया व नौसादर पुलिस बरामद की। इसके अलावा पुलिस टीम ने एक कुंतल महुआ लहन और धधक रही भट्ठियों को जमींदोज करते हुए कच्ची शराब के एक कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। छापेमारी थानेदार गौरव राय कन्नौजिया की टीम ने की। थानेदार ने बताया कि अवैध शराब के कारोबारी राधेश्याम निषाद पुत्र बृजलाल निषाद निवासी जंगल रसूलपुर नंबर 2 टोला कटहरिया थाना झंगहा जिला गोरखपुर को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के विरूद्ध आईपीसी की धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि पंजीकृत किया गया।

# बाइक लेकर चोर फरार

**बडहलगंज (एसएनबी )।** बडहलगंज-रामजानकी मार्ग पर पहवारी महाराज गेट के ठीक सामने खड़ी एक व्यक्ति की बाइक चोरों ने दिनदहाड़े उड़ा दी। कस्बा क्षेत्र से लगातार बाइक चोर उड़ा रहे हैं और पुलिस एक भी घटना का राजफाश नहीं कर पा रही है।

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला निवासी

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुयी चोर की करतूत

कैलाश सोनकर ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि दोपहर 3.30 बजे क्लीनिक के सामने बाइक खड़ी थी। सोमवार को मरीज देखने में विजी था। इस दौरान कोई अज्ञात चोर बाइक चुरा ले गया। काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला सका। जब मकान में लगे कैमरे का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो चोर बाइक ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। कैमरे में चोरी करने का तरीका भी स्पष्ट नजर आया। पीड़ित ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। दो दिन पूर्व रविवार की रात मुजौना में भी चोरों ने शमीआलम उर्फ सोनू की बाइक दरवाजे से उड़ाया था।

# दो वर्षीय बच्चे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 6 मार्च को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष/लखनऊ की सूचना पर उप निरीक्षक/रेलवे सुरक्षा बल चौकी ऐशबाग व उप निरीक्षक/राजकीय रेलवे पुलिस चौकी ऐशबाग साथ स्टाफ द्वारा ऐशबाग स्टेशन पर गाड़ी संख्या 20103 से मुम्बई से अपहरण किये गये 2 वर्षीय बच्चे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना-शिवाजीनगर, गोवंडी मुम्बई एवं पुलिस थाना-बाजार खाला लखनऊको ठीक-ठीक सुपुर्द किया गया।

6 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बस्ती स्टाफ को बस्ती स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर 18 एवं 20 वर्षीय दो युवती संदिग्ध अवस्था में मिली। दोनों युवतियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु महिला पुलिस थाना बस्ती को सुपुर्द किया गया। 6 मार्च को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष/लखनऊ की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल चौकी बढ़नी स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या 15010 से यात्री का छूटा एक बैग प्राप्त कर रेलवे सुरक्षा बल चौकी बढ़नी पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया।

6 मार्च को मण्डल सुरक्षा निरीक्षण कक्ष/वाराणसी की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल चौकी रसड़ा स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या 15049 से यात्री का छूटा एक मोबाइल साथ में चार्जर प्राप्त कर रेलवे सुरक्षा बल चौकी रसड़ा पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर मोबाइल साथ में चार्जर को उसे सुपुर्द किया गया।

6 मार्च को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष/वाराणसी की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बलिया स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या 15160 से यात्री का छूटा एक बैग प्राप्त कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बलिया पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# आटो सवार महिलाएं सोने के जेवरात लूटकर फरार

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की तहरीर पर पुलिस चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ सोमवार की देररात लूट का मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार जंगल रामगढ़ उर्फ चवँरी फुरसतपुर निवासी इन्द्रावती देवी पत्नी हृदय नरायण सोमवार को करीब 11. 30 बजे दिन में मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज गोरखपुर से आटो में बैठकर घर जा रही थी कि सुबा बाजार कस्बे में चार महिलाएं आटो में बैठ गई और क्षेत्र के बनसप्ति माता मंदिर तिराहे पर चारो महिलाए उसके गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। पुलिस इन्द्रावती देवी की तहरीर पर चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ धारा 392 के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

**खोराबार के वनस्पति मंदिर के पास हुई घटना**

**पुलिस ने चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ दर्ज किया केस**

# भू माफिया पर सख्त कार्रवाई करें : योगी

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह हरहाल में सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर कोई भू माफिया अवैध कब्जा न कर पाए। इसके लिए जरूरी है कि भू माफिया को करारा कानूनी सबक सिखाया जाए। जमीन कब्जाने से संबंधित शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

■ जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनी 500 लोगों की समस्याएं



गोरखनाथ मंदिर मे जनता दर्शन के दौरान नन्हे बच्चे को चॉकलेट देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने 500 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक कार्यवाही का भरोसा दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीनी विवाद व कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने -शेष पेज 2

# झंगहा पुलिस ने किया क्षेत्र का भ्रमण

झंगहा (एसएनबी)। होली के पूर्व संध्या पर आज शाम करीब 6 बजे झंगहा थानाध्यक्ष गौरव राय कनौजिया अपने दर्जनों हमराहियों सिपाहीयो के साथ झंगहा चौराहा, झंगहा कस्बा, मोतीराम अड्डा, अमहिया, राजी, राजधानी ,बरही गोबडौर,नईबाजार सहित पूरे थाना क्षेत्र का दो पहिया वाहन से क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष गौरव राय कन्नौजिया ने थाने की बोलेरो गाड़ी पर लगे माइक से होली की बधाई देते हुए अपील किया कि होली के दिन सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाये किसी पर जबरन रंग ना डालें राहगीर आने जाने वाले व्यक्तियों पर रंग ना फेके और डीजे आदि बजाने पर प्रतिबंध है क्षेत्र के सभी लोगों से अपील है कि होली का त्यौहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाए एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



# गांवों में मोटरसाइकिल से भ्रमण

कुसमौल (एसएनबी)। होली त्योहार की पूर्व संध्या पर शांति पूर्ण माहौल बना रहे इसको लेकर क्षेत्राधिकारी बांसगांव प्रशाली गंगवार के नेतृत्व में बेलीपार थाना अन्तर्गत बहुत से गांवों में मोटर साइकिल से भ्रमण किया गया। इनके साथ थाना प्रभारी इकरार अहमद, चौकी इंचार्ज भरतभूषण यादव, एसएसआई सत्यपाल सिंह, एसआई सुरेन्द्र राम, आरक्षित सतीश कुमार, मनीष गुप्ता, उपेन्द्र यादव, राहुल यादव, मनोज वर्मा, अविनाश यादव आदि मौजूद थे।

# दो पक्षों में मारपीट, पांच अरेस्ट

**CHAURICHAURA:** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर के ढोलहा गांव में मंगलवार दोपहर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई. सूचना पर मौके पर पहुंची चौरीचौरा पुलिस ने एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के दो युवकों को गिरफ्तार किया है. थाना क्षेत्र के बेलवा बाबू गांव निवासी अंशु और प्रदीप इब्राहिमपुर गांव के टोला ढोलहा में गए थे. हलका दरोगा रमेश चौधरी ने बताया कि इब्राहिमपुर गांव के सन्नी पासवान, विशाल राजभर व प्रदीप पासवान ने दूसरे पक्ष के लोगों के साथ मारपीट किया.

# रूट मार्च कर सुरक्षा का कराया अहसास



**BARDAR:** उनवल चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस-पीएसी ने होली व शब ए बरात को देखते हुए रूट मार्च किया. इस दौरान लोगों से त्योहार को शांति तरीके से मनाने की अपील की. चौकी इंचार्ज ने कहा कि हुड़दंग करने वालों की खैर नही है. इस दौरान कांस्टेबल इम्तियाज अहमद, रविंद्र वर्मा, शांतनु तिवारी, ऋषिकेश ओझा आदि मौजूद रहे.

# झंगहा पुलिस ने किया भ्रमण

**JHANGHA:** होली की पूर्व संध्या पर मंगलवार शाम झंगहा एसओ गौरव राय कन्नौजिया ने झंगहा चौराहा, झंगहा कस्बा, मोतीराम अड्डा, अमहिया, राजी, राजधानी, मोतीराम अड्डा, बरही गोबडोर, नई बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया. इस दौरान एसओ ने सभी से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की.

# रंगे हाथों पकड़े गए बैट्री चोर

**GORAKHPUR (7 March):** तुराबाजार निवासी दिलीप कुमार के दरवाजे पर खड़ी डम्फर का बैट्री चुरा कर ले जा रहे चोर को वाहनस्वामी ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. पुलिस ने उसे जेल भेज दिया. दिलीप कुमार सोमवार की रात घर में सो रहे थे. रात 12 बजे खटपट की आवाज सुनकर जाग गए. बाहर देखा कि जेसीबी का बैट्री चुराकर दो चोर मोटरसाइकिल से भाग रहे हैं और एक अन्य चोर दरवाजे पर खड़ी डम्फर का बैट्री खोल कर भागने की तैयारी में था. उस चोर को रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया. थाने के एसआई राजकुमार ने बताया कि पिपराइच के ग्राम इमलिया उर्फ बिजहरा निवासी बिट्टू और दो अज्ञात के विरुद्ध के विरुद्ध चोरी का के सदर्ज किया गया है

**सख्ती** होली में हुड़दंगई करने वालों पर गोरखपुर पुलिस की रहेगी पैनी निगाह

# खोराबार-रामगढ़ताल में सर्वाधिक हुड़दंगी, हुए पाबंद

### अराजकता करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

**GORAKHPUR (7 March):** होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस सख्त रवैया अपनाएगी. होली शांति ढंग से निपटाने के लिए पुलिस ने पिछले साल त्योहार में हुड़दंग मचाने वालों की लिस्ट तैयार कर उन्हें पाबंद किया है. गोरखपुर सिटी के 9 थानों ने 800 से अधिक हुड़दंगी की लिस्ट बनाकर उन्हें पाबंद किया है. सबसे अधिक हुड़दंगी खोराबार और रामगढ़ताल थाने से पाबंद किए गए हैं.

**ALERT**



"हर अराजक तत्वों की लिस्ट बनाई गई है. होली के दिन हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई होगी. पिछले साल होली के दिन अराजकता मचाने वालों को चिन्हित किया गया. हर थाने में पुलिस एक्टिव मोड में है. कोई भी अराजकता मचाने वाले को बख्शा नहीं जाएगा.

कृष्ण कुमार बिश्नोई,
एसपी सिटी

**सिटी के थानों में पाबंद हुए हुड़दंगी**

| | |
|---|---|
| खोराबार | 176 |
| रामगढ़ताल | 175 |
| गोरखनाथ | 150 |
| चिलुआताल | 100 |
| राजघाट | 81 |
| कोतवाली | 50 |
| तिवारीपुर | 40 |
| शाहपुर | 37 |
| कैंट | 25 |



पुलिसकर्मियों ने की पेट्रोलिंग.

### गोरखपुर आया कमांडो दस्ता

पूरे रास्ते में सड़क से सटे एक हजार मकान और 500 से अधिक दुकाने है. एलआईयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस मकान में रहने वाले परिवार और किरायेदारों का सत्यापन कर चुकी है. शोभा यात्रा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था में छह एडिशनल एसपी, 15 सीओ, 70 निरीक्षक, 200 दारोगा, 800 सिपाही, 120 महिला सिपाही, छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, तीन ड्रोन, 18 सीसी कैमरा लगाए गए हैं. लखनऊ से एटीएस कमांडो का दस्ता भी गोरखपुर में पहुंच गया है.

# आपत्तिजनक पोस्टर चिपका भागा शोहदा, नेपाल में मिली लोकेशन

### पिपराइच थाने में युवती ने दर्ज कराया केस, पुलिस छानबीन में जुटी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (7 March):** गुलरिहा इलाके के एक गांव की रहने वाली युवती का अश्लील फोटो युक्त पोस्टर बेखौफ शोहदे ने गांव में चस्पा कर दिया. यह जानने के बाद युवती ने घटना की जानकारी पिपराइच थाने में दी. पुलिस आरोपी अनिल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी. खबर है कि अनिल घर छोड़कर फरार है और उसकी वर्तमान लोकेशन नेपाल में मिली.





### मारने की दी धमकी

युवती ने दिए तहरीर में लिखा है कि गांव के पास का युवक अनिल सिंह उसकी बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर परिचित और रिश्तेदारों के नंबर पर संदेश भेज रहा था. विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा था. इन सब के बीच उसने रविवार को अचानक अश्लील पोस्टर छपवा लिया और उसे गांव में चस्पा कर दिया. इतना ही नहीं कई लोगों को उसने पंफलेट भी बांटा है. बेखौफ शोहदे की हरकत से परेशान युवती ने पिपराइच थाने में केस दर्ज कराया. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. जल्द ही शोहदे की गिरफ्तारी कर ली जाएगी.

# दो अवैध अस्पताल संचालकों पर दर्ज हुई एफआईआर

**GORAKHPUR (7 March):** सीएचसी पिपराइच के अधीक्षक मणि शेषर के तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैथवलिया मंडी स्थित अपंजीकृत दो अवैध अस्पताल संचालकों पर मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस को दिये तहरीर में अधीक्षक मणि शेखर ने बताया कि कैथवलिया मण्डी स्थित अपंजीकृत आयुष हॉस्पिटल के संचालक अक्षय कुमार सिंह तथा न्यू आयुष हॉस्पिटल के संचालक विमलेश शर्मा को एक मार्च को सीएचसी कार्यालय ने नोटिस जारी कर रजिस्ट्रेशन सम्बंधित प्रमाण पत्र की जानकारी मांगी गई थी. लेकिन दोनों संचालकों ने संतोषजनक जबाब नही दिया. न्यू आयुष हॉस्पिटल के संचालक ने मेडिकल स्टोर और बी फार्मा डिग्री का प्रमाण पत्र दिया था. इसकी सूचना सीएमओ व एसडीएम सदर को दी गई थी. सीएमओ कार्यालय में इनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है. चार मार्च को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बंधु ने जांच की तो दोनों अस्पतालों में मरीज भर्ती व अवैध डिलेवरी की जानकारी पायी गई. मजिस्ट्रेट के पहुंचते ही अस्पताल संचालकों ने मरीजों को भगा दिया था. पुलिस ने दोनों अस्पताल संचालकों अक्षय सिंह व विमलेश शर्मा पर अलग-अलग दो मुकदमा दर्ज किया है.

# जीरो टॉलरेंस पर काम, ऐसा सबक सिखाएं कि भू-माफिया कांप जाएं : सीएम

**जनता दर्शन मे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 500 फरियादियों की समस्या**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (7 March):** भू-माफिया को लेकर सरकार का विजन साफ है. इसे लेकर वह जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है. ऐसे में जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलते ही संबंधित भू-माफिया को ऐसा सबक सिखाएं कि वो कांप जाएं और आगे ऐसा करने की हिम्मत न जुटा पाए. मंगलवार को जनता दर्शन में जब भू-माफिया को लेकर कई शिकायतें सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने आईं तो उन्होंने अधिकारियों को ये निर्देश दिया. कहा कि ऐसे मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



जनता दर्शन में फरियाद सुनते सीएम योगी.

## आमने-सामने बैठाकर निकालें समाधान

दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने 500 लोगों की समस्या सुनी और त्वरित व संतुष्टिपरक प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया. जमीन के आपसी विवाद के कई मामले आने पर सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वह दोनों पक्ष को आमने-सामने बैठाकर मामले का समाधान निकालें. विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित करें. एक-एक व्यक्ति के पास सीएम खुद गए और ध्यानपूर्वक उनकी समस्या सुनी. प्रार्थनापत्र लेकर अधिकारियों को सौंपा और जल्द से जल्द जरूरी कार्रवाई का निर्देश दिया. दूसरे जिलों की शिकायतों को उन जिलों के अफसरों को भेजने के निर्देश दिए.

## राजस्व मामलों में लें पुलिस बल का साथ

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में राजस्व से जुड़ी समस्याओं के सामने आने पर सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वह इसका निस्तारण हर हाल में तहसील स्तर पर सुनिश्चित करें. जरूरत पड़ने पर पुलिस बल का भी साथ लें. इसके लिए तब तक प्रयास करें, जब तक दोनों पक्ष संतुष्ट न हो जाएं.

## बच्चे से खेलने लगे योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम जनता दर्शन में एक बार फिर झलका. शिकायत लेकर कई महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे. सीएम ने समस्या सुनने के साथ-साथ उन बच्चों को दुलारा और उपहार के रूप में चाकलेट दिया. एक बच्चे को जब सीएम ने दुलारा तो वह इतना खुश हो गया कि सीएम के साथ खेलने लगा. फिर तो सीएम भी उसके संग खेलने लगे.

## इलाज में मदद को जल्द पूरी कराएं औपचारिकता

जनता दर्शन में फिर दर्जन भर से अधिक लोग इलाज में आर्थिक मदद की उम्मीद लेकर पहुंचे थे. सभी को मदद का भरोसा दिलाते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह एस्टीमेट मंगाकर मदद की कागजी औपचारिकता को शीघ्र पूरा कराएं और उसे प्राथमिकता के आधार पर शासन को भेजना सुनिश्चित करें, जिससे मदद की धनराशि जारी की जा सके.

# सहजनवा में युवक की पिटाई में केस दर्ज

सहजनवा। सहजनवा तहसील रोड पर सोमवार की शाम चार बजे के आसपास एक युवक को दो युवकों ने जमकर लात-घूसों और पंच से पीट दिया। युवक बुरी तरह घायल हो गया। केशोपुर निवासी जितेंद्र साहनी पुत्र रामबेलास की तहरीर पर सोमवार देर शाम आकाश और अखिलेश पर केस दर्ज कर लिया है।

# तरकुलहा मेले में मारपीट, दो भाइयों पर केस दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के तरकुलहा मेले में चाट के पैसे को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने दो सगे भाइयों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। बेलवा खुर्द निवासी राजू चौरसिया पुत्र सुरेश चौरसिया की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गहिरा निवासी सरवन निषाद व लड्डू निषाद पुत्र राजेश निषाद केस दर्ज किया है।

# दो पक्षों में मारपीट, सात पर केस दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के महुअवा बुजुर्ग में ताना मारने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। प्रथम पक्ष से सीमा पत्नी विजय की तहरीर पर पुलिस ने सरपतिया, सुनील, रघुप्रसाद, माला पर 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के बेबी पत्नी सुनील कुमार की तहरीर पर पुलिस ने विजय, अमन, किशुन निषाद पर केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

बाइकर्स के लिए सबसे मुफीद ठिकाना बन रहा रामगढ़झील क्षेत्र

# बाइकर्स की रफ्तार से सहमे मार्निंग वॉकर

**दुस्साहस**

- मनबढ़ों के स्टंट से कई बुजुर्ग हो चुके हैं चोटिल
- बार-बार कार्रवाई का भी डर नहीं बाइकर्स में
- 3 हजार से अधिक का हो चुका है चालान

> स्टंट करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाती है। कई चालान किए गए हैं। अभियान तेज कर इनकी धरपकड़ बढ़ाई जाएगी साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जाएगा
>
> **एमपी सिंह,** पुलिस अधीक्षक, यातायात

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** शहर में इन दिनों मनचले बाइकर्स ने रोड पर आतंक मचा रखा है। इन बाइकर्स की वजह से सुबह के समय पैदल चलने वाले लोगों को काफी असुविधा हो रही है। इतनी रफ्तार से आड़ा-तिरछा ये बाइक चला रहे हैं कुछ बुजुर्ग इनकी वजह से घायल भी हो चुके हैं। सबसे अधिक डर रामगढ़झील के किनारे टहलने वालों को है। साइड और सामने से इतनी तेज बाइक निकालते हैं कि टहलने वाले सहम जा रहे हैं।

इन मनबढ़ों के स्टंट की वजह से पैडलेगंज स्थित कॉलोनी में रहले वाले 62 वर्षीय बृजमोहन दास के कंधे में फ्रैक्चर हो गया। बीते दिनों टहलने के दौरान साइड से स्टंट करते एक युवक इतनी रफ्तार से बाइक निकाला कि वे बचने के लिए दूसरी तरफ दौड़े तो गिर पड़े और कंधे में चोट आ गई। चिकित्सक को दिखाया तो पता चला कि हेयर क्रेक है। बृजमोहन की तरह कई दर्जनों ऐसे लोग हैं जो इन स्टंट करने वाले मनबढ़ों की वजह से चोटिल हो चुके हैं।

**यातायात विभाग कर चुका है चालान, फिर भी नहीं मानते ये मनचले:** यातायात विभाग ने ऐसे मनचले बाइकर्स के खिलाफ अभियान चलाकर चालान किया है और रोजाना भी करते हैं लेकिन उसके बाद भी इनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। बीते एक साल में 3 हजार बाइकर्स का स्टंट करने में चालान हो चुका है।

ये मनबढ़ चालान होने के बाद जुर्माने की रकम भरकर दोबारा से स्टंट करते रहते हैं।

**रील बनाने के चक्कर में स्टंट:** स्टंट करने की सबसे बड़ी वजह रील बनाना है। रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालने का पागलपन युवाओं में इस कदर है कि स्टंट करने में कोई कसर नहीं छोड़ते और दूसरों के लिए आफत बन जाते हैं।

# जालसाजी के आरोपित पर महिला ने कराया केस

खोराबार। खोराबार इलाके में जमीन के नाम पर जालसाजी करने के आरोपियों ने मारपीट की। पिपराइच के बिजरहा निवासी नीलम पत्नी मोहन की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

नीलम के पति मोहन उर्फ गोलू ने 2019 में जमीन खरीदने के लिए शुभम जायसवाल को तीन लाख रुपये दिए थे। शुभम ने न तो जमीन दी और न ही रुपये वापस किए। मोहन ने रुपये वापस मांगे तो शुभम जायसवाल ने कुसम्ही बाजार स्थित केशव की दुकान पर रुपये देने के लिए 20 दिसंबर 2020 को बुलाया। केशव की दुकान पर शुभम जायसवाल, केशव जायसवाल तथा चार अज्ञात लोगों ने मोहन की बुरी तरह से पिटाई कर दी। मारने-पीटने से मोहन को चोट आई और हाथ टूट गया।

# टीका लगने के बाद नवजात की हुई मौत की जांच होगी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। करीम नगर चरगांवा निजी अस्पताल में टीका लगने के बाद नवजात की तबीयत खराब होने और उसकी मौत का मामला तूल पकड़ लिया है। इस मामले में मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद सीएमओ डॉ. आशुतोष दुबे ने जांच कराने का फैसला किया है। इस जांच की जिम्मेदारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नंदलाल कुशवाहा को मिली है। वह एक सप्ताह में जांच कर महकमे को रिपोर्ट देंगे।

गगहा के सौरभ कुमार राय ने अपने सात दिन के बच्चे को रविवार को निजी अस्पताल में टीका लगवाया था। आरोप है कि टीका लगने के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में एंबुलेंस से उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में भेजा गया। जहां के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही दो और बच्चों को वहां टीका लगाया गया था, उनकी भी तबीयत खराब हो गई। उन्हें भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

"बच्चे को टीका लगने के बाद मौत की खबर प्रकाशित हुई। उसका संज्ञान लिया है। मामले की जांच की जाएगी। वैक्सीन का कोल्ड चेन मेंन्टेन किया गया था या नहीं। अस्पताल में टीका रखने की व्यवस्था क्या है। उसे टीका प्रशिक्षित स्टाफ ने लगाया था या नहीं। इन बिंदुओं की जांच की जाएगी।

-डॉ. आशुतोष कुमार दुबे, सीएमओ

## नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

इस मामले में पीड़ित ने सोमवार को चिलुआताल थाने में तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर नवजात का पोस्टमार्टम भी हुआ। मौत की वजह पता करने के लिए विसरा को जांच के लिए भेजा जाएगा। अब तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

# पिपराइच के हॉस्पिटल संचालक समेत दो पर केस

गोरखपुर। पिपराइच इलाके के कैथवलिया में स्थित न्यू आयुष हॉस्पिटल के संचालक विमलेश शर्मा व अक्षय कुमार सिंह पर केस दर्ज कर लिया गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पर जालसाजी और मेडिकल एक्ट का आरोपी बनाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिपराइच के स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. मनीष शेखर ने दिए तहरीर में लिखा है कि एक मार्च को अंपजीकृत न्यू आयूष हॉस्पिटल कैथवलिया की जांच की गई थी। पंजीकरण नहीं मिलने पर नोटिस भी दिया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। विमलेश शर्मा ने बी फार्मा का बाद में पेपर दिया। चार मार्च को एसडीएम ने निरीक्षण किया। मौके पर मरीज मिले, लेकिन पंजीकरण नहीं मिला। हॉस्पिटल अवैध है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही।

### सीएम ने जनता दर्शन में जमीन कब्जाने की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए

# हिदायतः भू-माफिया पर करें सख्त कार्रवाईः योगी

**05** सौ फरियादियों से मुलाकात कर सीएम ने सुनीं उनकी समस्याएं

**02** घंटे के करीब लगे मुख्यमंत्री को फरियादियों से मिलने में

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को हिदायत दी है कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर कोई भू-माफिया अवैध कब्जा न कर पाए। भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने भूमि कब्जाने की शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए और चेताया कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री मंगलवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। सीएम ने पहले से बैठाए गए करीब 500 फरियादियों से एक-एक कर मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक कार्यवाही का भरोसा दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं भूमि विवाद व कब्जा की शिकायत लेकर पहुंची थीं। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्रवाई करें कि कोई भी दबंग जमीन कब्जा करने की जुर्रत न कर पाए। जमीन के आपसी विवाद के मामलों में उन्होंने पक्षों के बीच कॉउंसलिंग करने और इसके बाद ही विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया। वहीं फरियादियों को आश्वस्त किया कि वे घबराएं मत, दोषियों और दबंगों परसख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को कार्रवाई के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

**योगी संग खेलने लगा बालकः** लोगों की समस्याएं सुनते वक्त मुख्यमंत्री की नजर एक महिला संग आए बच्चे पर पड़ गई। उन्होंने बच्चे को दुलारा तो वह खुश हो गया और उनके साथ खेलने लगा। सीएम ने उसे चॉकलेट गिफ्ट कर आशीर्वाद दिया।



गोरखनाथ मंदिर में मंगलवार को जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### पंडित गोविंद बल्लभ पंत को दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर। भारत रत्न से सम्मानित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर स्थित कार्यालय में सीएम ने पंडित गोविंद बल्लभ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। सांसद रविकिशन शुक्ल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह मौजूद रहे।

### भूमि विवाद के निस्तारण में तेजी लाएं अधिकारी

सीएम ने राजस्व से सम्बंधित शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन की पैमाइश और सम्बंधित मामलों का तहसीलों में निस्तारण तेजी से कराएं। जहां जरूरत पड़े पुलिस बल भी साथ लिया जाए। चेताया कि इसमें लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इलाज के मामलों में तत्काल इस्टीमेट भेजें

गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मदद का भरोसा दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी प्रार्थनापत्र को प्राथमिकता के आधार पर इस्टीमेट बनवाकर शासन को भेजें ताकि जरूरतमंदों के इलाज में आर्थिक दिक्कत बाधा न बने।

> संबंधित खबरें P03

# जमीन के अंदर दबाई रसमलाई

पिपराइच। पिपराइच के मैरिज हॉल में बची हुई मिठाई व विषाक्त भोजन को पुलिस की देखरेख में मैरेज हाल के पास ही खाली पड़े प्लाट में जेसीबी से गढ्डा खुदवाकर दबा दिया गया।

रविवार की देर शाम शादी के दौरान मैरिज हॉल में रसमलाई खाने के बाद दर्जनों लोग बीमार पड़ गये थे। मंगलवार को अपरान्ह सब इंस्पेक्टर मणि प्रसाद और मैरेज हाल संचालक काली चरण पटवा की देखरेख में मैरेज हाल का ताला खोलने के बाद मेस में रखे गये 10 बड़े भगौने में रखा रसमलाई, मीट, मछली पूड़ी आदि खाद्य सामग्रियों को पास में ही खाली पड़ी जमीन में जेसीबी से गहरा गड्ढा खोदवाकर जमीन में दबा दिया गया।

# एटीएस कमांडो सहित 18 सौ पुलिसकर्मी संभालेंगे व्यवस्था

**06** एडिशनल एसपी, 15 सीओ, 70 निरीक्षक सुरक्षा व्यवस्था में लगे

**03** ड्रोन, 18 सीसीटीवी से शोभायात्रा के दौरान मार्ग की होगी निगरानी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। होली के दिन घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस अफसरों ने चाक चौबंद इंतजाम किए हैं। शोभायात्रा की सुरक्षा में 1800 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मार्ग के दोनों तरफ स्थित घरों, दुकानों के मालिकों व किराएदारों की पुलिस व खुफिया एजेंसियों ने डिटेल जुटा ली है। वहीं शोभायात्रा मार्ग पर एटीएस कमांडो को भी तैनात किया गया है इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर भगवान नरसिंह की शोभायात्रा के रथ पर सवार होकर होली खेलते हैं। इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। शोभायात्रा घंटाघर से निकलकर मदरसा चौक, लालडिग्गी, मिर्जापुर, घासी कटरा, जाफरा बाजार, चरण लाल चौक, आर्यनगर, बक्शीपुर, नखास चौक, रेती चौक होते हुए घंटाघर लौटकर समाप्त होती है। पूरे रास्ते में सड़क से सटे एक हजार मकान और 500 से अधिक दुकाने हैं। एलआईयू के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस मकान में रहने वाले परिवार व किराएदारों का सत्यापन कर चुकी है। शोभायात्रा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था में छह एडिशनल एसपी, 15 सीओ, 70 निरीक्षक, 200 दारोगा, 800 सिपाही, 120 महिला सिपाही, छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, तीन ड्रोन, 18 सीसी कैमरा लगाए गए हैं। लखनऊ से एटीएस कमांडो का दस्ता भी गोरखपुर में पहुंच गया है।



त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बक्शीपुर में तैनात पुलिसकर्मी।

# ऐसा सबक सिखाएं कि भू-माफिया कांप जाएं

## जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त कानून व्यवस्था का पाठ पढ़ाया। संगठित अपराध को लेकर सरकार की जीरो टालरेंस नीति को स्पष्ट करते हुए उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि ऐसा सबक सिखाएं कि भूमाफिया कांप जाएं। मंगलवार को जनता दर्शन के दौरान जमीन पर कब्जे को लेकर आई शिकायतों पर गंभीर हुए योगी ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने 500 लोगों की समस्या सुनी और त्वरित व संतुष्टिपरक प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। जमीन के आपसी विवाद के कई मामले आने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह दोनों पक्ष को आमने-सामने बैठाकर मामले का समाधान निकालें। विधिक कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। एक-एक व्यक्ति के पास मुख्यमंत्री खुद गए और ध्यानपूर्वक उनकी समस्या सुनी। प्रार्थनापत्र लेकर अधिकारियों को सौंपा और जल्द से जल्द जरूरी कार्यवाही का निर्देश दिया। दूसरे जिलों की शिकायतें को उन जिलों के अफसरों को भेजने के निर्देश दिए। बड़ी संख्या में राजस्व से जुड़ी समस्याओं के सामने आने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह इसका निस्तारण हर हाल में तहसील स्तर पर सुनिश्चित करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस बल का भी साथ लें। इसके लिए तब तक प्रयास करें, जब तक दोनों पक्ष संतुष्ट न हो जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, आइजी जे. रवींदर गौड़, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● जागरण

### बच्चे के साथ खेलने लगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम जनता दर्शन में एक बार फिर झलका। शिकायत लेकर कई महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने समस्या सुनने के साथ-साथ उन बच्चों को दुलारा और उपहार के रूप में चाकलेट दिया। एक बच्चे को जब मुख्यमंत्री ने दुलारा तो वह इतना खुश हो गया कि मुख्यमंत्री के साथ खेलने लगा। फिर तो मुख्यमंत्री भी उसके संग खेलने लगे। यह लगभग एक से डेढ़ मिनट चला।

**इलाज में मदद को जल्द पूरी कराएं औपचारिकता :** मंगलवार के जनता दर्शन में एक बार फिर दर्जन भर से अधिक लोग इलाज में आर्थिक मदद की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। सभी को मदद का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह एस्टीमेट मंगाकर मदद की कागजी औपचारिकता को शीघ्र पूरा कराएं और उसे प्राथमिकता के आधार पर शासन को भेजना सुनिश्चित करें, जिससे मदद की धनराशि जारी की जा सके।

**योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री पं. पंत को दी श्रद्धांजलि :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर स्थित कार्यालय परिसर में एक सादे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पं. पंत के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सांसद रवि किशन शुक्ल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व एमएलसी डा. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महानगर मंत्री अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**भगवान नरसिंह की शोभायात्रा की शुरुआत करेंगे सीएम :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की होलिकोत्सव समिति के तत्वावधान में भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा होली के दिन बुधवार को घंटाघर से धूमधाम से निकाली जाएगी। गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह नौ बजे फूलों की पंखुड़ियां व गुलाल उड़ाकर रंगोत्सव की शुरुआत करेंगे।

संबंधित खबर >> 3

# दो पक्षों में मारपीट, चार पर मुकदमा

झंगहा : थाना क्षेत्र के राजधानी घटुलीघाट में मंगलवार की सुबह दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इसमें शकुंतला पत्नी सुरेश के सिर में गंभीर चोट लग गई। मौके पर ही वह अचेत हो गई। आनन-फानन स्वजन जिला अस्पताल लेकर गए। पुलिस ने सुरेश की तहरीर पर गांव के राधेश्याम, जितेन्द्र, सूरज तथा कुसुमावती देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# बैट्री निकालते पकड़ा गया चोर, मुकदमा दर्ज

पिपराइच : थाना क्षेत्र के तुराबाजार निवासी दिलीप कुमार के दरवाजे पर खड़े डंपर की बैट्री सोमवार की रात निकालते एक युवक को वाहन मालिक ने पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को बुलाकर तहरीर देते हुए उसे सिपुर्द कर दिया। दारोगा राजकुमार ने बताया कि वाहन मालिक की तहरीर पर ग्राम इमलिया उर्फ बिजहरा निवासी बिट्टू व दो अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

## तरकुलहा मेला में मारपीट भाइयों पर मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के तरकुलहा मेले में सोमवार की शाम चाट के पैसे को लेकर मारपीट हो गई। मंगलवार को तहरीर मिलने पर पुलिस ने दो भाइयों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया। थाना क्षेत्र के बेलवा खुर्द निवासी राजू चौरसिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शाम को चाट खाने के बाद पैसे देने में झंगहा थाना के ग्राम गहिरा निवासी सरवन निषाद व लड्डू निषाद आनाकानी कर रहे थे। मांगने पर दोनों भाइयों ने मारपीट कर घायल कर दिया। (जासं)

## दो पक्षों में मारपीट, पांच गिरफ्तार

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर के टोला ढोलहा में मंगलवार की दोपहर दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने पर उठा लायी। ग्राम बेलवा बाबू निवासी अंशु और प्रदीप इब्राहिमपुर गांव के टोला ढोलहा गए थे। इब्राहिमपुर गांव के सन्नी पासवान, विशाल राजभर और प्रदीप पासवान ने अंशु व प्रदीप को मारपीट कर घायल कर दिया। दारोगा रमेश चौधरी ने बताया कि पांचों आरोपितों को हिरासत में लिया गया है। (जासं)

# एसडीओ ने दर्ज कराई एफआइआर

- मोहद्दीपुर में स्मार्ट व्हील के पास बिजली निगम की केबल जलने का मामला
- सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत दर्ज हुई एफआइआर

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मोहद्दीपुर में स्मार्ट व्हील के पास सोमवार को केबल जलने के मामले में मंगलवार को खोराबार के एसडीओ ने कैंट थाना में एफआइआर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केबल के नीचे आग लगाने की एफआइआर दर्ज की है।

सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा चार व पांच के तहत दर्ज एफआइआर की जांच अवर निरीक्षक को सौंपी गई है। सुधार कार्यों के लिए मंगलवार दोपहर 1:15 बजे से शाम 5:45 बजे तक पांच उपकेंद्रों की बिजली गुल रही।

सोमवार सुबह आग लगने के कारण मोहद्दीपुर पारेषण उपकेंद्र से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, खोराबार, सहारा, एयरफोर्स, जीआरडी व मोहद्दीपुर उपकेंद्र से जुड़े कूड़ाघाट फीडर को जाने वाला भूमिगत केबल जल गया। इससे सभी पांच उपकेंद्र और कूड़ाघाट फीडर से जुड़े करीब 50 हजार घरों की बिजली गायब हो गई। बिजली निगम ने 16 घंटे लगातार प्रयास कर आपूर्ति बहाल की। अधीक्षण अभियंता शहर ने कहा कि कुछ दिन और सुधार कार्य चलाया जाएगा। इस कारण थोड़ी-थोड़ी देर के लिए आपूर्ति में व्यवधान आ सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## कितने रुपये का नुकसान, जिक्र नहीं

एसडीओ जितेंद्र कुमार गुप्ता की ओर से दर्ज एफआइआर में केबल जलने से शासकीय राजस्व की क्षति का जिक्र है, लेकिन कितने रुपये का नुकसान हुआ, इसका उल्लेख नहीं है। अधीक्षण अभियंता शहर यूसी वर्मा ने 10 लाख रुपये से अधिक के नुकसान होने की बात कही थी।

# रसमलाई व खाद्य सामग्री गड्ढे में मिट्टी से दबाई गई



जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमें डाली जा रही रसमलाई ● जागरण



मैरेज हाल खुलने पर सफाई करते मजदूर ● जागरण

- पिपराइच में पुलिस ने गोदावरी मैरेज हाल का खुलवाया ताला
- जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमें डाली गई सामग्री
- शादी में रसमलाई खाने से बीमार पड़ गए थे 100 से अधिक लोग

**जासं, पिपराइच :** नगर पंचायत पिपराइच का गोदावरी मैरेज हाल मंगलवार को खुल गया। पुलिस ने यहां पहुंचकर मैरिज हाल के पास खाली जमीन पर जेसीबी से गड्ढा खोदवाया। मिठाई व खाद्य सामग्री को उसमें डालकर मिट्टी से दबा दिया गया। पांच फरवरी की देर शाम एक शादी के दौरान मैरेज हाल में रसमलाई खाने के बाद 100 से अधिक लोग बीमार पड़ गये थे। इसके बाद इसे बंद कर दिया गया था। थानाध्यक्ष सूरज सिंह, दारोगा मणि प्रसाद ने मैरेज हाल संचालक कालीचरन पटवा की उपस्थिति में ताला खुलवाया। इसके बाद भगौने में रखी रसमलाई व अन्य मिठाइयां तथा बची हुई पुड़ी एवं खाद्य सामग्री को पास ही खाली पड़ी जमीन पर ले जाया गया। यहां जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर उसमें डालकर मिट्टी से दबा दिया गया। संचालक ने पूरे मैरिज हाल की सफाई भी कराई।

**शादियों को लेकर संचालक परेशान:** गोदावरी मैरेज हाल का बंद ताला तो पुलिस ने खोलवा दिया लेकिन यहां होने वाली शादियों को लेकर संचालक परेशान है। मैरेज हाल 10 से 12 मार्च तक बुक है। संचालक कालीचरन इस बात से परेशान हैं कि कहीं शादी के दौरान प्रशासन कोई हस्तक्षेप न कर दे। उन्होंने बताया कि पिपराइच, परतावल व पकड़ी के तीन कार्यक्रम लगातार बुक हैं। पांच फरवरी की घटना ने सभी को विचलित कर दिया है। ग्राहकों का भी फोन आ रहा है। दूसरी ओर थानाध्यक्ष सूरज सिंह का कहना है कि मैरेज हाल में फिलहाल कार्यक्रमों पर कोई रोक नहीं है।

# दो वर्ष बाद पिटाई का वीडियो वायरल, पांच पर मुकदमा

- **इंटरनेट मीडिया पर पिटाई का वीडियो प्रसारित होने पर पत्नी ने दी तहरीर**
- **दो वर्ष पहले रुपये देने के बहाने खोराबार के कुसम्ही बाजार में बुलाकर पीटा था**

**जासं. गोरखपुर :** खोराबार क्षेत्र में भूमि दिलाने के नाम पर जालसाजी करने वाले आरोपितों ने रुपये वापस मांगने पर पीड़ित को पीट दिया। यही नहीं, पिटाई का वीडियो बना दो वर्ष बाद इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। पिपराइच के बिजरहा निवासी नीलम की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने रुपये हड़पने मारपीट करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर खोराबार थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नीलम ने तहरीर में लिखा है कि उसके पति मोहन उर्फ गोलू ने 2019 में जमीन खरीदने के लिए शुभम जायसवाल को तीन लाख रुपये दिए थे। शुभम ने जमीन दी और न रुपये वापस किया। मोहन ने रुपये वापस मांगे तो शुभम ने कुसम्ही बाजार स्थित केशव जायसवाल की दुकान पर 20 दिसंबर, 2020 को रुपये देने के लिए बुलाया और अपने साथी केशव जायसवाल तथा चार अज्ञात लोगों के साथ मिलकर पीट दिया। डर की वजह से मोहन ने स्वजन को बताया कि वह दुर्घटना में घायल हुए हैं।

इंटरनेट मीडिया पर पिटाई का वीडियो वायरल होने पर पत्नी ने आरोपितों के विरुद्ध खोराबार थाने पर कुसम्ही निवासी शुभम जायसवाल, केशव जायसवाल एवं चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

# सीएमओ ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को सौंपी जांच, एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

## ग्रीनलैंड हास्पिटल में नवजात को टीका लगने के बाद मौत का मामला

**जागरण प्रभाव**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : करीम नगर चरगांवा के ग्रीनलैंड हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में नवजात को टीका लगने के बाद मृत्यु होने के मामले में सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने जांच बैठा दी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नंदलाल कुशवाहा को उन्होंने जांच का निर्देश दिया है और एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है। बताया जाता है कि यह अस्पताल बीआरडी मेडिकल कालेज के एक डाक्टर संचालित करते हैं। इस बिंदु पर भी जांच होगी, क्योंकि किसी सरकारी डाक्टर को निजी अस्पताल या क्लीनिक संचालित करने की अनुमति नहीं है।

गगहा के सौरभ कुमार राय ने अपने सात दिन के बच्चे को रविवार को ग्रीनलैंड हास्पिटल में टीका लगवाया था। इसके 10 मिनट बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन एंबुलेंस से उसे बीआरडी मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग में भेजा गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इसके साथ ही दो और बच्चों को वहां टीका लगाया गया था, उनकी भी तबीयत खराब हो गई। उन्हें भी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। उपचार चल रहा है। दैनिक जागरण ने इसे प्रमुखता से मंगलवार के अंक में 'निजी नर्सिंग होम में टीका लगने के बाद दो नवजात की हालत गंभीर, एक की मृत्यु' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। सीएमओ ने इसका संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच बैठा दी है।

> बच्चों को जो टीका लगाया गया, उसकी जांच की जाएगी। कोल्ड चेन मेंटन किया गया था या नहीं, अस्पताल में टीका रखने की व्यवस्था क्या है? उसे बाल रोग विशेषज्ञ या प्रशिक्षित स्टाफ ने लगाया था या नहीं, टीका एक्सपायर तो नहीं था, इन बिंदुओं की जांच कर मृत्यु के कारणों का पता किया जाएगा। साथ ही सरकारी डाक्टर द्वारा अस्पताल या क्लीनिक संचालित करना भी गलत है। इस बिंदु पर भी जांच की जाएगी। दोषी मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी।
>
> डा. आशुतोष कुमार दूबे, सीएमओ



### टीका लगाने के बाद बिगड़ गई थी तबीयत, मेडिकल कालेज में कराया गया था भर्ती

# मुकदमा दर्ज होने पर नेपाल भागा शोहदा

**जासं, भटहट :** गांव में पोस्टर चिपकाने वाले शोहदे ने युवती के रिश्तेदारों के मोबाइल फोन पर आपत्तिजनक वीडियो व मैसेज भेजा था। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही वह घर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस को उसकी लोकेशन नेपाल में मिली है।

पिपराइच थाना पुलिस को दी तहरीर में युवती ने लिखा है कि हेमछापर गांव का रहने वाला अनिल उसके बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर परिचित और रिश्तेदारों के नंबर पर मैसेज भेज रहा था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा। इन सब के बीच उसने रविवार को अचानक अश्लील पोस्टर छपवा लिया और उसे गांव में चस्पा कर दिया। इतना ही नहीं कई लोगों को उसने पैम्फलेट भी बांटा है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**गांव में कोटेदार के घर काम करता था आरोपित:** युवती के गांव में कोटेदार के घर आरोपित अनिल सिंह काम करता था। वहां आते-जाते उसका मोबाइल नंबर लेकर आपत्तिजनक मैसेज भेजने के साथ ही बात करने का दबाव बनाने लगा। स्वजन की शिकायत पर कोटेदार ने उसे काम से हटा दिया। इसके बाद युवती को परेशान करने लगा।

# घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

टिकरिया : गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक किशोरी के पिता ने मंगलवार को तहरीर देकर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ने बताया कि आरोपित सुधिर उनके घर में घुस गया और कमरे में सो रही 17 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर जब तक सभी पहुंचे आरोपित फरार हो गया।



# कैथवलिया में दो अवैध हास्पिटल के संचालकों पर मुकदमा दर्ज

- **ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एएसपी की जांच में नहीं मिला था पंजीकरण का प्रमाण**
- **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच के प्रभारी की तहरीर पर हुई कार्रवाई**

**जासं. पिपराइच :** कैथवलिया में अवैध रूप से चल रहे दो हास्पिटल के संचालकों पर पिपराइच थाना पुलिस ने जालसाजी व मेडिकल काउंसिल एक्ट की धारा 15(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एएसपी ने दो दिन पहले छापा मारकर गड़बड़ी पकड़ी थी। सीएमओ के निर्देश पर सोमवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी पिपराइच ने आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच के प्रभारी डा.मनीष शेखर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि एक मार्च को कैथवलिया स्थित आयुष हास्पिटल व न्यू आयुष हास्पिटल की जांच की गई। दोनों हास्पिटल का पंजीकरण नहीं मिलने पर संचालकों को नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। चार मार्च को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर नेहा बंधु और एएसपी/सीओ चौरी चौरा मानुष पारीख के निरीक्षण में भी गड़बड़ी पकड़ी गई।

मौके पर मरीज मिले, लेकिन पंजीकरण नहीं मिला। थानाध्यक्ष पिपराइच सूरज सिंह ने बताया कि आयुष हास्पिटल के संचालक अक्षय सिंह और न्य आयुष हास्पिटल के संचालक विमलेश शर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# आटो सवार महिलाओं ने लूटा मंगलसूत्र, दो गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर:** खोराबार क्षेत्र की महिला से वनसप्ती के पास आटो सवार चार महिलाओं ने मंगलसूत्र लूट लिया। खोराबार थाना पुलिस ने चार अज्ञात महिलाओं पर लूट का मुकदमा दर्ज दो को गिरफ्तार कर लिया है।

जंगल रामगढ़ उर्फ चवंरी फुरसतपुर निवासी इंद्रावती देवी पत्नी हृदय नारायण सोमवार को करीब 11.30 बजे दिन में मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय गोरखपुर से आटो में बैठकर घर जा रही थी कि सूबाबाजार कस्बे में चार महिलाएं आटो में बैठ गईं तथा खोराबार क्षेत्र के वनसप्ती माता मंदिर तिराहे के पास इंद्रावती के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गईं। प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि लूट का मुकदमा दर्ज कर गोला के कोहरा बुजुर्ग निवासी लीला और आदिती को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।

# जमीन के नाम पर जालसाजी का केस

अमर उजाला ब्यूरो

**पिपराइच निवासी महिला की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने की कार्रवाई**

**खोराबार।** इलाके में जमीन के नाम पर जालसाजी करने के आरोपियों ने मारपीट की। पिपराइच के बिजरहा निवासी नीलम पत्नी मोहन की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर किया है।

जानकारी के मुताबिक, नीलम के पति मोहन ने 2019 में जमीन खरीदने के लिए शुभम जायसवाल को तीन लाख दिया था। शुभम ने ना तो जमीन दी और ना तो रुपये वापस किए। रुपये वापस मांगा तो शुभम ने उसे 20 दिसंबर 2020 को कुसम्ही बाजार स्थित केशव जायसवाल की दुकान पर बुलाया।

दुकान पर पहुंचते ही शुभम, केशव तथा 4 अज्ञात लोगों ने मोहन की बुरी तरह से पिटाई कर दी। जिससे उसका हाथ टूट गया। मोहन ने उस समय भय के कारण एक्सीडेंट में घायल होना बताया था।

जब सोशल मीडिया पर मारने पीटने का वीडियो वायरल हुआ तब पत्नी को जानकारी हुई और उसने खोराबार थाने पर शुभम जायसवाल, केशव जायसवाल एवं चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही।

# अपंजीकृत अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

**जासं, उरुवा बाजार** : क्षेत्र के निजी अस्पतालों पर विभाग की ओर से गंभीर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। आलम यह है कि विभाग नोटिस जारी करता है, बाद में हास्पिटल संचालित हो जाते हैं। उरुवा क्षेत्र में कई अवैध निजी अस्पताल, पैथोलाजी सेंटर, डाइग्नोस्टिक सेंटर, एक्सरे व अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं। गोला रोड पर स्थित एक हास्पिटल में 12 फरवरी को घटना के बाद प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डा. जेपी तिवारी क्षेत्र में टीम के साथ लगातार छापेमारी कर रहे हैं। डा.तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में जितने भी अनाधिकृत अपंजीकृत अस्पताल, पैथोलाजी चल रहे हैं सभी के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

# मां-बेटे पर किशोरी के अपहरण का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : खोराबार क्षेत्र में किराये पर रह रही किशोरी को चिलुआताल थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक व उसकी मां ने अगवा कर लिया है। किशोरी की मां ने दोनों के विरुद्ध साजिश के तहत अपहरण करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

बिहार के गोपालगंज जिले की रहने वाली महिला खोराबार क्षेत्र के एक गांव में किराये का कमरा लेकर बेटी के साथ रहती है।

महिला ने आरोप लगाया है कि चिलुआताल थाना क्षेत्र का एक युवक एवं अपने परिवार की मिलीभगत से उसकी 17 वर्षीय बेटी को 24 फरवरी की रात में भगा ले गया। मामले में खोराबार थाना पुलिस चिलुआताल के नरूद्दीन चक निवासी प्रेमनाथ चौहान उर्फ सोनू व उसकी मां की तलाश कर रही है।

# तरकुलहा मेला में मारपीट, दो भाइयों पर केस दर्ज

चौरीचौरा। थाना क्षेत्र के तरकुलहा मेले में चाट के रुपये को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने दो सगे भाइयों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के ही बेलवा खुर्द निवासी राजू चौरसिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शाम चाट खाने के बाद पैसे देने में सरवन व लड्डू आनाकानी कर रहे थे। रुपये मांगने पर दोनों भाइयों ने मारपीट कर हमें घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गहिरा निवासी सरवन निषाद व लड्डू निषाद के खिलाफ केस कर्ज किया है। ब्यूरो

# भू-माफिया के खिलाफ करें सख्ती सिखाएं करारा सबक : मुख्यमंत्री

## जनता दरबार में सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भू-माफिया पर सख्ती करें। करारा सबक सिखाएं।

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर भू-माफिया कब्जा न कर पाए। इसके लिए जरूरी है कि करारा कानूनी सबक सिखाया जाए। जमीन कब्जाने से संबंधित शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में आए लोगों को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का समाधान किया जाएगा। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दरबार में मुख्यमंत्री ने 500 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक कार्रवाई का भरोसा दिया। जनता दरबार में कुछ महिलाएं जमीन विवाद व कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने उनकी परेशानी सुनी और अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्रवाई करें कि कोई भी दबंग जमीन कब्जा करने की जुर्रत न कर पाए। जमीन के आपसी विवाद के मामलों में उन्होंने दोनों पक्षों के बीच पहले काउंसिलिंग करने फिर विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अपराध व भूमि विवाद संबंधी शिकायतों को लेकर आए लोगों से कहा कि घबराइए मत, सख्त कार्रवाई की जाएगी।



गोरखनाथ मंदिर परिसर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### तहसील राजस्व संबंधी विवाद जल्द निपटाएं

मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में राजस्व से संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन की पैमाइश और राजस्व संबंधी मामलों का तहसीलों में निस्तारण तेज किया जाए। जहां जरूरत पड़े पुलिस बल साथ लिया जाए। उन्होंने थानों और तहसीलों में समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान के प्रति अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरपूर मदद का भरोसा दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी बजट की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराकर शासन को भेजें। रकार इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने देगी।

### जब मुख्यमंत्री संग खेलने लगा मासूम

मुख्यमंत्री योगी बाल प्रेम के लिए भी विख्यात हैं। बच्चों के बीच प्रोटोकॉल किनारे कर उन्हें दुलारना, उपहार के साथ आशीर्वाद देना उन्हें खूब भाता है। बच्चे भी मुख्यमंत्री से घुलमिल जाते हैं। मंगलवार को जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते वक्त मुख्यमंत्री योगी की नजर एक महिला के साथ आए बच्चे पर पड़ गई। उन्होंने बच्चे को दुलारा तो वह खुश हो गया। इसके बाद मुख्यमंत्री और बालक एक दूसरे के साथ खेलने लगे। कुछ देर दुलारने के बाद मुख्यमंत्री ने बच्चे को चाकलेट दिया।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। झंगहा पुलिस ने मंगलवार को कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 20 लीटर शराब, 100 किग्रा लहन व अन्य सामान बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान झंगहा के रसूलपुर नंबर दो निवासी राधेश्याम निषाद के रूप में हुई। ब्यूरो

# आवास आयुक्त, एक्सईएन समेत छह पर मुकदमा दर्ज

## कोर्ट के आदेश पर विश्वास हनन के आरोप में की गई कारवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना में आवास आयुक्त, अधिशासी अभियंता समेत छह लोगों पर विश्वास का हनन करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

आरोप है कि पांच वर्ष पहले बैनामा हुए आवास पर अभी तक कब्जा नहीं मिला। अधिकारियों व कर्मचारियों ने निर्धारित शुल्क से ज्यादा रुपये लिए हैं। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, दाउदपुर निवासी देवी शरण त्रिपाठी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में

**बैनामा होने के बाद भी पांच वर्ष से मकान पर कब्जा न देने का मामला**

लिखा है कि 1987 में उन्होंने आवास विकास परिषद के विज्ञापन को देख अल्प आय वर्ग (एलआईजी) वाले आवास के लिए आवेदन किया। 1990 में उन्हें आवास का आवंटन हो गया। बाद में कर्मचारियों ने मकान का नंबर बदलकर उन्हें दुर्बल आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) का आवास आवंटित कर दिया।

न्यायालय के आदेश पर वर्ष 2017 में आवास विकास के अधिकारियों ने महादेव झारखंडी में अल्प आय वर्ग का आवास बैनामा किया। इसके लिए निर्धारित मूल्य से ज्यादा रुपये लिए गए। बैनामा होने के बाद वह पहुंचे तो देखा कि मौके पर खंडहरनुमा आवास है जिसके चारों तरफ चहारदीवारी है।

इसकी शिकायत उन्होंने आवास-विकास परिषद के आयुक्त अजय चौहान, अधिशासी अभियंता आवास विकास परिषद शाहपुर जेके कौशल, संपत्ति अधिकारी रामचंद्र, अवर अभियंता रजनीश श्रीवास्तव और कर्मचारियों को दी। यह लोग आवास पर कब्जा दिलाने का भरोसा देते रहे लेकिन पांच वर्ष बाद भी कुछ नहीं हुआ।

# गोबर फेंकने पर मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**बड़हलगंज।** क्षेत्र के मछरगांवा गांव में मंगलवार को गोबर फेंकने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम से दूसरा पक्ष उलझ गया। स्थिति गंभीर होने की जानकारी पर कोतवाली पुलिस मयफोर्स पहुंची और मामले को शांत कराते हुए आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस को दी तहरीर में बेचू यादव ने कहा कि बीती रात वह दरवाजे पर सो रहे थे। करीब 10:30 बजे गांव के कुछ लोगों ने उन पर गोबर फेंक दिया। जब उन्होंने प्रतिकार किया तो वे लोग मारपीट पर उतारू हो गए। जिसकी सूचना उन्होंने डायल 112 को दी। बताया जाता है कि मौके पर पहुंची पुलिस से भी आरोपी उलझ गए। ब्यूरो

# किशोरी से छेड़खानी मामले में केस दर्ज

**सरहरी।** गुलरिहा इलाके के एक गांव में किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आरोप है कि शुक्रवार की रात दो बजे आरोपी सुधीर घर में घुस गया और छेड़खानी किया। पुलिस मामले की जांच कर रही। ब्यूरो

# दो पक्षों में मारपीट, सात पर मुकदमा दर्ज

**सरदारनगर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के महुअवा बुजुर्ग में ताना मारने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर दोनों पक्षों से पुलिस सात लोगों पर केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। प्रथम पक्ष सीमा पत्नी विजय की तहरीर पर पुलिस ने सरपतिया, सुनील, रघुप्रसाद,माला पर मारपीट व धमकी देने और दूसरे पक्ष के बेबी पत्नी सुनील कुमार की तहरीर पर विजय, अमन, किशुन निषाद पर मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज कर लिया। ब्यूरो

# बहन के दोस्त ने भाई और मां को पीटा, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के बशारतपुर में बहन को दोस्त के साथ घूमने से मना करने पर मारपीट का मामला सामने आया है।

आरोप है कि युवक ने अपने दोस्तों संग मिलकर युवती के भाई और उसकी मां की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी गणेश, शिवा व सत्यम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के बशारतपुर में एक महिला किराए के मकान में रहती है तथा

### शाहपुर इलाके का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

पासपोर्ट ऑफिस के पास दुकान लगाती हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार को बेटी अपने दोस्त के साथ बाइक से मेरे दुकान पर आ रही थी। बेटा देखा और उसके साथ घूमने से मना किया।

इतने पर आरोपी युवक ने बेटे को मारपीट कर से सिर फोड़ दिया। बीच-बचाव करने मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# ऑटो में सवार महिला से मंगलसूत्र लूटने का मुकदमा दर्ज

**खोराबार (गोरखपुर)।** इलाके के वनस्पति माता मंदिर तिराहे पर ऑटो में सवार महिला से मंगलसूत्र लूट लिया गया। सोमवार को हुई घटना में पुलिस ने अज्ञात महिलाओं पर केस दर्ज किया है। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, जंगल रामगढ़ उर्फ चवरी टोला फुरसतपुर निवासी इंद्रावती ने तहरीर में लिखा है कि सोमवार को सुबह करीब 11.30 बजे मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज से ऑटो में बैठकर घर जा रही थीं। सुबा बाजार कस्बे में चार महिलाएं ऑटो में बैठ गईं। ऑटो जब वनस्पति माता मंदिर तिराहे पर पहुंची और इंद्रावती तथा चारों महिलाएं ऑटो से उतर गईं। महिलाओं ने इंद्रावती के गले से सोने का मंगलसूत्र खींच ली और फरार हो गईं।

# मां-बेटे पर किशोरी के अपहरण और साजिश का केस

**खोराबार (गोरखपुर)।** इलाके में किराए के मकान में रहने वाली किशोरी लापता हो गई। आरोप है कि चिलुआताल क्षेत्र के एक गांव का युवक अपनी मां के साथ मिलकर उसका अपहरण कर लिया।

पुलिस ने मां-बेटे पर बहला फुसला कर अपहरण करने और आपराधिक साजिश की धारा में केस दर्ज कर लिया।

### खोराबार में किराये के मकान में बेटी संग रहती है महिला

जानकारी के मुताबिक, बिहार गोपालगंज की महिला खोराबार क्षेत्र के एक गांव में किराए पर कमरा लेकर बेटी के साथ रहती है। महिला ने आरोप लगाया है कि युवक एवं उसके परिवार की मिलीभगत से उसकी 17 वर्षीय बेटी को 24 फरवरी की रात करीब दो बजे घर से बहलाफुसला कर भगा ले जाया गया।

इस मामले में खोराबार पुलिस ने चिलुआताल क्षेत्र नरूद्दीन चक वार्ड नंबर 10 मोहरीपुर निवासी प्रेमनाथ चौहान उर्फ सोनू एवं उसकी मां के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज कर लिया।

# न्यू आयुष हॉस्पिटल के संचालक समेत दो पर केस

## जांच में पंजीकरण नहीं मिला था, सीएचसी प्रभारी की तहरीर पर कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पिपराइच इलाके के कैथवलिया में अवैध तरीके से संचालित न्यू आयुष हॉस्पिटल के संचालक विमलेश शर्मा व अक्षय कुमार सिंह पर केस दर्ज कर लिया गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों को जालसाजी और मेडिकल एक्ट का आरोपी बनाया है।

पिपराइच के स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. मनीष शेखर ने तहरीर में लिखा है कि एक मार्च को अंपजीकृत न्यू आयूष हॉस्पिटल कैथवलिया की जांच की गई थी। पंजीकरण नहीं मिलने पर नोटिस भी दिया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## नवजात को टीका लगने से मौत मामले की जांच जिला प्रतिरक्षण अधिकारी करेंगे

गोरखपुर। करीम नगर चरगांवा के ग्रीनलैंड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में टीका लगने से हुई नवजात की मौत मामले में जांच शुरू हो गई है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नंदलाल कुशवाहा को जांच के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। गगहा के रहने वाले सौरभ कुमार राय ने रविवार को सात दिन के नवजात को ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगवाया था। आरोप है कि टीका लगने के कुछ ही देर बाद नवजात की तबीयत बिगड़ गई। परिजन एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लेकर गए, जहां पर बाल रोग विभाग में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। मामले में सीएमओ ने एक सप्ताह में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। वहीं, इस मामले में सौरभ ने चिलुआताल थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ब्यूरो

# बिजली का केबल जलने पर अज्ञात के खिलाफ केस

## कैंट पुलिस एसडीओ की तहरीर पर की कार्रवाई, जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट इलाके के मोहद्दीपुर के पास बिजली लाइन में आग लगने से सार्वजनिक नुकसान के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। एसडीओ जितेंद्र कुमार गुप्ता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

एसडीओ जितेंद्र ने तहरीर में लिखा है कि छह मार्च की सुबह पांच बजे आरकेबीके मोहद्दीपुर के पास 33 केवी विद्युत लाइन और 11 केवी विद्युत लाइन के केबल आग लगा दी गई, जिसके कारण राजस्व की क्षति हुई। साथ ही करीब 40 हजार उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी।

बिजली न होने से पीने के पानी तक की दिक्कत बढ़ गई थी। प्रभारी निरीक्षण कैंट शशि भूषण राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने मंगलवार को किशोरी के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान शाहपुर के मीर कॉलोनी निवासी मोहम्मद रफी के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक, एक महिला ने केस दर्ज कराया है कि आरोपी 25 फरवरी को उसकी पोती को लेकर फरार हो गया। पोती अपने साथ जेवर व कपड़े भी ले गई।

पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-03-2023

राष्ट्रीय सहारा 08/03/23

# 1848 स्थानों पर जली होलिका, होली आज

देवरिया (एसएनबी)। जिले में सोमवार एवं मंगलवार की रात कुल 1848 स्थानों पर होलिका जलाई गई। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक होली का पर्व गांव से शहर तक मनाया जा रहा है। बुधवार को रंगो की होली खेली जाएगी। इस बार की होली में मुंह पर पेंट एवं डार्क रंग पोतने में कमी दिखाई दे रही है। होली के परंपरागत गीत गाने वाले अधिकांश पुराने कलाकार इस दुनिया में अब नहीं रहे। इस वजह से कुछ ही स्थानों पर होली के परंपरागत गीत गाने की खबर है। कल सोमवार की पूरी रात भद्रा होने की वजह से जिले में मात्र 40 फीसदी गांव में ही होलिका जलाई गई। अन्य 60 फीसदी गांव में मंगलवार की रात 12:00 बजे के बाद होलिका जलाई गई। पूरे जिले में होली पर जमकर रंग खेलने का कार्य बुधवार को दिनभर होगा। होली के पर्व को सही ढंग से निपटाने के लिए जिला प्रशासन ने 49 मजिस्ट्रेट तैनात किया है। इन सेक्टर मजिस्ट्रेटों के अधीन थानों की पुलिस, चौकीदारों,होमगार्डो एवं पीएसी के जवानों को तैनात किया गया है। देवरिया शहर में होलिका जलाने का कार्यक्रम मंगलवार की रात ही खत्म हो गया। उधर देहाती इलाकों में ज्यादातर होलिका मंगलवार की आधी रात के बाद जलाई गई। होली के पर्व पर नगर पालिका परिषद देवरिया भोर में 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक जलापूर्ति कर रही है। बिजली विभाग के कर्मचारी भी लोकल फाल्ट को शीघ्र ठीक करने का कार्य कर रहे हैं। उधर महंगाई के चलते होली का पर्व कुछ फीका दिखाई दे रहा है। अधिकांश विभागों में संविदा पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को पैसा नहीं मिला है।



होलिका दहन करते लोग।

## 500 लीटर लहन पुलिस ने किया नष्ट

लार रोड। पुलिस टीम ने ईंट-भट्ठों पर छापेमारी लगभग 500 लीटर लहन को नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष मईल संदीप सिंह ने बताया कि जांच-पड़ताल व छापेमारी की गयी पांच सौ लीटर लहन नष्ट कराया गया।

## बिजली का तार ले जाने के मामले में मारपीट का केस

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के बरडीहा परशुराम के मंगरैचा टोला निवासी रजावती देवी पत्नी सुरेश चौहान की शिकायत पर पुलिस ने बरडीहा परशुराम मंगरैचा टोला निवासी उषा देवी पत्नी गिरधर चौहान, किसान चौहान पुत्र स्वर्गीय विजय चौहान, राज चौहान पुत्र जीवन चौहान और जीवन चौहान पुत्र छांगुर चौहान के विरुद्ध 323 व 506 के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

## एआरटीओ ने शहर में चलाया विशेष अभियान

देवरिया। एआरटीओ आशुतोष शुक्ला ने यातायात विभाग के साथ मिलकर शहर के सुभाष चौराहे पर विशेष अभियान चलाया । शराब पीकर सड़क पर चल रहे छह चालकों का चालान कर दिया। जिससे शहर में शराबियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीएसआई गुलाब सिंह, दरोगा राणा प्रताप सिंह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, प्रमोद कुमार शामिल है।

# चालक से 18 हजार रुपये लूटे, केस

देवरिया। कोल्ड ड्रिंक की सप्लाई देकर एलेंसी पर वापस आ रहे चालक को बदमाशों ने पिछले दिनों मारपीट कर रुपये लूट लिया था। चालक ने घटना की सूचना एजेंसी मालिक को दी।

भलुअनी थाना क्षेत्र के कस्बा के रहने वाले स्वतंत्र मद्धेशिया पुत्र द्वारिका प्रसाद मद्धेशिया ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसने कस्बे में गुप्ता एजेन्सी खोले हुए है। 4 मार्च को करायल शुक्ल से माल देकर वापस आ रहा था। परसिया निरंजन के समीप पुलिया के पास बाइक सवार तीन युवकों ने गाड़ी को ओवर टेक कर चालक आकाश को गाड़ी से नीचे उतार कर मारने पीटने लगे। सेल्समैन बीच बचाव करने गया तो हमलावरों ने उसे भी मारपीट कर बैग में रखा 18 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए।

**चार के विरुद्ध मारपीट व तोड़फोड़ का केस :** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के करमहां गांव के रहने वाले उमेश कुमार पुत्र स्व. विश्वनाथ की तहरीर पर गौरीबाजार पुलिस ने रविकान्त, मकसुदन, सुशील, शैलेष यादव पुत्रगण स्व. जितन यादव निवासी करमहां थाना गौरीबाजार के विरुद्ध और एसीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चार किशोरियां गायब अपहरण का केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के सदर कोतवाली, बरहज और एकौना थाना क्षेत्रों से चार किशोरिशें के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस ने दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी का 4 मार्च की सुबह दो युवकों ने अपहरण कर लिया।

पीड़ित की तहरीर पर अभिषेक यादव पुत्र रामबालक यादव और अजय गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी बड़हरा थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी 4 मार्च की शाम को चौराहे पर गई थी। जहां से कुछ अपहरणकर्ताओं ने उसका अपहरण कर लिया। किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बरहज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री को एक युवक 2 मार्च को अपहरण कर ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने करन बासफोर पुत्र गोबरी बासफोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एकौना थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि उसकी बेटी को एक युवक अपहरण कर लिया है। पीड़िता की तहरीर पर एकौना पुलिस ने सचिन पासवान पुत्र विरेन्द्र पासवान के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट में तीन पर केस

देवरिया। पुरानी रंजिश में हुए मारपीट के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। भीमपुर गांव की रहने वाली चन्दा यादव पुत्री परमहंस यादव ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर 22 फरवरी को गांव के कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर विरेन्द्र यादव पुत्र रामनरेश, रामनरेश पुत्र बंशराज, ममता देवी पत्नी महेन्द्र यादव के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है।

हि-दुस्तान दि० 08/03/23

# डीएम-एसपी ने दी होली की शुभकामनाएं



जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। होली सामाजिक सोहार्द का पर्व है। इसे शांति के साथ मिलजुल कर मनाएं। इस पर्व पर पुराने गिले शिकवे दूर करने की परंपरा है, इसे कायम रखते हुए अपने गिले शिकवे दूर करें। जनपद वासियों से अपील है कि सौहार्दपूर्ण ढंग से गरिमा के साथ होली मनाएं।

**जितेंद्र प्रताप सिंह, डीएम**



जिले के सभी निवासियों को होली की शुभकामनांए। जनपदवासी होली के त्योहार को मिल जुलकर मनाएं। जिले में शांति पूर्वक त्योहार को मनाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल को तैनात किया गया है। होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इसमें खलल डालने वालों पर सख्त कार्यवाई की जाएगी।

**संकल्प शर्मा, पुलिस अधीक्षक**

हि-दुस्तान दि० 08/03/23

# आर्केस्ट्रा में मारपीट करने वाले तीन लोगों पर केस

देवरिया। पड़ोसी के घर बारात आई थी, जिसमें आरकेस्ट्रा में गाने को लेकर मारपीट किया, मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। बनकटा थाना क्षेद्ध के बैदवली बुजुर्ग गांव के रहने वाले मनोज कुमार गुप्ता पुत्र विद्या गुप्ता ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मैं बैदवली बुजुर्ग गांव का ग्राम ग्राम प्रधान हूं। 5 मार्च 2023 को मेरे पट्टीदार के यहा बारात आई थी। जो मेरे दरवाजे पर रूकी थी। बारात के आरकेस्ट्रा प्रोग्राम चल रहा था। जिसे लेकर वहां कहासुनी हुई है। इसके बाद मनबढ़ युवकों से लाठी डंडे से हमला कर दिया।ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने मुहम्द पुत्र रजाक, अख्तर अंसारी व असलम पुत्रगण रज्जाक निवासी बैदवली बुजुर्ग थाना बनकटा के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

**मामले में मारपीट का केस दर्ज: लार।** लार थाना क्षेत्र के बरडीहा परशुराम के मंगरैचा टोला निवासी रजावती देवी पत्नी सुरेश चौहान ने लार पुलिस को तहरीर में बताया है कि वह बिजली का तार खिंचवा रही थी इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिसमें पुलिस ने बरडीहा परशुराम मंगरैचा टोला निवासी उषा देवी पत्नी गिरधर चौहान, किसान चौहान पुत्र स्व विजय चौहान, राज चौहान पुत्र जीवन चौहान और जीवन चौहान पुत्र छांगुर चौहान के विरुद्ध केस दर्ज किया।

# अस्पताल से लौट रहे युवक से छिनैती

**रामपुर कारखाना।** दोस्त की बहन को अस्पताल से देखकर घर आ रहे एक युवक से छिनैती हो गई। आरोपियों ने युवक के गले में पहनी सोने की चेन और दो हजार रुपए छीन लिए। नगर पंचायत रामपुर कारखाना के ठाकुर रामेश्वर वार्ड निवासी दुर्गेश जायसवाल पुत्र हरिशंकर जयसवाल अपने दोस्त अजय वर्मा की बहन को देखने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर गए थे। आरोप है कि देवरिया कसया मार्ग स्थित पुरुषोत्तमपुर पुल के आगे दो बाइक पर सवार आधा दर्जन लोगों ने उन्हें जबरन रोक लिया। आरोपियों ने दुर्गेश की पिटाई कर गले में पहनी सोने की चैन और जेब में रखा 2000 नगदी छीन लिया। इंस्पेक्टर राजेश पांडेय ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# सीसीटीवी का कैमरा तोड़कर सरिया चोरी

रामपुर कारखाना। सीसीटीवी का कैमरा तोड़कर चोरों ने दुकान के बाहर रखा सरिया चुरा लिया। सुबह जानकारी होने पर दुकानदार सकते में आ गया। चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। क्षेत्र के हरपुर कला गांव निवासी नजीर अंसारी की गोरया घाट चौराहे पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। उन्होंने दुकान के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरा लगवा रखा है। सोमवार की रात चोरों ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी के तीन कैमरे तोड़ दिए। चोरों ने कैमरा व दुकान के बाहर रखा छह बंडल सरिया चुरा लिया। संवाद

हिन्दुस्तान दि० 08.03.23

# सात अवैध शराब कारोबारी दबोचे

**देवरिया।** होली के त्यौहार को लेकर आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार को कई जगह दबिश देकर सात अवैध कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान टीम ने 188 लीटर कच्ची और सात हजार किग्रा लहन नष्ट किया।

डीओ अनिल कुमार भारती के निर्देश पर आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर अमेरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने क्षेत्र एक के पाण्डेपुर, मस्जिदिया व गौरीबाजार में छापेमारी किया। टीम के सदस्यों ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। क्षेत्र नम्बर दो सलेमपुर के इंस्पेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मेहरौना बार्डर पर कई स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में लहन व शराब के साथ एक को पकड़ा। क्षेत्र-3 बरहज के इंस्पेक्टर पंकज विवेक की टीम ने कुण्डौली में 3 लोगों को गिरफ्तार किया।

दैनिक जागरण गोरखपुर, 8 मार्च, 2023 देवरिया जागरण www.jagran.com

# ईओडब्ल्यू की विवेचना में लगे तीन साल

## आर्थिक अपराध शाखा की तरफ से वर्ष 2003 में दर्ज कराया गया था मुकदमा

जासं, देवरिया: फर्जी स्टांप पेपर बिक्री के मामले की विवेचना सीबीआइ जांच के चलते 16 वर्षों तक लटकी रही। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने वर्ष 2019 में इसकी विवेचना शुरू की। एक आरोपित को जेल भेजे जाने के बाद अब अन्य आरोपितों की भी जल्द गिरफ्तारी की तैयारी है। फिलहाल आरोपित ठीकेदारों व वेंडरों में खलबली मची है।

वर्ष 1999 से वर्ष 2001 के बीच फर्जी स्टांप पेपर बिक्री जिले में धड़ल्ले से हो रहा था। उस समय देश में तेलगी स्टांप घोटाला सुर्खियों में था। लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत व नगर पंचायतों में ठीकेदारों के फर्जी स्टांप पेपर प्रयोग के कारण जिला भी चर्चा में आ गया। वर्ष

**फर्जी स्टांप पेपर बिक्री का मामला**

**वर्ष 2019 में विवेचना हुई शुरू, अब एक आरोपित की गिरफ्तारी के साथ आई तेजी**

2003 में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व तत्कालीन एमएलसी महेंद्र यादव की शिकायत पर तत्कालीन कमिश्नर गोरखपुर ने समिति गठित कर जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। टीम ने करीब 450 स्टांप पेपरों को संबंधित विभागों से कब्जे में लेकर जांच के लिए हैदराबाद भेजा। जांच में करीब 50 लाख मूल्य के करीब 60 प्रतिशत स्टांप पेपर कूटरचित व फर्जी पाए गए। इस मामले में जिला प्रशासन व आर्थिक अपराध शाखा की तरफ से वर्ष 2003 में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए गए। हाईकोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन की तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमे की विवेचना सीबीआइ ने शुरू की। सीबीआइ की तरफ से विवेचना पूरी करते हुए चार्जशीट भी सीबीआइ न्यायालय लखनऊ में दाखिल कर दी गई है। जिसमें ट्रायल चल रहा है। जबकि आर्थिक अपराध शाखा वाराणसी की तरफ से दर्ज कराया गया मुकदमा 16 वर्ष तक लटका रहा। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह के मुताबिक, उन्होंने सीबीआइ न्यायालय से जानकारी जुटाई तो पता चला कि उनके विभाग की तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमे में हाईकोर्ट की तरफ से कोई आदेश नहीं मिला था। उन्होंने वर्ष 2019 में विवेचना शुरू की।

### फर्जी स्टांप पर फर्जी वेंडर की लगी थी मुहर

आर्थिक अपराध शाखा के विवेचक ने लार उपनगर के रहने वाले आरोपित ठीकेदार हरिशंकर प्रसाद समेत नौ नामजद व अन्य अज्ञात की खोजबीन शुरू की। पता चला कि एक ठीकेदार ने सूर्य नारायण लाल नाम के फर्जी वेंडर की मुहर लगाकर फर्जी स्टांप पेपर पर लगाया था। इस नाम का कोई स्टांप वेंडर जिले में नहीं मिला। जबकि एक ठीकेदार की मृत्यु हो गई है व एक आरोपित हरिशंकर प्रसाद गिरफ्तार हो चुका है। अभी छह से सात व्यक्तियों की गिरफ्तारी की तैयारी है।

www.jagran.com

# मंदिर से प्रतिमा हटाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

## ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर किया हंगामा, सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची

जासं, सलेमपुर, देवरिया: मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा व पूजा सामग्री हटाने के विरोध में ग्रामीणों ने हंगामा किया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में नायब तहसीलदार ने प्रतिमा को पुनः मंदिर में स्थापित कराकर मामला शांत कराया। पुलिस ने प्रतिमा हटाने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली थाना-क्षेत्र के मालीपुर गांव में खाद गड्ढा की सुरक्षित भूमि पर गांव वाले मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। मंदिर अभी पूरी तरह पूर्ण नहीं हुआ है, लेकिन मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा समेत अन्य सामान रखा गया था। तहसीलदार कोर्ट में बेदखली का वाद दाखिल किया गया। कोर्ट ने सुरक्षित भूमि से मंदिर हटाने का आदेश पारित किया है। मंदिर के बगल में गांव के ही एक व्यक्ति की भूमि है। उसने मंदिर की भूमि को अपना बताया। मंगलवार



मालीपुर गांव में ग्रामीणों को समझाते नायब तहसीलदार डा. भागीरथी सिंह • जागरण

की सुबह मंदिर में स्थापित प्रतिमा को हटा दिया। इसकी सूचना पाते ही गांव के लोग आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। गांव का माहौल गर्म होने की जानकारी किसी ने तहसीलदार व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार डा. भागीरथी सिंह, नवलपुर चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह महिला एसआइ मंजू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मंदिर से कुछ दूरी पर रखी गई प्रतिमा को तुरंत मंदिर में स्थापित कराकर मामले को शांत कराया। प्रतिमा हटाने के आरोपित विजय चौहान, उसकी पत्नी रीना देवी व चंदन चौहान को गिरफ्तार किया गया।

नायब तहसीलदार ने बताया कि तीनों के विरुद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की गई है।

### महिला समेत चार पर मुकदमा

जासं, लार: पुलिस ने मारपीट व धमकी समेत विभिन्न धाराओं में महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लार के सतोतर गांव के रहने वाले रमाकांत यादव ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि भीखम छपरा की रहने वाली अर्चना देवी ने दो लाख तीस हजार रुपये कर्ज लिया था, रुपये मांगने पर मेरे साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में पुलिस अर्चना देवी, अनुराग दुबे निवासी भेवली व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक को पीटा, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**देवरिया :** साइकिल सवार युवक की पिटाई मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली थानाक्षेत्र के बढ़या बुजुर्ग गांव के रहने वाले धीरज चौहान पुत्र अर्जुन चौहान सोमवार की दोपहर खोराराम चौराहे की तरफ से साइकिल से गए थे। तभी बाइक सवार ने ठोकर मार दी। आरोपितों ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए पिटाई की। पुलिस ने गौरीबाजार के बांकी गांव निवासी संजीव यादव, मंटू यादव, पवन यादव व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# चालक के विरुद्ध मुकदमा

**देवरिया :** सदर कोतवाली पुलिस ने सड़क दुर्घटना में युवक की मृत्यु मामले में अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। खुखुंदू थानाक्षेत्र के भैंसहा गांव के रहने वाले अजय कुशवाहा 27 फरवरी की रात करी 12.30 बजे कार से अपने गांव से देवरिया आ रहे थे। अभी वह सोनूघाट चौराहे के समीप पहुंचे थे कि पीछे से आ रही बोलेरो ने उनकी कार में ठोकर मार दी। कार के डिवाइडर से टकराने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी पूनम देवी की तहरीर पर कार्रवाई की। (जासं)

# युवती की पिटाई मामले में तीन नामजद

**देवरिया :** युवती की पिटाई मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली के भीमपुर गांव की रहने वाली चंदा देवी पुत्री परभन्स यादव को 23 फरवरी को पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने वीरेंद्र यादव पुत्र रामनरेश यादव, रामनरेश पुत्र वंशराज, ममता देवी पत्नी महेंद्र यादव के विरुद्ध कार्रवाई की है। (जासं)

# सरिया उठा ले गए चोर

**रामपुर कारखाना :** सीसी कैमरा तोड़ने के बाद चोरों ने दुकान के बाहर रखा सरिया चुरा लिया। इस मामले में दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है। रामपुर कारखाना के हरपुर कला के रहने वाले नजीर अंसारी की गोरयाघाट पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान हैं। सुरक्षा के लिहाज से उन्होंने सीसी कैमरा लगाया था। सोमवार की रात चोरों ने पहले उनके सीसी कैमरा को तोड़ दिया और फिर सरिया उठा ले गए। जब मंगलवार की सुबह वह सोकर उठे तो परेशान हो गए। सरिया की चोरी हो चुकी थी। सीसी कैमरे के फुटेज से एक संदिग्ध युवक की पहचान हुई है।



# चार सगे भाइयों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**जासं,गौरीबाजार:** करमहां में मैजिक वाहन चालक की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने सगे चार भाइयों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

गौरीबाजार थाना के करमहां के रहने वाले उमेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में रास्ते में खड़े आरोपितों ने पुरानी रंजिश को लेकर पिटाई कर दी। गाली देने से मना करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसके अलावा लाठी डंडा लेकर दरवाजे पर चढ़कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने इस मामले में गांव के रहने वाले रविकांत, मकसूदन, सुशील और शैलेष यादव पुत्र गण स्व.जीतन यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**युवक पर अपहरण का मुकदमा :रुद्रपुर:** क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक के विरुद्ध पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मामला एकौना थाना क्षेत्र के एक गांव का है। एकौना थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 22 फरवरी को सचिन पासवान मेरी किशोरी को लेकर फरार हो गया है। इसके पहले भी एक बार फरार हुआ था, उस मामले में भी मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# एसटीएफ के रडार पर पांच शिक्षक, हो सकती है कार्रवाई

- फर्जी कागजात के आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग में कराई है नियुक्ति
- एसटीएफ ने बीएसए से संदिग्ध शिक्षकों की मांगी जानकारी

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। प्रकरण की जांच कर रही एसटीएफ के रडार पर पांच संदिग्ध शिक्षक आ गए हैं। बीएसए से एसटीएफ ने कागजात मांगा है। जांच पूरी होते ही इनके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी।

जिले में 2121 परिषदीय विद्यालय हैं, जिसमें ढाई लाख छात्र पढ़ाई करते हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की हुई नियुक्ति में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। किसी के प्रमाण पत्र पर कोई नौकरी कर रहा है तो कोई अंक पत्र में अंक बढ़ाकर नौकरी रहा है। 2021 से इस प्रकरण की जांच एसटीएफ भी कर रही है, अभी तक जिले में फर्जी कागजात पर नौकरी कर रहे 70 शिक्षक बर्खास्त किए जा चुके हैं, अब पांच और शिक्षक एसटीएफ की रडार पर आ गया हैं। सूत्रों का कहना है कि उन शिक्षकों के कागजात संदिग्ध मिले हैं, एसटीएफ ने उनके कागजात समेत अन्य जानकारियां भी मांगी है। बीएसए हरिश्चंद नाथ ने बताया कि एसटीएफ ने कुछ शिक्षकों के बारे में जानकारी मांगी है। सूचना उपलब्ध करा दिया गया है।

## बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों को बंद करने का निर्देश

जासं, देवरिया: बरहज नगर में बिना मान्यता के संचालित हो रहे दो निजी विद्यालयों को डीआइओएस ने बंद करने का निर्देश दिया है। इसके बाद निजी विद्यालय संचालकों में खलबली मच गई है।

बरहज के पटेल नगर के रहने वाले मुकेश पटेल ने शिकायत की थी कि बरहज में बिना मान्यता के विद्यालय संचालित हो रहे हैं, उनके पास समुचित भवन भी नहीं है और अप्रशिक्षित शिक्षक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शिकायत को संज्ञान लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जांच कराई। जांच में प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने जो रिपोर्ट व मान्यता संबंधित कागजात दिए, वह वर्तमान में मान्य नहीं है और वह मान्यता पहले ही समाप्त हो चुकी है।

डीआइओएस ने बरहज के सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल बरहज व जीवन शैली कान्वेंट स्कूल बरहज को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि दोनों विद्यालयों की मान्यता 2017 में ही समाप्त हो गई है। दोनों विद्यालयों को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

दैनिक जागरण दि० 08/03/23

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले छह लोगों पर कार्रवाई

जासं, देवरिया: एआरटीओ के नेतृत्व में सोमवार की रात यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान छह लोग शराब की नशे में पकड़े गए। जिनके ऊपर दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में खलबली मची रही।



शराब पीने वालों की जांच करती पुलिस • जागरण

शराब पीकर आए दिन चालक वाहन चला रहे हैं। वाहन शराब की नशे में चलाने के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं और लोगों की जान भी जा रही है। होली के चलते इन दिनों शराब पीकर वाहन चलाने वालों की संख्या बढ़ गई है। रात को एआरटीओ आशुतोष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में यातायात प्रभारी गुलाब चंद सिंह, उप निरीक्षक राणा प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग की और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की मशीन से जांच की गई। जांच में छह लोग नशे में पाए गए। एआरटीओ ने बताया कि दो-दो हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

अमर उजाला दि० 8/03/23

# भाजपा नेता को धमकी देने में कुछ लोग हिरासत में

सलेमपुर। भाजपा बूथ अध्यक्ष को धमकी देने के मामले में एसओजी लगातार नगर में दबिश दे रही है। एसओजी ने कोतवाली पुलिस की मदद से मंगलवार की सुबह शातिर अपराधी के कुछ गुर्गों को हिरासत में लेकर कोतवाली में पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हंडुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। 28 फरवरी को अपराधी सतीश सिंह ने उन्हें फोन कर जमीन खाली करने के लिए कहा था। ऐसा नहीं करने पर उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। भाजपा बूथ अध्यक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आठ के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसमें कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता को जेल भेज दिया गया है। उसके बाद एसओजी अपराधी की काल डिटेल के आधार पर लगातार नगर में दबिश डालना शुरू कर दी। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि कॉल डिटेल के आधार पर नगर से मंगलवार की सुबह कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि०-08/03/23

# खाद के गड्ढे पर बने मंदिर से मूर्ति हटाई, तीन हिरासत में

सलेमपुर। मालीपुर गांव के दुर्गा मंदिर से मंगलवार को कुछ लोग मूर्ति हटाकर बाहर रख दिए। इसको लेकर गांव के प्रधान बलिराम चौहान ने पुलिस व तहसील प्रशासन को सूचना दी। नायब तहसीलदार व नवलपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। तीन लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मालीपुर गांव में ग्राम सभा की अराजी संख्या 94 पर खाद का गड्ढा है। इस पर दुर्गाजी का मंदिर बनाया गया है। गांव के कुछ लोग अपनी जमीन बताकर मंदिर से मूर्ति हटाकर बाहर रख दिए। प्रधान ने तहसील प्रशासन व पुलिस को जानकारी दी। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि तीन लोगों को शांतिभंग में चालान किया गया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-03-2023

# तीन इनामी बदमाश असलहे के साथ दबोचे

- अभियुक्तों में एक 25 हजार, दूसरे पर 15 हजार का इनाम है घोषित
- पुलिस टीम ने रोक कर इनसे पूछताछ करना चाहा तो भागने लगे

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पटहेरवा पुलिस ने फोरलेन स्थित महुअवा कांटा से सोमवार की शाम दो देशी तमंचा और लग्जरी कार के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अग्रिम कार्यवाई में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में एक 25 हजार जबकि दो के उपर 15 पंद्रह हजार का इनाम घोषित है।

पटहेरवा थाना परिसर में मंगलवार के दिन आयोजित प्रेस वार्ता में पटहेरवा प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि सोमवार की शाम पुलिस टीम में एसआई सुभाष, कां. विनोद यादव, रोहित यादव, जयहिंद यादव, अभिलाष यादव व संजय के साथ गस्त से लौटने के दौरान एक लग्जरी कार से महुअवा के पास बन्द पड़े पेट्रोल पंप के पास कुछ लोग योजना बनाते दिखाई दिए। सन्देह होने पर जब पुलिस टीम ने रोक कर इनसे पूछताछ करना चाहा तो ये भागने लगे। पुलिस ने इन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि यह अलग अलग थाने में वांक्षित इनामी अपराधी हैं। इनमें गुड्डू यादव निवासी छहू थाना तुर्कपट्टी के खिलाफ 25 हजार का इनाम घोषित था साथ ही हाटा, सेवरही, तुर्कपट्टी थानों में पशु क्रूरता, गोवध निवारण सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज है। साथ ही हाटा में इसके खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। दूसरा अभियुक्त गोलू उर्फ अमरजीत यादव निवासी बदुराव टोला बंतैल थाना चौरा खास के खिलाफ 15 हजार का इनाम घोषित है।

तीसरे अभियुक्त कुन्दन यादव निवासी बलडीहा थाना पटहेरवा के खिलाफ 15 हजार का इनाम घोषित है। इनके कब्जे से दो देशी तमंचा, 8 जिंदा कारतूस और एक लग्जरी कार बिना नंबर प्लेट का बरामद किया गया। चौबीस सौ रुपये व तीन एंड्रायड मोबाइल मिला है। इन पर आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



बुजुर्गों संग फूलों की खेलते बाएं से दूसरे डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल • जागरण

# बुजुर्गों संग डीएम-एसपी ने खेली फूलों की होली

- वृद्धाश्रम में पहुंचे अफसर तो नम हो गईं बुजुर्गों की आंख
- अफसरों ने बुजुर्गों को भेंट की मिठाइयां व वस्त्र

**जागरण संवाददाता,कसया:** कोरोना के कारण बीते तीन वर्ष से फीका पड़ा होली का पर्व इस बार झूम कर मनाया जा रहा है। पर्व से एक दिन पूर्व मंगलवार को डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल ने नगर के वृद्धाश्रम पहुंच कर वृद्धजनों संग फूलों की होली खेली। आला अफसरों का यह अपनत्व देख अपनों से तिरस्कृत वृद्धजनों की आंखें डबडबा गईं। स्नेह और सम्मान पाकर वह निहाल हो उठे। डीएम-एसपी ने वृद्धजनों के माथे पर अबीर, गुलाल लगाकर उन्हें शुभकामना दीं, तो वृद्धजनों ने भी उन्हें आशीर्वचन दिया।

अफसरों की तरफ से इनमें साड़ी, फल, गुजिया आदि भेंट की गई। डीएम ने कहा कि पर्व हमें शांति सद्भावना और एकता का संदेश देते हैं। इन्हें मिलजुल कर मनाने में ही आनंद है। एसपी ने कहा कि होली रंगों का पर्व है, लेकिन हमें शरीर के रंग से अधिक जीवन के रंग को और रंगीन करने पर ध्यान देना चाहिए। यह तभी संभव है जब सभी एकजुट होकर प्रगति की सोच रखें।

एडीएम देवीदयाल वर्मा, एसडीमए रत्निका श्रीवास्तव, न्यायिक एसडीएम पडरौना व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार मांधाता प्रताप सिंह, सीओ कुंदन सिंह, ईओ प्रेमशंकर गुप्त, राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि त्रिपाठी, ब्रजेश गौतम, वृद्धाश्रम प्रबंधक रज्जू रजा, विकास श्रीवास्तव, समर मद्धेशिया, शमशेर आदि उपस्थित रहे।

# डीएम, एसपी ने दी होली की शुभकामनाएं

**जासं, पडरौना :** डीएम रमेश रंजन व एसपी धवल जायसवाल ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं दी है। डीएम ने कहा है कि रंगों का यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश देता है। हम सब प्रेम, स्नेह से होली मनाएं। रासायनिक रंगों के स्थान पर हर्बल रंगों का प्रयोग करें। एसपी ने कहा है कि रंगों का यह त्योहार सभी के जीवन में उमंग व खुशियां लेकर आए। यह त्योहार हमें एक होने का संदेश देता है। एक-दूसरे से स्नेह रखें और त्योहार को मेल-मिलाप के साथ शांतिपूर्वक मनाएं।



डीएम रमेश रंजन



धवल जायसवाल।

# बिना नंबर की कार में सवार तीन इनामी गिरफ्तार

**जासं, पटहेरवा :** क्षेत्र के महुंअवा के समीप पटहेरवा पुलिस ने मंगलवार को बिना नंबर की कार में सवार तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो तमंचा तथा आठ कारतूस मिला। गिरफ्तार बदमाशों में एक पर 25 तथा दो पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित है। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय की टीम ने महुंअवा के पास फोरलेन पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस बीच तमकुही रोड की तरफ जा रही बिना नंबर की कार को रोक पुलिस ने तलाशी ली तो सवार तीन युवकों में दो के पास से एक-एक तमंचा तथा चार-चार कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान 25 हजार रुपये के इनामी गुड्डू यादव निवासी छहूं थाना तुर्कपट्टी तथा 15 हजार का इनामी गोलू उर्फ अमरजीत यादव निवासी बदुराव टोला बंतैल थाना चौराखास व 15 हजार का इनामी कुंदन यादव निवासी बल्डीहा थाना तुर्कपट्टी के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गड्डू यादव पर गैंगेस्टर सहित 11 मुक़दमें दर्ज है। जबकि गोलू पर तीन व कुंदन पर दो संगीन अपराध के मुक़दमे दर्ज हैं।



मलिन बस्ती में रंग, अबीर, पिचकारी देते भाजपा नेता सदाशिव मणि त्रिपाठी ● जागरण

# गरीब बच्चों में बांटी पिचकारी, रंग-गुलाल

**जासं, पडरौना:** होली का रंग मलीन बस्ती में भी फीका न रहे, गरीब बच्चे रंगों की खुशियों से दूर न रहें, इस सोच को लेकर समाज के कुछ लोग आगे आए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सदाशिव मणि त्रिपाठी ने नगर से सटे गांव बंधू छपरा की मलिन बस्ती में गरीब बच्चों में अबीर, गुलाल, पिचकारी आदि सामग्री बांटी तो बिस्किट-टाफी भी दिया। महिलाओं को भी कपड़े व अन्य सामान आदि दिए और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं। बताया कि होली बुराई पर अच्छा की जीत का प्रतीक है। सरकार गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है तो सामाजिक संस्थाओं व समाज के सक्षम लोगों का भी दायित्व है कि वे इनकी मदद के लिए आगे आएं। एक छोटी सी पहल से उनकी होली मन जाएगी तो मन को भी अच्छा लगेगा।

# अपराध रोकने के लिए बढ़ेगी महिला थाने की भूमिका

- थाना प्रभारी तथा महिला आरक्षियों की बढ़ी जिम्मेदारी
- एसपी ने पत्र जारी कर दिए निर्देश कहा, कराएं अनुपालन

**जागरण संवाददाता, पडरौना**: महिलाओं के साथ होने वाले अपराध की रोकथाम के लिए महिला थाना, परिवार परामर्श केंद्र तथा महिला हेल्प डेस्क को अब और भी क्रियाशील बनाया जाएगा। जिससे कि महिलाएं निर्भीक होकर अपनी समस्याएं बता सकें।

एसपी ने इस आशय का निर्देश जारी कर सभी सीओ व थानेदारों को इसके अनुपालन को कहा है। कहा है कि दुष्कर्म, एसिड अटैक तथा पाक्सो एक्ट के मुकदमे पंजीकृत होने पर संबंधित थानेदार इसकी सूचना तत्काल महिला थाना प्रभारी को देंगे। महिला थाना प्रभारी पीड़िता से संपर्क स्थापित कर हर संभव मदद करेंगी, ताकि उसका मनोबल बढ़ सके। वहीं नहीं पीड़िता का एफआइआर दर्ज कराने, चिकित्सा जांच, विवेचक के समक्ष बयान, न्यायालय में गवाही व सरकारी वित्तीय सहायता मुहैया कराने तक महिला पुलिस पीड़िता के संपर्क में रहेगी। इसी तरह मुकदमे में आरोप-पत्र दाखिल करने के बाद भी महिला थाना प्रभारी या नामित महिला आरक्षी पीड़िता व उसके स्वजन के संपर्क में रहकर पीड़िता की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में आवश्यक परामर्श देंगी। मुकदमों के ट्रायल के दौरान न्यायालय पैरोकार से बात करके पीड़िता के न्यायालय में बयान, पेशी के समय पीड़िता एवं उसके स्वजन को महिला थाने द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाएगी। महिला आरक्षी पीड़िता एवं उसके स्वजन के संपर्क में रहेगी। सहूलियत के लिए महिला थाने में तैनात आरक्षियों को सर्किलवार नामित कर पीड़िता के संपर्क में रहने तथा हर संभव मदद करने को भी कहा गया है। इसी तरह महिला आरक्षी थाने की एंटी रोमियो स्क्वाड के संपर्क में रह कर महिलाओं के साथ होने वाले अपराध पर अंकुश लगाने का कार्य करेंगीं। महिला हेल्प डेस्क को भी और सक्रिय किया गया है। पति-पत्नी के बीच विवाद को परिवार परामर्श केंद्र के द्वारा समाधान कराया जाएगा।

ऐसे मामले अब सीधे महिला थाने नहीं जाएंगे, जिन मामलों में सुलह समझौता की संभावना नहीं है और कार्रवाई आवश्यक है उन्हीं मामलों को महिला थाने भेजा जाएगा।

> "महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है। महिलाओं के साथ होने वाले अपराध की रोकथाम के लिए महिला थाने को और सक्रिय किया गया है। जिससे कि महिलाएं निर्भीक होकर अपनी समस्याएं बता सकें।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

# पति सहित पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

**जासं, लक्ष्मीपुर** : ग्राम पंचायत मानिक तालाब टोला भोतहा में रविवार की रात्रि एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में पुरंदरपुर पुलिस ने मृतका के पति विद्यासागर साहनी, ससुर श्रीनिवास साहनी, देवर विद्यमान साहनी, ननद विंध्यवासिनी व सास बहुता देवी पर दहेज उत्पीड़न सहित अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./08/2023
दि0 05.03.2023

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना
निम्नखिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा

# रूट मार्च कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का एहसास

**नेबुआ नौरंगिया।** नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न गांव में रूट मार्च निकाला। इसमें पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाने की अपील की। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहार लोगों के बीच कटुता को दूर करने के लिए आते हैं। इसलिए लोगों को आपसी मतभेद मिटाकर होली का त्योहार मनाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने थाना क्षेत्र के खैरी समेत अन्य सभी संवेदनशील गांवों में रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए शांति पूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की। इस दौरान मिंटू मिश्रा, मणिकांत मल्ल, अनिल मिश्रा, श्रवण, दिवाकर यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# हिमाचल में कुशीनगर के दो कामगारों समेत पांच की मौत

**सोलन/कुशीनगर।** कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर धर्मपुर के नजदीक सुक्की जोहड़ी में मंगलवार सुबह 9:30 बजे एक तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी चालक ने पैदल जा रहे नौ प्रवासी कामगारों को कुचल दिया। इनमें से पांच की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि चार घायल हो गए। मृतकों में दो कुशीनगर के हैं। घायलों में दो को पीजीआई चंडीगढ़ और दो को एमएमयू अस्पताल सोलन रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इनोवा चालक को गिरफ्तार कर लिया।

एएसपी सोलन अजय कुमार राणा ने बताया कि



मोतीलाल (फाइल फोटो)

## कालका-शिमला हाईवे पर इनोवा ने कुचला, चालक गिरफ्तार

कामगार सुक्की जोहड़ी में एक भवन में पीओपी और रंग-रोगन का कार्य करने जा रहे थे। इसी बीच टैक्सी इनोवा के चालक राजेश कुमार ने गाड़ी से नियंत्रण खोकर पैदल चल रहे कामगारों को कुचल दिया। हादसे में मोती लाल यादव इनर पट्टी कुशीनगर और सन्नी देवल निवासी बिंटोली कोईनी कुशीनगर के अलावा गुड्डू यादव, राजा शर्मा, निप्पू निशाद तीनों निवासी चंपारण, बिहार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महेश राजभर निवासी गाजिया तमकुहीराज, जिला कुशीनगर, आदित्य निवासी बैकुंठपुर कोठी जिला कुशीनगर, अर्जुन राजभर निवासी कुबेर स्थान जिला कुशीनगर और बाबू दीन निवासी पश्चिमी चंपारण घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री सखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हादसे के मृतकों के प्रति शोक व्यक्त किया है। संवाद

# युवक ने पुलिसकर्मियों से की हाथापाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मी पट्टी गांव में सोमवार की शाम नशे में धुत युवक दरोगा और सिपाहियों से भिड़ गया। दरोगा और सिपाही गांव में दो लोगों के बीच विवाद की सूचना पर पहुंचे थे।

आसपास के लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव की। आरोपी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, लोक सेवक के साथ बदसलूकी करने, वर्दी फाड़ने, जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करके पुलिस कार्रवाई में जुटी है। कुर्मी पट्टी गांव में सोमवार की शाम को क्रांति चौकी की पुलिस होलिका दहन स्थल पर पहुंची थी। तभी मोहल्ले में दो लोगों के बीच पुरानी रंजिश में झगड़ा हो गया। सूचना मिलने पर दरोगा देवेंद्र मिश्र अपने सहयोगी सिपाही के साथ मौके पर पहुंचे।

## दो लोगों के बीच विवाद की सूचना पर पहुंचे थे दरोगा और सिपाही

पुलिस ने दोनों पक्षों को डांटकर मामला शांत करा दिया। यह बात वहां मौजूद सिब्बन चौधरी को नागवार गुजरी। उसने पुलिसकर्मियों को अपशब्द कहना शुरू कर दिया। दरोगा ने मना किया तो वह उनसे भिड़ गया। दरोगा और सिपाही के साथ हाथापाई करने लगा। आसपास के लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने नशे में धुत सिब्बन को अलग किया। बाद में थाने से पहुंची पुलिस फोर्स सिब्बन को हिरासत में लेकर थाने चली गई। इस मामले में देर रात को दरोगा देवेंद्र मिश्र ने आरोपी सिब्बन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

इस संबंध में एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी युवक ने शराब पी रखी थी।

# पति सहित 10 पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

रामकोला। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरठा खोड़हा गांव की निवासी महिला ने अपने पति, सास-ससुर सहित दस लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रियंका ने बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में उनका मायका है। रामकोला थाने में तहरीर देकर प्रियंका ने बताया कि उनकी शादी बरठा खोड़हा गांव के निवासी दीनदयाल शर्मा से 09 दिसंबर, 2020 को हुई थी। शादी के कुछ दिन बात दो लाख रुपये नकद, चार पहिया वाहन, चेन और अंगूठी की मांग की जाने लगी। आरोप है कि उनकी सास, ससुर, पति, जेठ, जेठानी बार-बार प्रताड़ित करने लगी। पीटा जाता था।

उन लोगों के डर से अपने मायके गंभीरपुर चली गई। महिला का कहना है कि आरोपी कभी भी कोई अप्रिय घटना कर देते। संवाद

# तीन बदमाश गिरफ्तार

**पटहेरवा।** पुलिस ने तीन इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनमें दो पर 15-15 हजार तो एक पर 25 हजार का इनाम घोषित था। बदमाशों के पास से दो तमंचे, आठ कारतूस मिले हैं। एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि जिले के तुर्कपट्टी, छहूं निवासी गुड्डू यादव के खिलाफ विभिन्न मामले दर्ज हैं। उस पर 25 हजार का इनाम था। गुड्डू अपने दो साथियों चौराखास के बदुराव, बतेल निवासी गोलू उर्फ अमरजीत यादव और पटहेरवा क्षेत्र के ही बलडीहा के कुंदन यादव के साथ मिलकर पशु तस्करी सहित अन्य घटनाओं को अंजाम देता है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-03-2023

# मवेशियों को पकड़ पुलिस को सौंपा

निचलौल। भारत-नेपाल बॉर्डर से लगे गांव मिश्रौलिया में सोमवार की रात में पशु तस्कर चार भैंसों के साथ सिवान के रास्ते नेपाल ले जा रहा था। उसे मिश्रौलिया के ग्रामीणों ने पकड़ लिया और इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस चौकी बहुआर पर दी। मौके पर पहुंची चौकी की पुलिस ने चार भैंसों तथा पशु तस्कर को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर पकड़े गए शख्स ने अपना नाम मनीष पाल निवासी ग्राम अमडा उर्फ झुलनीपुर बताया।

# पर्व को लेकर नेपाल सीमा पर अलर्ट



सोनौली सीमा पर वाहनों की जांच करते एसएसबी जवान • जागरण

**जासं, सोनौली** : होली का पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें किसी तरह की खलल न पड़े इसलिए नेपाल से सटे सोनौली सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। पगडंडियों पर एसएसबी के जवानों ने दिन के साथ साथ रात्रि गश्त बढ़ा दी है। बार्डर पर सीसी कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। सीमा पार करने वाले वाहनों की सोनौली में सघन जांच की जा रही है।

एसएसबी 22 वीं बटालियन के इंस्पेक्टर जयंत गोश ने बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस के साथ जगह-जगह पेट्रोलिंग की जा रही है। एसएसबी व पुलिस ने संयुक्त पेट्रोलिंग कर लोगों से शांति पूर्वक होली मनाने की अपील की।

बागापार में होली मिलन समारोह में उपस्थित लोग • जागरण



होली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार • जागरण

- विभिन्न स्थानों पर हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन
- बेहतर समन्वय बनाने में मददगार होते हैं इस तरह के कार्यक्रम

**जागरण टीम, महराजगंज** : होली के एक दिन पूर्व ही तराई क्षेत्र होली के रंग में सराबोर हो गया। मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर आयोजित होली मिलन समारोह में खूब अबीर-गुलाल उड़े। लोगों ने एक-दूसरे से होली मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान पारंपरिक और होली गीतों का लोगों ने जमकर आनंद लिया।

जिला प्रशासन की ओर से जनपद के एक मैरेज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक कौस्तुभ सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने जमकर होली खेली। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन व मीडिया का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है। ऐसे कार्यक्रमों से दोनों के मध्य बेहतर संवाद व समन्वय में मदद मिलती है। इस दौरान उन्होंने होली गीत भी प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशासन, पुलिस व मीडिया इन तीनों को ही त्योहारों में काम करना पड़ता है। ऐसे में होली मिलन जैसे कार्यक्रम काम के दबाव को कम करते हैं। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि आगे भी इस आयोजन को जारी रखा जाएगा। जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी ने आभार ज्ञापित किया। इसीक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से जनता जूनियर हाईस्कूल बागापार में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि जिला प्रचारक ऋषि देव ने कहा कि युवा वर्ग अपनी बुराई और अहंकार को होली में दहन कर [illegible]

त्योहार को मिलजुलकर मनाएं। नगर प्रचारक वीरेंद्र ने सभी युवाओं को मिलजुलकर होली मनाने का संकल्प दिलाया। प्रबंधक जनता जूनियर हाई स्कूल, सूर्य प्रताप सिंह, उपेन्द्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, खंड कार्यवाह पनियरा जीवेश, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, मंडल प्रमुख धर्मेंद्र मौर्या, ग्राम प्रधान रमाकांत, राम संवारे यादव, सरदार राय, शिवेंद्र त्रिपाठी, दीनानाथ विश्वकर्मा, अवधूतेश्वर द्विवेदी, मयंक मणि त्रिपाठी, मानवेंद्र शुक्ला शुक्ला उपस्थित रहे। संचालन शिरोमणि दुबे ने किया। कोल्हुई संवाददाता के अनुसार एमपी मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने होली समारोह में एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। प्रधानाध्यापिका संध्या गुप्ता, डायरेक्टर डीएस अग्रहरि, आशीष कन्नौजिया, ए.शंकर राय, अवंतिका [illegible]

# पुलिस-एसएसबी ने सरहदी क्षेत्र में गश्त की

खनुआ। होली त्योहार को लेकर भारत-नेपाल के सरहदी क्षेत्र में पुलिस व एसएसबी की टीम ने गश्त किया। सोनौली कोतवाली की खनुआ चौकी पुलिस व एसएसबी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा का अहसास कराते हुए होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच भी की। इस मौके पर खनुआ चौकी प्रभारी गंगाराम यादव, चंद्र नारायण पांडेय, संतोष कुमार, मनीष यादव सहित एसएसबी व पुलिस के लोग मौजूद रहे।

# होली पर सेहत से सुरक्षा तक की विशेष तैयारी

## आज उड़ेगा अबीर-गुलाल, चहुंओर होगी रंगों की बरसात, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर

होली आई रे... अमर उजाला विशेष

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** होली पर्व बुधवार को है। त्योहार को धूमधाम से मनाने के लिए विशेष तैयारी हो चुकी है। प्रशासन की तरफ से सेहत से लेकर सुरक्षा तक विशेष इंतजाम किए गए हैं। संवेदशील स्थानों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। जिले में बिजली, पानी की समस्या न हो, इस पर पूरा ध्यान दिया गया है। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अवर अभियंताओं को सतर्क कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, महराजगंज शहर के 25 मोहल्लों में पानी एवं बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। जलकल में जनरेटर की व्यवस्था है। विद्युत उपकेंद्रों पर अवर अभियंता टीम के साथ सतर्क रहेंगे। नगर पालिका के सफाई कर्मियों की टीम शहर में भ्रमण करती रहेगी। शहर में चौराहे पर पानी की टैंकर उपलब्ध रहेगी।

जिले के फरेंदा, घुघली, सिसवा, चौक बाजार, निचलौल, सोनौली, बृजमनगंज, पनियरा नगर निकाय में भी प्रमुख स्थानों पर पानी की टैंकर उपलब्ध रहेगा। बुधवार को अबीर, गुलाल के साथ चहुंओर रंगों की बरसात होगी। हर किसी ने होली पर्व को बेहतर ढंग से मनाने के लिए विशेष तैयारी की है। शहर में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर, बृंदावन सोसाइटी में फूलों से होली खेली जाएगी।



नगर के एक लॉन में होली मिलन में डीएम को गुलाल लगाते एसपी। संवाद

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। कंट्रोल रूम में कर्मियों की ड्यूटी 24 घंटे लगा दी गई है। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। - **सत्येंद्र कुमार, जिलाधिकारी**

क्षेत्र में कहीं भी गड़बड़ी होने संबंधित थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी को सूचित करें। सभी पुलिस अधिकारियों को सीयूजी नंबर 24 घंटे में बने रहने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तैनात रहेगी। किसी भी हालात से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस हमेशा तैयार रहेगी। होली में प्रत्येक हलचल पर नजर रखी जाएगी। - **डॉ. कौस्तुभ**, पुलिस अधीक्षक

### समस्या हो तो इन नंबरों पर दें सूचना

महराजगंज। नगर पालिका परिषद महराजगंज में पानी व अन्य समस्याओं से संबंधित जानकारी के लिए वार्डवासी जलकल लिपिक के मोबाइल नंबर 9161885853 पर जानकारी दे सकते हैं। इसके साथ ही पालिका के नियंत्रण कक्ष के नंबर 1533 एवं सहायता केंद्र के नंबर 18001800101 पर भी काल कर जानकारी दे सकते हैं। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा ने दी। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से होली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष को सक्रिय करते हुए आठ-आठ घंटे के लिए तीन अधिकारियों को तैनात किया गया। बुधवार को सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक जिला युवा कल्याण अधिकारी, दो बजे से रात 10 बजे तक जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी तथा रात दस बजे से सुबह छह बजे तक जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को तैनात किया गया गया है। इस दौरान किसी प्रकार की जानकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी के मोबाइल नंबर 7398864787, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के नंबर 9670197696 तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मोबाइल नंबर 9670357853 पर दी जा सकती है। नियंत्रण कक्ष में निकाय, विद्युत विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। संवाद

### खूब उड़े गुलाल, कलाकारों ने गाए फाग



**सिसवा बाजार।** आले अब्बास नकवी उर्फ आरके पेंटर की स्मृति में सोमवार रात सिसवा रेलवे परिसर में सिसवा पत्रकार मंच की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायक बृजेश शर्मा ने गणेश वंदना से की। पूर्व प्रधान तेजप्रताप उर्फ सालेश्वर महाराज ने बरात के साथ पहुंचकर तिलक चढ़ाने की रस्म अदा की उसके बाद हास्य, व्यंग्य व हंसी ठिठोली के साथ माहौल को मस्ती से भर दिया। फरुआही के कलाकारों ने फाग गीत व जोगीरा के बीच अपनी कला से माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस बीच होली के गीतों पर हर कोई झूम उठा। गायक कलाकार उमेश जायसवाल, बृजेश शर्मा ने गायकी और हुड़दंग का जमकर समां बांधा। रोशन मद्धेशिया, पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल, अजय जायसवाल, मनोज राय, पंडित अवधेश चौबे, डॉ. पंकज तिवारी, ओए जोसफ, विवेक चौरसिया आदि मौजूद रहे। संवाद

### सभी डॉक्टरों को सतर्क रहने का निर्देश

जिले के 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। 56 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी की समुचित व्यवस्था रहेगी। आपातकाल में सभी डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी तैनाती स्थल पर ही रहेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीना वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इलाज की समुचित व्यवस्था की गई है।

### खुजली हो तो एंटी एलर्जिक का करें प्रयोग

महराजगंज। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. एके द्विवेदी ने बताया कि सर्वाधिक प्रयोग होने वाला लाल व हरा रंग आंखों के लिए बेहद हानिकारक है। पेंट व रंगों के प्रयोग से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे एलर्जी का खतरा ज्यादा रहता है। इसलिए रंग को ठंडे पानी से धोने के बाद एंटी एलर्जिक दवाइयों का प्रयोग करना चाहिए। हर्बल रंगों का उपयोग करना चाहिए। संवाद

# होली में खलल डालने पर होगी कार्रवाई

महराजगंज। होली व शब-ए-वारात पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने उपद्रव की आशंका में चिह्नित लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई का नकेल कसी है। सभी थानों की पुलिस 1952 ऐसे उग्र लोगों को चिह्नित की है, जिससे त्योहार में खलल पड़ सकता है।

नोटिस देने के बाद 83 मामले में करीब एक हजार लोगों के उपर पचास हजार रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक पाबंद किया गया है। अगर त्योहार के दौरान पाबंद लोगों का नाम विवाद में प्रमाणिक तौर पर सामने आएगा तो प्रशासन उनसे जुर्माना वसूलने के लिए फौरन रिकवरी की कार्रवाई शुरू करेगा। इतना ही नहीं जिन लोग जमानतदार बने हैं उनसे भी जुर्माना वसूल की जाएगी।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-03-2023

# पीआरवी कर्मचारियों की होली पर्व के दृष्टिगत कार्यशाला



कार्यशाला को संबोधित करते पुलिस आफिसर।

**बस्ती (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में यूपी-112 जनपद-बस्ती के पीआरवी के जवानों के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हेतु जिला प्रशिक्षण इकाई पुलिस लाइन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों की सभी पीआरवी के कुल 118 कर्मियों ने भाग लिया । कार्यशाला में प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी पीआरवी कर्मचारी साफ-सुथरी अच्छी वर्दी धारण करते हुए अपने-अपने पीआरवी वाहन की साफ-सफाई एवं अन्य उपकरणों की नित्य प्रति ठीक करते हुए, निर्धारित प्वाइन्ट पर श्यमान स्थान पर सतर्क रहें। आगामी त्यौहार होलिका दहन - होली एवं शब-ए-बारात के दृष्टिगत विशेष सावधानी एवं सतर्क रहने तथा कलर-पीड़ित से अच्छा व्यवहार करते हुए यूपी-112 की सेवाओं के बारे में आम जनमानस को जागरूक करने एवं कलर-पीड़ित को त्वरित सहायता पहुंचाने का कार्य करते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। उपरोक्त त्यौहार के दृष्टिगत किसी भी महत्वपूर्ण घटना पर उच्चाधिकारीगणों को अवगत कराने तथा घटना की गम्भीरता का आकलन करते हुए सम्बन्धित थाना-प्रभारी, कन्ट्रोल रुम को भी अवगत कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । उपरोक्त निर्देशों के साथ-साथ पीआरवी कर्मियों को रिस्पान्स टाइम, प्रीम्ट इवेंट, रांग एराइव, शस्त्रों के रख-रखाव, वाहन को साफ-सुथरा रखने तथा पीआरवी की संपत्ति की साफ-सफाई रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# गड्ढे में छिपा रखा था प्रतिबंधित मांस, पुलिस ने पकड़ा

## सनसनी



मंगलवार को प्रतिबंधित पशु का मांस मिलने की शिकायत पर मौके पर पहुंचे एसओ लालगंज और मांस को गड्ढे में दफन करते लोग। ● हिन्दुस्तान

**बनकटी (बस्ती) हिन्दुस्तान।** जिले के लालगंज थानांतर्गत रौतापार गांव में मंगलवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक शौचालय के गड्ढे में ताजा प्रतिबंधित मांस रखा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोवंश के अवशेष को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक को बुलाया और सेम्पुलिंग कराई। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान व अन्य की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा कायम कर लिया गया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

रौतापार गांव के बगल से गुजरी सरयू नहर के करीब दो दशक से व्यापारी उर्फ लंगड़ा का परिवार रहता चला आ रहा है। इनका मकान गांव से दूर और एकान्त में है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह बखरिया गांव के कुछ युवक सुबह टहलने के लिए निकले थे। गांव के दक्षिण स्थित कुंऐ के पास कुछ लोग दिखाई पड़े तो युवक वहां जा पहुंचे। लेकिन कोई नहीं मिला। इसी बीच इनकी नजर आसपास खून के छींटे पर पड़ गई। कुएं में झांककर देखा तो अंदर जानवर की अवशेष दिखाई पड़े। शक होने पर ये लोग नहर पर बसे लोगों के घर जाकर इसके बारे में पूछने लगे तो व्यापारी उर्फ लंगड़ा इन्हें अपशब्द कहने लगा। थोड़ी देर में बखरिया के पूर्व प्रधान राजकुमार मिश्रा पहुंच गए। इसके बाद व्यापारी उर्फ लंगड़ा के घर के बगल बने शौचालय के गड्ढे से ढक्कन हटाया गया तो सब अवाक रह गए। गड्ढे में ताजा कटा गोवंश का खून से लथपथ सिर, पैर व अन्य अवशेष मिले। पूर्व प्रधान ने तत्काल इसकी सूचना थाने पर दे दी। थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह के साथ एसआई बृजेन्द्र सिंह, राजेश गुप्ता, महेन्द्र कुमार पूरी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और गोवंश के अवशेष को कब्जे में ले लिया।

## मुकदमा दर्ज कर किया गया गिरफ्तार

पशु चिकित्सक को बुलाकर सेंपलिंग कराई गई। पूर्व प्रधान बखरिया राजकुमार मिश्रा, कौशल किशोर व रज्जन की तहरीर पर व्यापारी उर्फ लंगड़ा व उसके तीन अन्य परिवारीजनों के खिलाफ धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया और मौके से दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि नामजद आरोपी पर पहले से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और जेल भी जा चुका है। फरार आरोपितों की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

# मदद का आश्वासन दे कर नाबालिग से दुष्कर्म

**बस्ती (एसएनबी)।** भाई को जेल से छुड़ाने में मदद करने का आश्वासन देकर एक युवक अपने दोस्तो के साथ लड़की को बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा अश्लील वीडियों व फोटो को वायरल करने की धमकी दी गयी।

मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।मुण्डेरवा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक लड़की ने बताया कि भाई के जेल में बन्द होने के दौरान वह पैरवी के लिए बस्ती से खलीलाबाद तक जाती थी। इस दौरान उसकी मुलाकात दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया से हो गयी जो उसकी मदद करने का आश्वासन देकर धोखे से कुसौरा में अपने दोस्त के घर ले गया और धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसका वीडियों तथा फोटो बनाने के बाद लगातार धमकी देकर अपने दोस्त अलताफ, छोटेलाल चौरसिया व धीरज के साथ भी दुष्कर्म करने लगा। मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया पुत्र छोटेलाल चौरसिया निवासी बोदवल थाना मुण्डेरवा, अलताफ, धीरज पुत्र हरिहर निवासीगण बोदवल थाना मुण्डेरवा तथा छोटेलाल निवासी बोदवल थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 376डी, 323, 506 आईपीसी एवं 5/6 पोक्सो एक्ट 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# होलिका दहन के साथ रंगों का पर्व शुरू, होली आज

**बस्ती (एसएनबी)।** मंगलवार कोहोलिका दहन के साथ रंगों का पर्वहोली पूरेउत्साह के साथ शुरु हो गया। बुधवार को जहां परम्परागत रीति रिवाज के साथ होली का पर्व पूरे जनपद मेंहर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा तो वहीं होली के पर्व को फीका करनेवाले हुड़दंगियों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अबीर गुलाल से पूरा शहरपटा रहा।



होली पर सजी दुकानें व गश्त करती पुलिस।

होली का पर्व हर बार की तरह इस बार भी पूरे श्रद्धा व विश्वास व उत्साह के साथ जनपद में मनाया जाएगा। मंगलवार कोदेर रात्रि तक पूरे जिले में होलिका दहन का आयोजन किया गया। जिसके साथ बुराई परअच्छाई की जीत की प्रतीक केरूप में जैसे ही होलिका जली लोगों ने उत्साह के साथ इस पर्व को मनाना शुरू कर दिया। हर घरों में पकवान व मिठाईयां बनने का दौर मंगलवार से ही शुरू हो गया। बाजारों में अलग-अलग ब्रांड के पिचकारियों की जहां भरमारहै तो वहीं मोदी व योगी के पोस्टर से सजी टोपियां व टी शर्ट भी लोगो कोअपने तरफ आकर्षित कर रही है। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम कोलेकर मंगलवार से ही जगह-जगह हर नाकों पर पुलिस फोर्स तैनात की गयी थी। पुलिस के आला अधिकारी हर जगह सुरक्षा का जायजा लेते देखे गये। **होली के मद्देनजर पुलिस ने किया पैदल गश्त :** पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा त्यौहार केदृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया।पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव द्वारा त्यौहार होली व शबे-बारात को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा आपसी भाईचारा व शांति पूर्वक त्योहार मनाने की लोगो से अपील की गई। पैदल गश्त के दौरान होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एवं अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 24 घंटे के अन्दर पम्पिंगसेट चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)**। पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर पम्पिंग सेट व हैण्ड पम्प की चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती योगेश कुमार सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमलेश गौड़ व चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रमेश यादव मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 59/2023 धारा 379,411आईपीसी व 57/2023 धारा 379, 411आईपीसी थाना पुरानी बस्ती, 80/2023 धारा 379 आईपीसी थाना मुंडेरवा से संबंधित अभियुक्त अब्दुल कादिर पुत्र हबीबुल्लाह निवासी सोनहटी बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती को चोरी की एक अदद पम्पिंग सेट के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण अब्दुल कादिर पुत्र हबीबुल्लाह निवासी सोनहटी बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती शामिल है। पूछताछ मेंअभियुक्त द्वारा बताया गया कि रात्रि को मै और मेरे दो साथी के साथ मिलकर सोनहटी बुजुर्ग मे एक पम्पिंग सेट चोरी किया था जिसको हमलोग बेचने के लिए लेकर जा रहे थे कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया । तत्पश्चात पकड़ेगये अब्दुल कादिर से कड़ाई से पुछताछ किया गया तो बता रहा है कि मुन्डेरवा थाना क्षेत्र से 7 हैंड पाइप चोरी किये थे तथा रात्रि को हम तीनो लोग हड़िया ओवर ब्रीज के पास स्थित ट्रान्सफार्मर मे से तेल निकाले थे। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह थाना पुरानी बस्ती , वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमलेश गोंड थाना पुरानी बस्ती , उपनिरीक्षक रमेश यादव चौकी प्रभारी हड़िया थाना पुरानी बस्ती, हेड का. ओमप्रकाश यादव थाना पुरानी बस्ती , का. नितीश कुमार सिंह, का. अभिषेक कुमार, का. रवि कुमार निषाद थाना पुरानी बस्ती शामिल रहे।

# युवती से गैंगरेप के आरोप में चार नामजद






- मुंडेरवा पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा
- जेल में बंद भाई की पैरवी के लिए दौरान आरोपी युवक से हुई थी दोस्ती

बस्ती, निज संवाददाता। जिले की मुंडेरवा पुलिस ने किशोरी संग गैंगरेप के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि गैंगरेप की घटना गत चार मार्च शाम की बताई गई है। तहरीर के आधार पर एफआईआर कायम कर पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। प्रकरण की विवेचना सीओ रुधौली प्रीति खरवार स्तर से की जा रही है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बीस वर्षीय पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि खलीलाबाद में एक घटना के आरोप में उसका भाई बस्ती जेल में बंद था। उस समय वह करीब पंद्रह साल की थी। भाई के मुकदमे की पैरवी के लिए उसे बस्ती से खलीलाबाद जाना पड़ता था। पैरवी के दौरान ही उसकी मुलाकात मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया से हो गई। उसने मदद का भरोसा दिया। आरोप है कि धोखा देकर दीपक उसे कलवारी थाने के कुसौरा में रहने वाले अपने दोस्त के घर ले गया। यहां उसके साथ बलात्कार किया। विरोध करने पर धमकाया। इसी दौरान उसकी अश्लील फोटो भी खींच ली। इसके बाद फोटो को सार्वजानिक कर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और कई बार बलात्कार किया। बाद में शादी करने का झांसा देता रहा। आरोपी दीपक गोवा में टाइल्स लगाने का काम करता था। कुछ दिन पूर्व पीड़िता भी उसके पास गोवा गई थी। पीड़िता का आरोप है कि गोवा से उसे छोड़ने के लिए दीपक के पिता के साथ उसके दो दोस्त अलताफ और धीरज बस्ती आए थे। बस्ती आने पर मुंडेरवा थाना क्षेत्र स्थित घर छोड़ने जाते वक्त चार मार्च को एक सुनसान स्थान पर ले जाकर इन लोगों ने उसके साथ रेप किया गया। थाना प्रभारी मुंडेरवा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया के अलावा अलताफ, धीरज और छोटेलाल चौरसिया के खिलाफ 376डी, 323, 506, 5/6 पोक्सो एक्ट व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

# चार पर दलित एक्ट का मुकदमा दर्ज

पैकोलिया। दिवाकरपुर गांव निवासी चंद्र प्रकाश ने पुलिस को दिऐ तहरीर में आरोप लगाया है कि 28 फरवरी को साफ-सफाई करा रह थे। उसी दौरान मुकुंदपुर गांव निवासी जीत बहादुर, दुर्गेश, आकाश, विकास आये और जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पैकोलिया पुलिस ने मारपीट एवं दलित उत्पीड़न में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### त्रिपाठी गली में सफाई के दौरान कहासुनी के बाद हुआ विवाद

# पिटाई से नाराज कर्मियों ने किया कोतवाली का घेराव

**प्रदर्शन**

- कार्रवाई की मांग को लेकर नपाकर्मियों ने कोतवाली में धरना दिया
- गांधीनगर मोहल्ले में लोगों पर कर्मचारी को पीटने का आरोप



सफाई नायक की पिटाई से नाराज कर्मी कोतवाली में नारेबाजी करते हुए। • हिन्दुस्तान

**बस्ती, निज संवाददाता।** नगर पालिका क्षेत्र के गांधीनगर के त्रिपाठी गली में मंगलवार को सफाई के दौरान नपा कर्मी व मोहल्ले के कुछ लोगों में कहासुनी हो गई। इसी बीच सफाई कार्य देख रहे सफाई नायक से हाथापाई करने लगे। पिटाई से नाराज नपा कर्मी कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली का घेराव करते हुए धरना-प्रदर्शन किए।

सफाई नायक व नगर विकास कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मो. वसीम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि कर्मियों के साथ सुबह नौ बजे गांधीनगर क्षेत्र के त्रिपाठी गली में सफाई करवा रहे थे। इसी बीच मोहल्ले के विजय, विक्की व दो अन्य लोग गाली-गलौज करते हुए एकजुट होकर मारने लगे। आंख में चोट लगी है। बताया कि ये सभी मनबढ़ किस्म के लोग हैं, आए दिन विवाद करते हैं। इससे कर्मियों में भय बना रहता है। कोतवाल से तत्काल गिरफ्तारी करते हुए कार्रवाई की मांग की गई। कार्रवाई न होने से नाराज सभी सफाई कर्मी व सभी नायक व संगठन से जुड़े पदाधिकारी कोतवाली पहुंच गए। पुलिस की सुस्ती देख कर्मियों का गुस्सा और भड़क गया। गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई की बजाए उल्टे कर्मियों पर कार्रवाई की धमकी दिया जा रही है। प्रदर्शन से शहर में सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। मो. वसीम ने कहा कि कार्रवाई होने तक कोतवाली में डटे रहेंगे।

# अप्रैल माह में निकाय चुनाव कराने को लेकर तैयारी शुरू

बस्ती, निज संवाददाता। निर्वाचन आयोग की ओर से नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां जिले में शुरू कर दी गई हैं। शुक्रवार से मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का अभियान शुरू होगा। एक अप्रैल को फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। निकाय चुनाव में सीटों का आरक्षण ट्रिपल टेस्ट के आधार पर करने का प्रावधान शामिल किया जाएगा। ऐसा होने पर निकाय चेयरमैन और वार्डों की सीटों का आरक्षण पूरी तरह से बदल जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2010 में ट्रिपल टेस्ट के आधार पर सीटों के आरक्षण की व्यवस्था दी थी। उत्तर प्रदेश में इसके बाद वर्ष 2012 और 2017 में पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही निकाय चुनाव हुए थे। अब ट्रिपल टेस्ट की व्यवस्था को अधिनियम में शामिल करने की तैयारी चल रही है। इसके लागू होने पर पूर्व में जारी आरक्षण को शून्य मान लिया जाएगा। उधर उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पिछड़ों की हिस्सेदारी तय की जाएगी।

# अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

कप्तानगंज। थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि होली के मद्देनजर क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोमवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर रिश्तेदारी में आए में आए एक शातिर युवक को एसआई जावेद खान, कां. काशी प्रसाद, का. एसपी चौहान और राकेश पासवान ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल और एक खोखा बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान चंद्र प्रकाश चौधरी निवासी पठानपुर थाना कलवारी के रूप में हुई।

# नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी

बस्ती। पिकौरा बक्स निवासी अशोक श्रीवास्तव का आरोप है कि इसी थाने के सोनहटी बुजुर्ग निवासी रमेश चंद्र ने नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे 50 हजार 500 रुपया ले लिया। नौकरी भी नहीं दिलाई। वहीं वाल्टरगंज में तहरीर देकर भुजैनिया आमा निवासी सुभाष चंद्र ने बताया है कि ऑनलाइन फ्राड करके अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से 89 हजार 100 रुपया निकाल लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुकान से मिला 50 लाख का नशीला पाउडर

बस्ती। जिले के पैकोलिया पुलिस ने थानाक्षेत्र के धर्मदासपुर चौराहे के पास एक चाय की दुकान से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है।

थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर चौराहे के पास एक चाय की दुकान पर कुछ नशीला पदार्थ रखा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दुकान की तलाशी ली तो वहां रखे फ्रिज के नीचे पालिथीन में सफेद व हल्का गुलाबी रंग का नशीला पदार्थ बरामद हुआ। नौ प्लास्टिक की पुड़िया में सफेद रंग का नशीला पाउडर,



चाय की दुकान में नशीला पदार्थ रखने वाले व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा।

जिसका वजन कुल 155.24 ग्राम और संभावित कीमत लगभग 40 लाख रुपये जबकि 11 प्लास्टिक की पुड़िया में हल्के गुलाबी रंग का मादक पदार्थ जिसका वजन 186.77 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत 10 लाख है, बरामद किया गया है। इसके अलावा एक तेलगू भाषा का पुराना समाचार पत्र भी बरामद किया गया है। मादक पदार्थ इसी में लपेटा गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की पहचान मेथाक्यूलिन (सफेद) तथा एम्पैथोमाइन्स (हल्का गुलाबी) के रूप में हुई। इसे नशे के रूप में प्रयोग किया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित दुकानदार से पूछताछ की जा रही है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दुकानदार संजय वर्मा निवासी चतरा पैकोलिया ने पूछताछ में बताया कि यह नशीला पाउडर एक आदमी दक्षिण भारत से लाकर उसको देता है। पुलिस जांच कर रही है।

# 50 लाख रुपये कीमत का मादक पदार्थ बरामद

## पैकोलिया थाने के धर्मदासपुर चौराहे के पास दुकान से हुई बरामदगी, एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बभनान, बस्ती:** पैकोलिया पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। थानाक्षेत्र के धर्मदासपुर चौराहे के पास एक चाय की दुकान से पैकोलिया पुलिस ने भारी मात्रा अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है।

थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के धर्मदासपुर चौराहे के पास एक चाय की दुकान पर कुछ नशीला पदार्थ रखा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दुकान की तलाशी ली तो वहां रखे फ्रिज के नीचे पालिथीन में सफेद व हल्का गुलाबी रंग का नशीला पदार्थ बरामद हुआ। नौ प्लास्टिक की पुड़िया में सफेद रंग का नशीला पाउडर, जिसका वजन कुल 155.24 ग्राम



पैकोलिया थाने में आरोपित के साथ पुलिसकर्मी • सौ. पुलिस विभाग

और संभावित कीमत लगभग 40 लाख रुपये, जबकि 11 प्लास्टिक की पुड़िया में हल्के गुलाबी रंग का मादक पदार्थ, जिसका वजन 186.77 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत 10 लाख है, बरामद किया गया है। इसके अलावा एक तेलगू भाषा का पुराना समाचार पत्र भी बरामद किया गया है। मादक पदार्थ इसी में लपेटा गया था।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद मादक पदर्थ की पहचान मेथाक्यूलिन (सफेद) तथा एम्पैथोमाइन्स (हल्का गुलाबी) के रूप में हुई। इसे नशे के रूप में प्रयोग किया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित दुकानदार से पूछताछ की जा रही है। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दुकानदार संजय वर्मा निवासी चतरा थाना पैकोलिया ने पूछताछ में बताया कि यह नशीला पाउडर एक आदमी दक्षिण भारत से लाकर उसको देता है। इसके बदले में वह रुपया ले जाता है। कहा कि उसकी भाषा को वह अच्छी तरह नहीं समझ पाता, जिसके चलते वह उसका नाम व पता बताने में असमर्थ है।

# पिटाई से क्षुब्ध सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

## पिटाई करने वालों पर शांतिभंग की आशंका में हुई कार्रवाई

- अधिशासी अधिकारी ने कोतवाल को लिखा पत्र
- पहुंचे कोतवाली, जताया विरोध मारपीट का लगाया आरोप



कोतवाली पर विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मी ●जागरण

**जासं, बस्ती:** कोतवाली क्षेत्र के पिकौरा बक्श वार्ड में मंगलवार की सुबह कुछ लोगों द्वारा साथी कर्मचारी की पिटाई से क्षुब्ध सफाईकर्मियों ने कोतवाली पर पहुंचकर विरोध जताया। वे आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। सफाईकर्मियों ने सफाई कार्य ठप करने की चेतावनी दी। ऐसे में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने कोतवाल को पत्र लिख कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और मामले में कार्रवाई का अनुरोध किया।

नगर पालिका बस्ती के सफाई नायक वसीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र पिकौरा बक्श वार्ड में साईं मंदिर के पास साफ-सफाई करा रहे थे। इसी बीच विजय निवासी सुदर्शन कालोनी गांधीनगर बस्ती ने कार्य को लेकर अपशब्द कहा। इसका जब विरोध किया तो विजय द्वारा अपने भाईयों विक्की एवं रिक्की को बुलाकर उन्हें मारापीटा गया। इससे नगर पालिका के कर्मचारियों फील्ड स्टाफ में भय व्याप्त हो गया। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि पीड़ित सफाईकर्मी अपने साथियों के साथ कोतवाली आए थे। पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है।

# पंपिंग सेट की चोरी के मामले में वांछित गिरफ्तार

**जासं, बस्ती:** पुरानी बस्ती पुलिस ने पंपिंग सेट व हैंड पंप की चोरी के मामले में वांछित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती योगेश कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमलेश गौड़ व उपनिरीक्षक रमेश यादव की टीम ने मंगलवार को सुबह 9.30 बजे चोरी के दो मामलों में वांछित अब्दुल कादिर निवासी सोनहटी बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती को चोरी के एक पंपिंग सेट के साथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसने और उसके दो साथियों ने मिलकर तीन मार्च की रात को सोनहटी बुजुर्ग गांव में एक पंपिंग सेट चोरी किया था। आरोपित ने मुंडेरवा थाना क्षेत्र से सात हैंड पाइप भी चोरी किए जाने की बात स्वीकार की है। इतना ही नहीं 14 फरवरी की रात हड़िया ओवरब्रिज के पास स्थित ट्रांसफार्मर में से तेल निकालने की बात भी कबूली। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध पुरानी बस्ती थाने में दो और मुंडेरवा थाने में एक चोरी का मुकदमा पहले से दर्ज था।

# दुष्कर्म के आरोप में चार पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** मुंडेरवा पुलिस ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। प्रकरण की विवेचना सीओ रुधौली प्रीति खरवार को सौंपी गई है।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई जेल में बंद था, उस समय उसकी उम्र करीब 15 वर्ष थी। भाई के मुकदमे की पैरवी के लिए उसे बस्ती से खलीलाबाद जाना पड़ता था। पैरवी के दौरान ही उसकी मुलाकात मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया से हो गई। उसने उसे मदद का भरोसा दिया। आरोप है कि धोखा देकर दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया उसे कलवारी थाने के कुसौरा में रहने वाले अपने दोस्त के घर ले गया। यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। इसी दौरान उसकी आपत्तिजनक फोटो भी खींच ली। इसके बाद फोटो को सार्वजनिक कर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया।

आरोप है कि कई बार उसने अपने दोस्तों के साथ भी बलात्कार किया। बाद में शादी करने का झांसा देता रहा। आरोपी दीपक गोवा में टाइल्स लगाने का काम करता था। कुछ दिन पूर्व पीड़िता भी उसके पास गोवा गई थी। पीड़िता का आरोप है कि गोवा से उसे छोड़ने के लिए दीपक के पिता के साथ उसके दो दोस्त अलताफ और धीरज बस्ती आए थे।

बस्ती आने पर मुंडेरवा थाना क्षेत्र स्थित घर छोड़ने के लिए जाते समय चार मार्च को एक सुनसान स्थान पर ले जाकर इन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही ने बताया कि तहरीर के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म, जानमाल की धमकी, पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

शाम को मुंडेरवा पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही और टीम ने दुष्कर्म के आरोपित दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया निवासी बोदवल को थाना क्षेत्र के किठूरी रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है।

## बकरी चराने गई किशोरी के साथ छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** छावनी पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र की रहने वाली 15 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह मार्च को वह बकरी चराने के लिए सड़क किनारे गड्ढे के पास गई थी। इसी दौरान विपक्षी वीरू सिंह वहां आ गया। उसने उनके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर जातिसूचक व अपशब्दों का प्रयोग किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# शौचालय के गड्ढे में मिला प्रतिबंधित मांस

**जासं, वाल्टरगंज, बस्ती:** लालगंज थानाक्षेत्र के रौतापार गांव में मंगलवार को एक शौचालय के गड्ढे से पुलिस ने प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पशु चिकित्सक को बुलाकर इसकी सैंपलिंग कराई गई है। मामले में लालगंज पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रौतापार गांव के बगल सरयू नहर के करीब दो दशक से व्यापारी उर्फ लंगड़ा नामक व्यक्ति का परिवार रह रहा है। इसका मकान गांव से दूर और एकांत में है। मंगलवार की सुबह बखरिया गांव के कुछ युवक टहलने के लिए निकले थे। गांव के दक्षिण स्थित कुएं के पास उन्हें कुछ लोग दिखाई पड़े तो युवक वहां जा पहुंचे, लेकिन तब तक वहां से लोग निकल चुके थे। इसी बीच युवकों की नजर आसपास खून के छींटे पर पड़ गई। कुएं में झांककर देखा तो अंदर जानवर के अवशेष दिखाई पड़े। शक होने पर युवक नहर के पास बसे व्यापारी उर्फ लंगड़ा से पूछताछ की



लालगंज थाना क्षेत्र के रौतापार गांव में शौचालय के गड्ढे में छिपाकर रखे प्रतिबंधित मांस को निकालते पशुपालन विभाग के कर्मचारी ●जागरण

तो उसने उन्हें अपशब्द कहना शुरू कर दिया। व्यापारी उर्फ लंगड़ा के घर के बगल बने शौचालय के गड्ढे से ढक्कन हटाया गया तो गड्ढे में ताजा कटे गोवंश का खून से लथपथ सिर, पैर व अन्य अवशेष मिले। पूर्व प्रधान ने तत्काल इसकी सूचना थाने पर दे दी। थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह के साथ एसआइ बृजेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, महेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंच कर गोवंश के अवशेष को कब्जे में ले लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पशु चिकित्सक को बुलाकर सैंपलिंग कराई गई है। पूर्व प्रधान बखरिया राजकुमार मिश्रा, कौशल किशोर व रंजन की तहरीर पर व्यापारी उर्फ लंगड़ा व उसके तीन अन्य परिवारीजनों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मौके से दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।

# पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



कप्तानगंज पुलिस की गिरफ्त में आरोपित युवक ●जागरण

**जागरण संवाददाता, गौरा, बस्ती:** कप्तानगंज पुलिस ने सोमवार की शाम को एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध 32 बोर का पिस्टल व एक कारतूस बरामद किया है। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि सूचना के आधार पर थानाक्षेत्र के पगार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से युवक को गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किया गया है। युवक की पहचान चंद्रप्रकाश चौधरी निवासी पठानपुर थाना कलवारी के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध पहले से ही कलवारी व पुरानी बस्ती थाने में दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** कलवारी पुलिस ने एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि उपनिरीक्षक संजय कुमार और उनकी टीम ने सोमवार की देर रात शिव चौराहे से रानीपुर गांव के मोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। उसकी पहचान सादिक अली पुत्र बरकत अली निवासी मोहम्मदपुर थाना कलवारी के रूप में हुई।

## नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, मामले में मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पिकौरा बक्श मोहल्ला निवासी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाने के सोनहटी बुजुर्ग निवासी रमेश चंद्र कन्नौजिया ने नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे 50,500 रुपया ले लिया और नौकरी भी नहीं दिलाई। वहीं वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर भुजैनिया आमा निवासी सुभाष चंद्र ने बताया है कि आनलाइन फ्राड करके एक व्यक्ति ने उनके खाते से 89,100 रुपया निकाल लिया।

दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# रौतापार में पशु मारने की सूचना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी** । लालगंज थानाक्षेत्र के रौतापार गांव के पूरब सीवान में पशु को मारने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर के पास स्थित एक फूस के मकान के पास शौचालय से पशु के सिर व अन्य अवशेष कब्जे में लिए हैं।

पशुधन प्रसार अधिकारी ने मांस का कुछ अवशेष विधि प्रयोगशाला मथुरा में जांच के लिए सील किया है। बाकी मांस व अवशेष नहर की मिट्टी में दबा दिया गया है। ग्रामीणों का विरोध देखते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इनमें उसी गांव के अब्दुल्ला बंजारा, जहूरे, व नूरजहां पत्नी अब्दुल्ला तथा मिट्टू शामिल हैं।

## दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, चार हिरासत में

लालगंज थाना क्षेत्र के बखरिया गांव निवासी पूर्व प्रधान राजकुमार मिश्रा के अनुसार अपने मित्रों के साथ मंगलवार सुबह करीब 11 बजे गांव के पश्चिम स्थित नहर के पास घूमने निकले थे। टहलते हुए वह अब्दुल्ला के घर के पास पहुंचे तो वहां कुछ बाहरी लोग खड़े दिखाई दिए। आशंका होने पर आगे बढ़े तो देखा कि शौचालय के पास मक्खियां भिनभिना रही थीं।

शौचालय के गड्ढे में झांकने पर पशु का सिर देखा। रौतापार ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि अजय चौधरी ने बताया कि अब्दुल्ला बंजारा परिवार समेत करीब 20-25 वर्षों से नहर के किनारे छप्पर डालकर रह रहा था। गांव से दूर होने के कारण उसके काम के बारे में किसी को जानकारी नहीं हो पाती थी।

लालगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि पर्व को देखते हुए इस मामले को बड़ी ही गंभीरता से देखा जा रहा है।

# युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपी नामजद

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

यह घटना चार मार्च की है। पुलिस पीड़िता की चिकित्सकीय जांच करा रही है। मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2017 में उसका भाई जेल में बंद था। उस वक्त उसकी उम्र करीब पंद्रह साल थी। भाई के मुकदमे की पैरवी के लिए उसे बस्ती से खलीलाबाद जाना पड़ता था। पैरवी के दौरान ही उसकी मुलाकात मुंडेरवा थाना क्षेत्र निवासी दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया से हुई। उसने मदद का भरोसा दिया।

आरोप है कि धोखा देकर दीपक उर्फ राजनाथ चौरसिया उसे कलवारी थाने के कुसौरा अपने दोस्त के घर ले गए। यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर धमकाया और इसी दौरान उसकी अश्लील फोटो भी खींच ली। इसके बाद फोटो को सार्वजनिक कर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और कई बार दुष्कर्म किया। संवाद

# सागौन का पेड़ काटने पर मुकदमा

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के पिपराकाजी गांव में सागौन के तीन पेड़ काटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने रेंजर की तहरीर पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। वन विभाग के हरैया रेंजर प्रेम प्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि पिपराकाजी गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार व अशोक कुमार सागौन के पेड़ को लेकर आपसी विवाद करते हैं। एक दूसरे पर दोषारोपण करते हुए दोनों लोगों ने सागौन के तीन पेड़ काटकर गायब कर दिए। गांव में लोगों से पूछताछ करने पर भी इन्हीं का नाम सामने आया है। थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-03-2023

# होली सकुशल संपन्न कराने को प्रशासन मुस्तैद

**डीएम व एसपी लगातार भ्रमण कर लेते रहेंगे जायजा**

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** होली आज है। त्योहार का आनंद लेने में कोई बाधा न आए इसकी तैयारी जिला व पुलिस प्रशासन ने पूरा कर लिया है। सभी थाना क्षेत्रों में 32 कार्यकारी मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। साथ ही 12 सौ पुलिसकर्मी और दो प्लाटून पीएसी कानून व्यवस्था संभालने को तैयार है। भारत-नेपाल बार्डर से जुड़े कस्बों एवं गांवों में गस्त बढ़ाई गयी है। बार्डर पर आवाजाही करने वाले संदिग्धों की सघन जांच की जा रही है। ड्रोन कैमरे से भी निगहबानी की जाएगी। डीएम संजीव रंजन व एसपी पूरे दिन जनपद का भ्रमण करते रहेंगे।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि हुड़दंगियों को लेकर पुलिस ने पूरा बंदोबस्त किया है। होली पर निकलने वाले जूलूस के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रहेगी। बार्डर के साथ डुमरियागंज, इटवा और शोहरतगढ़ आदि स्थानों पर जुलूस भी निकाले जाएंगे। किसी ने भी हुड़दंग मचाने की कोशिश किया तो उसके साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। सभी थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त लगातार जारी है। सीओ व सभी थाना प्रभारियों को निरंतर गस्त पर रहने को कहा गया है। पीआरवी जवान भी निरंतर भ्रमण पर रहते हुए स्थितियों पर निगाह रखेंगे। वह किसी भी अप्रिय सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच जाएंगे।

**होलिका दहन किया गया, होली आज**

**सिद्धार्थनगर।** बीती रात ही धार्मिक अनुष्ठान व रीति रिवाज के साथ होलिका दहन किया गया।इसके लिए लकड़ी व उपले का प्रयोग किया गया।

बीती रात करीब डेढ़ बजे लोगों ने पूरब पड़ाव में मारवाड़ी धर्म शाला के पास लकड़ी व उपले से सम्मत तैयार किया गया ।इस अवसर पर मारवाड़ी समाज की महिलाएं भी जुटी।धार्मिक रीति रिवाज के साथ सम्मत की पूजा अर्चना की गई और शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन किया गया।दहन के समय काफी संख्या में लोग जुटे।बहुत से लोग गेहूँ की बालियां लाये थे जिसे इस आग में जलाया गया और उसे घर ले आया गया।लोग होलिका की राख माथे पर लगाकर होली खेलेंगे।होली के दिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए है।

# होली की पूर्व संध्या पर देर तक बिकती रही मदिरा

**लोटन(एसएनबी)।** क्षेत्र स्थित कस्बों में होली की पूर्व संध्या पर देर रात तक मदिरा बिक्री होती रही।जिससे पीने वालों की चांदी रही। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष होली, नागपंचमी आदि के अवसरों पर शराब पीने के लिए लोगों कतार पहले से ही लगी रहती है।जिसके क्रम में सरकार द्वारा किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटित हो शराब की दुकानों को पहले से ही बंद करा दिया जाता है।लेकिन उसके बावजूद भी क्षेत्र के तमाम मदिरा व्यवसाईयों द्वारा बैक डोर से लोगों को मदिरा दिया जाता है।

**एसपी ने किया पुरानी नौगढ़ में पैदल मार्च :** एसपी की अगुवाई में सोमवार की देर शाम सदर पुलिस ने पुरानी नौगढ़ में पैदल मार्च किया। लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील किया। कहा कि सभी लोग पूरे उत्साह से होली मनाएं। सीओ सदर अखिलेश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश सिंह, उपनिरीक्षक शशांक सिंह, पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्यकर्मी से मारपीट में मुकदमा दर्ज

**जिला अस्पताल**

- बच्चे का इलाज कराने आए परिजनों ने किया अभद्र व्यवहार
- परिजनों ने नशे की हालत में महिला स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जिला अस्पताल में तैनात स्टाफ ने एक मरीज के परिजनों पर मारपीट शनिवार की रात मारपीट, अभद्र व्यवहार करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रविवार को तहरीर दी थी। सदर थाना की पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जिला अस्पताल स्टॉफ संगीता देवी, अंबालिका मिश्रा, अजय लक्ष्मी द्विवेदी, निशा यादव, संध्या मौर्या ने सदर थाना पर रविवार को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि शनिवार रात एक बच्चे को लेकर उसके परिजन आए। बच्चे की हालत गंभीर होने की वजह से उसे पीआईसीयू वार्ड में तत्काल भर्ती कर डाक्टरों को सूचना दे दी गई। इलाज शुरू करने के बावजूद बच्चे के साथ आए उसके दो परिजनों ने नशे की हालत में हंगामा करते हुए महिला स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार किया। मना करने पर मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी देने लगे। बच्चे जिसकी हालत नाजुक बनी थी उसे जबरन वार्ड से इंट्राकैप आदि लगा होने के बावजूद ले जाने लगे। मना करने पर धमकी देने लगे कि अगर बच्चे को कुछ हुआ तो तुम सब पर हत्या का केस दर्ज कराऊंगा। किसी प्रकार हम सबने अपनी जान बचाई। स्टॉफ ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच के दौरान प्रकाश में आए सत्यम, भोलू व एक अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सदर थानाध्यक्ष ने कहा कि तहरीर के आधार पर दो नामजद व एक अज्ञात पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खाकी और सादी वर्दी में तैनात रहेगी पुलिस

**चौकसी**

- होली पर की हुड़दंग की कोशिश तो पहुंच जाएंगे सलाखों के पीछे
- शांति व्यवस्था कायम रखन के लिए खाकी की तैनाती की गई

**होली पर तैनात फोर्स**

| | |
|---|---|
| फोर्स | 22 थाना |
| क्यूआरटी | 22 |
| पीएसी | दो प्लाटून |

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। खुशियों का पर्व होली उल्लास व सुरक्षित, अमन के माहौल में मनाने के लिए प्रशासन की ओर से चौकस व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर खाकी व सादे वर्दी वाले नजर आएंगे। चप्पे-चप्पे पर नजर आएगी खाकी, की शरारत तो होगी जेल

प्रशासन होली को लेकर काफी सजग है। ऐसा कोई काम या नई परंपरा न करने की लोगों की से अपील करता फिर रहा है जिससे किसी की भावनाओं ठेस पहुंचे। शांति व्यवस्था कायम रखे के लिए चप्पे-चप्पे पर खाकी की तैनाती की गई है। शरारती तत्वों से सख्ती से निपटने के साथ उन्हें सलाखों के पीछे का रास्ता दिखाया जाएगा। होली का त्योहार अमन के माहौल में संपन्न हो इसका पूरा खाका प्रशासन की ओर से तैयार कर लिया गया है।

जिला मुख्यालय से लेकर थानों व पुलिस चौकियों पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कर लोगों को अमन के माहौल में त्योहारों को मनाने का संदेश दिया जा रहा है। डीएम संजीव रंजन हों या फिर एसपी अमित कुमार आनंद त्योहारों के महत्व व साथ मिल कर मनाने पर कितनी खुशी मिलती है इसे बता रहे हैं। लोगों से अमन के माहौल में त्योहार मनाने की अपील कर रहे हैं। प्रशासन अपील के बावजूद सुरक्ष में कोई कोताही नहीं बरतना चाह रहा है। उसने भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा रखी है। क्यूआरटी के अलावा पीएसी भी निगहबानी करेगी। सादी वर्दी वाले भी संदिग्धों पर नजर रखने को तैनात रहेंगे। माहौल को खरीब करने की कोशिश करने वालों सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## शब-ए-बरात को लेकर भी पुलिस चौकस

शब-ए-बारात को लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। मंगलवार रात से लेकर बुधवार तड़के (फजिर की नमाज तक) मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों, घरों पर इबादत करेंगे। रात में ही कब्रिस्तानों पर जाकर फातिहा पढ़ेंगे। इस दौरान अमन बना रहे इसे लेकर पुलिस चौकस है।



सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन रोड पर जलती उपलों से सजी होलिका ● जागरण

# ग्राहक सेवा संचालक की एसपी से शिकायत

**जासं, सिद्धार्थनगर :** एक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के खिलाफ ग्रामीणों ने एसपी से शिकायत करते हुए बैंक खाते से धन निकाले जाने की शिकायत की है। ग्राम पंचायत कोड़रा ग्रांट के टोला महुअवा निवासिनी तसलीम बानो समेत कई लोगों ने एसपी को दिये गए शिकायती पत्र में कहा कि स्टेट बैंक के एक ग्राहक सेवा केंद्र से वह रुपये निकालतीं थीं। इधर एक वर्ष से वह लेनदेन नहीं किया है। वह दो बार खाते का बैलेंस पता करने गईं थीं। उसी दौरान संचालक ने उनके खाते से दो बार में क्रमशः 750 व 1500 रुपये निकाल लिया। पीएम किसान सम्मान योजना की मिलने वाली धनराशि में भी कटौती की जाती है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिकायती पत्र में सलमा खातून, उर्मिला देवी, रीता, संगीता,जुबेदा रशीद शेख, सायर खातून,केसमती , शमीम अहमद, हरिराम, सिद्दीकी, किसनलाल ,मुस्तकीम, मीना, सतीश कुमार आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## एक नजर में

### ग्रामीणों ने पुलिस को दिया कंडों का दान

सिद्धार्थनगर : दैनिक जागरण करीब पखवाड़े भर उपलों की होलिका जलाने को लेकर अभियान चला रहा है। जागरण की इस मुहिम का असर भी देखने को मिला। पुलिस लोगों को उपलों की होलिका जलाने के लिए प्रेरित करती रही। यहां तक पुलिसकर्मी मंगलवार को भी उपले का दान करते रहे। साथ ही साथ वह लोगों से उपलों की होलिका जलाकर पर्यावरण संरक्षण की अपील भी करते रहे। बांसी कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने मंगलवार को बांसी के अशोक नगर वार्ड में होलिका समिति के अध्यक्ष बाबा विष्णु गिरी को उपला भेंट किया। साथ ही कहा कि वह इस बार उपलों की होलिका जलाएं। प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह ने मंगलवार की रात पांच होलिका समिति के लोगों को प्रेरित करके उपलों की होलिका जलवाई। ऐसे ही शिवनगर डिड़ई के थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने लोगों को उपलों की होलिका जलाने के लिए जागरूक किया और उन्हें दान में उपले दिया।

# सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस व पीएसी तैनात

पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया है। शांति कमेटी की बैठक के आयोजन के के बाद अब ड्यूटी चार्ट के हिसाब से फोर्स की तैनाती की जा रही है। पर्याप्त पुलिस फोर्स के अलावा एक प्लाटून पीएसी की तैनाती की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पूरे क्षेत्र मे शांति व्यवस्था को लेकर पैनी नजर रखी जा रही है।

# जमकर खेलें होली, सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर**: त्योहार का आनंद लेने में कोई बाधा न आए इसकी तैयारी जिला व पुलिस प्रशासन ने पूरा कर लिया है। सभी थाना क्षेत्रों में 32 कार्यकारी मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। साथ ही 12 सौ पुलिसकर्मी और दो प्लाटून पीएसी कानून व्यवस्था संभालने को तैयार है। भारत-नेपाल बार्डर से जुड़े कस्बों एवं गांवों में गस्त बढ़ाई गयी है। बार्डर पर आवाजाही करने वाले संदिग्धों की सघन जांच की जा रही है। ड्रोन कैमरे से भी निगहबानी की जाएगी। डीएम संजीव रंजन व एसपी पूरे दिन जनपद का भ्रमण करते रहेंगे।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि हुड़दंगियों को लेकर पुलिस ने पूरा बंदोबस्त किया है। होली पर निकलने वाले जुलूस के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रहेगी। बार्डर के साथ डुमरियागंज, इटवा और शोहरतगढ़ आदि स्थानों पर जुलूस भी निकाले जाएंगे। किसी ने भी हुड़दंग मचाने की कोशिश किया तो उसके साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। सभी थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त लगातार जारी है। सीओ व सभी थाना प्रभारियों को निरंतर गस्त पर रहने को कहा गया है। पीआरवी जवान भी निरंतर भ्रपण पर रहते हुए स्थितियों पर निगाह रखेंगे। वह किसी भी अप्रिय सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच जाएंगे।



पुरानी नौगढ़ में पैदल मार्च करते पुलिस अधिक्षक अमित कुमार आनंद, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश कुमार वर्मा व अन्य पुलिसकर्मी ● जागरण

## होली का त्योहार प्रेम एवं एकता का प्रतीक

**बखिरा**, बखिरा के हरदी में स्थित एक निजी विद्यालय में मंगलवार को बच्चों ने होली का धमाल मचाया। बच्चों ने एक-दूसरे पर रंग उड़ेलकर होली खेली। इस दौरान बच्चों के बीच फैंसी, ड्रेस, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता कराकर विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक विजय प्रताप सिंह ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक है। हम सभी को मिल-जुलकर होली खेलनी चाहिए। इस मौके पर आरके यादव, लक्ष्मी चौरसिया, सुनिधि सिंह, सोनू, सविता सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जोगिया थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव में कंडों से सजाई गई होलिका ● जागरण



समिति के सदस्य को कंडा भेंट करते शिवनगर डिड़ई के थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ● जागरण

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-03-2023

# पांच अभियुक्तों के खिलाफ ईनाम घोषित

संतकबीरनगर। गोवध अधिनियम, चोरी, धोखाधड़ी आदि संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्त वांछित-फरार 5 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु ईनाम घोषित किया गया है। वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए इन पर ईनाम भी घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया गया है कि इन अपराधियों के संबंध में जो कोई व्यक्ति पुलिस को सूचना देगा या दस्तयाब कराने में पुलिस का सहयोग करेगा उस व्यक्ति को वांछित अपराधी के नाम के अनुसार नगद राशि का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।थाना धनघटा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 446/021 धारा 5/5ए/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित अभियुक्त दिलावर पुत्र मुन्ना साकिन मैली थाना धनघटा संतकबीरनगर तथा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 84/2022 धारा 5/5ए/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित अभियुक्त रोहित यादव पुत्र रामधारी यादव साकिन सुल्तानपुर घुघली थाना सरपतहा जनपद जौनपुर पर 25-25 हजार ₹ ईनाम घोषित किया गया है। इसी क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 710/2020 धारा 419/420/406/120 बी भादवि में वांछित अभियुक्त अय्यूब पुत्र इकबाल साकिन उपधी थाना दुधारा तथा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 710/2020 धारा 419, 420, 406, 120 बी भादवि में वांछित अभियुक्त मेहताब आलम पुत्र अतीकुल्लाह साकिन गजौली थाना दुधारा के विरूद्ध 15-15 हजार ₹ का पुरस्कार तथा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 509/2021 धारा 457/380 भादवि में वांछित अभियुक्त सूरज राय पुत्र शम्भू राय साकिन बैडरवा थाना महुली संतकबीरनगर पर 20 हजार ₹ इनाम घोषित किया है।

# डीएम व एसपी ने दी होली पर्व की बधाई


संतकबीरनगर । जिलाधिकारी संदीप कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपदवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना की है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से रंगों के पर्व होली को शांति, सद्भाव, समरसता एवं भाईचारे के माहौल मनाये जाने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. सत्यजीत गुप्ता ने सभी जनपदवासियों से रंगों के इस महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने की अपील की है।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**नाथनगर (एसएनबी)**। महुली पुलिस को दी गई तहरीर में बस्ती जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी जयप्रकाश यादव पुत्र रामसांवर यादव ने बताया कि उसका ननिहाल महुली थाना क्षेत्र के झिंगुरापार गांव में है। बीते 3 मार्च को 6:30 शाम को वह अपने ननिहाल झिंगुरापार जा रहा था इसी बीच बस्ती जनपद के लालगंज थाना के पीपरपाती मुस्तहकम गांव निवासी संदीप यादव व रणजीत यादव पुत्रगण विजय यादव जो कि पौली में लैव टेस्टिंग में काम करते हैं उसे रास्ते में घेर कर पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देने लगे जब जयप्रकाश ने गाली देने का विरोध किया तो उक्त आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और उसे तरह-तरह की धमकी देने लगें। तहरीर में जयप्रकाश ने वताया कि घटना के तुरन्त बाद वह अपना इलाज कराने लगा और सोमवार को थाने पर पहुंचकर पुलिस को तहरीर दिया। तहरीर में जयप्रकाश ने महुली से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। तहरीर के आधार पर महुली पुलिस ने संदीप यादव और रणजीत यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी प्रक्रियां पूरी कर दी जाएगी।

# रंगों का पर्व : आज उड़ेगा अबीर-गुलाल, बजेगा ढोल





पुलिस लाइन में होलिका दहन के लिए रखी गयी सम्मत को जलाते एसपी सत्यंजीत गुप्ता तथा खलीलाबाद शहर के गोला बाजार में अबीर-गुलाल की दुकान पर खरीदारी के लिए लगी भीड़।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। अच्छाई पर बुराई की जीत का त्योहार शुभ होली 08 मार्च 2023 को मनाई जाएगी। रंगों का महापर्व उत्साह व उमंग के बीच खेली जाएगी। होलिका दहन शुभ मुहूर्त में जिले के कुल 1466 स्थानों पर होलिका दहन हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी थानों के अलावा 13 निरीक्षक और 30 उप निरीक्षक, 200 आरक्षी और 60 महिला आरक्षी विभिन्न स्थानों पर मुस्तैद रहीं।

होली पर्व के मद्देनजर आज बाजारों में लोग अबीर-गुलाल आदि के साथ मेवे-मिठाइयों तथा अन्य सामग्रियों की खरीददारी में जुटे हुए रहे। वहीं बाजारों एवं विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थाओं में आज एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई देते दिखे। शहर में बच्चों ने पिचकारी में रंग भरकर दूर-दराज से खरीददारी आये लोगों पर रंगों की बरसात करते दिखे। जनपद में कुल 1466 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। इनमें थाना कोतवाली खलीलाबाद, थाना दुधारा, थाना महुली, थाना मेंहदावल, थाना बखिरा, थाना धनघटा तथा थाना धर्मसिंहवा में चिन्हित स्थानों पर होलिका दहन किया गया। रंगों की खरीददारी के लिए आज खलीलाबाद शहर के गोला बाजार में रौनक छायी रही। सुबह से ही रंग-अबीर की दुकानों सहित किराना की दुकानों पर भी काफी भीड़ खरीददारों की लगी रही। शहर के गोला बाजार, मुखलिसपुर तिराहा, समय माता मन्दिर, मेंहदावल रोड, बैंक चौराहा, मोती चौराहा, नेदुला, बरदहिया बाजार समेत अन्य स्थानों पर रंग, अबीर-गुलाल और तरह-तरह की पिचकारियों से बाजारों को पाट दिया है। **सरकारी कार्यालयों में खेली गई रंगों की होली :** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में रंगों की होली खेली गई। अधिकारियों-कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं अधिकारियों-कर्मचारियों, बैंक कर्मियों और समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने धमाचौकड़ी के बीच अपने-अपने अंदाज में फूलों व गुलाल की होली खेली और सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी।

**जिले के कुल चिन्हित 1466 स्थानों पर हुआ होलिका दहन**

**सभी थानों के अलावा 13 निरीक्षक और 30 उप निरीक्षक, 200 आरक्षी और 60 महिला आरक्षी रहे तैनात**

# शांति एवं सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेगी पुलिस

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** होली पर्व पर शांति व सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी संदीप कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा थानावार पुलिस के प्रबंध किए गए हैं। साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी भी लगाई गई है जो होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने हेतु अपनी निगरानी बनाएं रखेंगे। जनपद के अतिसंवेदशीन स्थानों व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद के प्रत्येक थाना स्तर पर शांति व कानून व्यवस्था बनाने रखने हेतु क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में चलने वाली यूपी-112 के पीआरवी वाहनों को मुख्य सड़कों व मुख्य स्थलों पर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त पुलिस बल ड्यूटी पर होली खेले जाने के बाद भी महत्वपूर्ण/संवदेनशील स्थानों/धार्मिक स्थलों/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर तैनात रहेंगे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किया चेक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** एआरटीओ डा. आन्जनेय सिंह, प्रभारी यातायात परमहंस के द्वारा संयुक्त रूप से मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पर ड्रिंक एण्ड ड्राइव (शराब पीकर वाहन चलाने वालों) के खिलाफ अभियान चलाकर ब्रीथ एनालाइजर मशीन (शराब मापक यंत्र) द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का चेक किया गया। ऐसे लोगों को सड़क एवं यातायात नियमों जैसे-शराब पीकर गाड़ी न चलाने, तेज गति से गाड़ी न चलाने, गाड़ी चलाते समय हेल्मेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने इत्यादि के बारे में भी प्रेरित किया गया। साथ ही साथ रोडवेज चालकों और परिचालकों को एकत्र कर होली के दृष्टिगत शराब न पीकर वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान उ.नि. विरल पासवान, उ.नि. कौशल किशोर सिंह, उ.नि. गौकरन पाण्डेय, हे.कां. अजय राय, हे.कां. संदीप सिंह, हे.कां. अजय पाण्डेय, कां. राममगन सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# सरयू नदी में कूदे युवक को पुलिस ने बचाया

**उमरिया बाजार (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के बकौली कला गांव निवासी एक युवक ने मंगलवार को सरयू नदी पर स्थित बिड़हरघाट पुल से नदी में छलांग लगाकर जान देने का प्रयास किया स्थानीय गोताखोरों की मदद से बिड़हरघाट पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने युवक को बचाकर बाहर निकलवाया और उसे समझा-बुझाकर भेज दिया। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के बकौलीकला गांव निवासी 35 वर्षीय युवक पवन पुत्र राधेश्याम मंगलवार को करीब एक बजे बिड़हरघाट पुल पर पहुंचकर अचानक नदी में छलांग लगा दिया। बिड़हरघाट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक पवन को नदी से बाहर निकाला और पूछताछ के बाद उसके घर वालों को इसकी सूचना देकर उसे धनघटा थाने पर बुलाया और समझा-बुझाकर परिवार के साथ युवक को घर भेज दिया। पुलिस की इस तत्परता की चर्चा आम जन मानस में जोरों से की जा रही है। लोग पुलिस के इस मानवीय कार्यो की प्रशंसा कर रहे हैं। पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र यादव, कां.पियूष सिंह, ध्रुवनरायन यादव, संदीप कुमार, शैलेष यादव,मुकेश पाल आदि पुलिसकर्मियों के अलावा युवक को बचाने में स्थानीय गोताखोर रामजीत व अनुज शामिल रहे।

# 101 पासपोर्ट के सत्यापन में भ्रष्टाचार

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** संतकबीरनगर जिले में पासपोर्ट बनाने में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। एसपी की जांच में पासपोर्ट सेल में नियुक्त एसआई कामेश्वर मिश्र और एलआईयू के मुख्य आरक्षी मनोज कुमार पटेल के खिलाफ 101 पासपोर्ट के सत्यापन में धन के लालच में नियमविरुद्ध कार्य करने के साक्ष्य मिले।

सीओ ने रिपोर्ट में कहा कि कर्मचारियों का यह कृत्य घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता, कदाशयता और रिश्वत को प्रदर्शित करता है। सीओ की तहरीर पर थाना कोतवाली खलीलाबाद में धोखाधड़ी, षडयंत्र, आईटी एक्ट, पुलिस अधिनियम, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पासपोर्ट सेल प्रभारी कामेश्वर मिश्र और एलआईयू के हेड कांस्टेबल मनोज पटेल को निलंबित कर दिया गया।

वहीं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय की अगुवाई में गठित टीम ने मनोज पटेल और जिले के घोरखल निवासी वीरेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जेल भेज दिया गया, जबकि एसआई कामेश्वर मिश्र फरार है।

## पूछताछ में यह सामने आया

पुलिस गिरफ्त में आया मुख्य आरक्षी मनोज पटेल एलआईयू आफिस में कार्यरत है। पूर्व में पासपोर्ट सेल का कार्य देखता था। मेंहदावल बीट में नियुक्त होने के बाद भी पासपोर्ट सेल में आता-जाता रहता था। वह एसआई कामेश्वर मिश्र से जनपदीय पासपोर्ट आईडी एवं पासवर्ड पता कर थाने की आईडी से प्राप्त पासपोर्ट सत्यापन रिपोर्ट में बदलाव कर फर्जीवाड़ा करता था। इसमें वीरेन्द्र यादव नामक व्यक्ति की भी संलिप्तता पाई गई है। तीनों की मिलीभगत से लंबित सत्यापन फाइल क्लीयर कर दी जाती थी।

"प्रकरण में एलआईयू के मुख्य आरक्षी समेत दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं। एसआई कामेश्वर मिश्र फरार है। उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"

**सत्यजीत गुप्ता,** एसपी, संतकबीरनगर

# हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं रहेगी। होली के त्योहार पर नशे में हुडदंग मचाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। पुलिस जांच में पकड़े जाने पर ऐसे लोगों पर क्षेत्र में निगरानी कर रही पुलिस टीम कार्रवाई करेगी।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि सभी सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाएं। पुलिस टीम को शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। जांच के दौरान पकड़े जाने पर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात कार चालक के खिलाफ दुर्घटना का केस

नाथनगर। गोरखपुर जिले के एक व्यक्ति की तहरीर पर महुली पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। गोरखपुर जिला के गुलरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जैनपुर टोला निवासी सन्दीप जायसवाल पुत्र भरत ने बताया कि उनकी पत्नी एएनएम पद पर सीएचसी नाथनगर पर तैनात है। सोमवार को केंद्र पर नाथनगर के पास कार की टक्कर से वह गम्भीर रूप से घायल हो गई।

# चाकू से हमला कर घायल करने का केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम तरैनी निवासी महिला ने गांव के दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तरैनी निवासी गीता देवी पत्नी टासु निषाद ने बताया कि सोमवार को उसकी बेटी नेहा पुरानी रंजिश में गांव के युवक ने चाकू से वार किया। महिला की तहरीर पर प्रतिवादी अवधेश पुत्र राम फूल यादव, चिराग पुत्र बु झई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# अपहरण मामले का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अपहरण एवं अन्य धारा के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तारकर अग्रिम विधिक कार्रवाई किया। थाना धनघटा पुलिस ने मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त विशाल कुमार पुत्र बिरजू निवासी रामपुर को दबोचा। उक्त आरोपित अभियुक्त ने वादी की पुत्री को 03 मार्च को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

# धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस ने धोखाधड़ी करके एटीएम से रूपए निकालने वाले को पकड़ा। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने आरोपित हरदेव प्रसाद पुत्र हाकिम प्रसाद निवासी परसौनी थाना झंगहा को विभिन्न बैंकों के 35 एटीएम कार्ड व 24 हजार 600 रूपए नकद के साथ दबोचा। मामले में वादी अशोक कुमार विश्वकर्मा निवासी डेल्हापार जनपद बस्ती ने पुलिस को बताया कि उनके पुत्र ने खलीलाबाद स्थित एसबीआई एटीएम से रूपए निकालने के दौरान परेशानी होने पर पास में खड़े व्यक्ति से मदद मांगी। जिस पर उसने एटीएम बदलकर रूपए निकाल लिये।

# फर्जीवाड़े में पासपोर्ट प्रभारी निलंबित, दीवान गिरफ्तार

**कलंक के खिलाफ**

- संतकबीरनगर जिले में पासपोर्ट सत्यापन में खेल
- एसपी की गोपनीय जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा

**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में पासपोर्ट बनाने में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। एसपी द्वारा कराई गई गोपनीय जांच में अनियमितता की पुष्टि के बाद मुकदमा दर्ज कर पासपोर्ट सेल प्रभारी व एलआईयू दीवान को निलंबित कर दिया गया। भ्रष्टाचार के आरोप में एलआईयू दीवान और फर्जीवाड़े में संलिप्त एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता को पासपोर्ट सत्यापन में अनियमितता की शिकायत मिली थी। इसके बाद उन्होंने सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र से मामले की गोपनीय जांच कराई।

➤ भ्रष्टाचार के साक्ष्य P06

# फरार चल रहे वांछितों पर घोषित हुआ पुरस्कार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने फरार चल रहे वांछित आरोपित अभियुक्तों के गिरफ्तारी पर पुरस्कार घोषित किया है। पांच आरोपित अभियुक्तों पर 15, 20 व 25 हजार रूपए का इनाम रखा गया है। सभी आरोपित गोवध, चोरी, धोखाधड़ी आदि मामले में काफी लंबे समय से पुलिस अभिलेखों में फरार चल रहे हैं।

जनपद में गोवध अधिनियम, चोरी, धोखाधड़ी आदि संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्त वांछित व फरार चल रहे पांच आरोपित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया गया है। सभी अपराधी आपराधिक गतिविधियों में अलग-अलग प्रकरणों में शामिल हैं। वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए इनकी गिरफ्तारी पर पुरस्कार रखा गया है।

पुलिस के अनुसार थाना धनघटा पर पंजीकृत सीएस एक्ट व पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित आरोपित अभियुक्त दिलावर पुत्र मुन्ना साकिन मैली थाना धनघटा के ऊपर 25 हजार रूपए का पुरस्कार रखा गया है।

# आरोपितों की सूचना पर एक लाख का इनाम

- जौनपुर जिले के एक और संतकबीर नगर के चार आरोपित शामिल
- पुलिस इनके बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम-पता रखेगी गोपनीय

जासं, संतकबीर नगर : जालसाजी, चोरी, गोवध अधिनियम के फरार चल रहे जौनपुर जिले के एक व संतकबीर नगर के चार कुल पांच आरोपितों के बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपये इनाम मिलेंगे। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार कर जल्द जेल भेजने की कोशिश में लगी हुई है। इसके लिए जनपद के लोगों से पुलिस ने सहयोग मांगा है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि धनघटा थाना के मैली गांव निवासी दिलावर के विरुद्ध थाना में वर्ष 2021 में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह आरोपित न्यायालय में पेश होने के बजाय फरार चल रहा है। इस आरोपित पर 25 हजार रुपये इनाम रखा गया है।

जौनपुर जनपद के सरपतहा थाना के सुल्तानपुर (घुघली) गांव निवासी रोहित यादव के विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद में वर्ष 2022 में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस फरार आरोपित पर भी 25 हजार रुपये इनाम रखा गया है। दुधारा थाना के उपधी गांव निवासी अयूब पर कोतवाली खलीलाबाद में वर्ष 2020 में जालसाजी का मुकदमा दर्ज है। इस फरार आरोपित पर 15 हजार रुपये इनाम रखा गया है। दुधारा थाना के गजौली गांव निवासी मेहताब आलम के विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद में वर्ष 2020 में जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस फरार आरोपित के बारे में सूचना देने पर 15 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा।

वहीं महुली थाना के बैडरवा गांव निवासी सूरज राय के विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद थाना में वर्ष 2021 में मुकदमा दर्ज है। इस फरार आरोपित पर 20 हजार रुपये इनाम रखा गया है। एसपी ने कहा कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा।

# सिपाही व बिचौलिया गिरफ्तार, दारोगा फरार

## पासपोर्ट सत्यापन के नाम पर कर रहे थे वसूली, एसपी ने कराई जांच तो पकड़ा गया मामला

- रिश्वत लेकर 101 पासपोर्ट के सत्यापन में गड़बड़ी का है अंदेशा
- फरार दारोगा की तलाश में जुटी जनपद की पुलिस

> पासपोर्ट सेल के दारोगा और एलआइयू कार्यालय के मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी गयी है। मुख्य आरक्षी व एक दलाल को गिरपतार कर लिया गया है। दारोगा फरार हैं। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।
>
> सत्यजीत गुप्ता, एसपी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: पासपोर्ट के सत्यापन में वसूली का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने दारोगा, हेड कांस्टेबल के साथ ही एक दलाल के विरुद्ध खलीलाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवा दिया। सिपाही और दलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि आरोपित दारोगा फरार है। दारोगा और सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र ने पासपोर्ट के सत्यापन में अनियमितता की प्रारंभिक जांच की। जांच में धोखाधड़ी कर पासपोर्ट सत्यापन किए जाने के साक्ष्य मिले। साथ ही पासपोर्ट सेल में तैनात एक दारोगा, स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) कार्यालय में तैनात एक मुख्य आरक्षी समेत तीन लोग प्रथमदृष्टया दोषी मिले। दारोगा और मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी गयी।

जांच में यह पता चला कि एलआइयू कार्यालय में तैनात महराजगंज जनपद के भिटौली बाजार थाना के बेलवा बुजुर्ग गांव निवासी मुख्य आरक्षी मनोज पटेल पूर्व में पासपोर्ट सेल का कार्य देखता था। बाद में उसका स्थानांतरण मेंहदावल में हो गया। उसके बाद भी वह पासपोर्ट सेल में लगातार सक्रिय था।

वह पासपोर्ट सेल में तैनात दारोगा कामेश्वर मिश्र से सांठगांठ करके वसूली करवा रहा था। आरोपित थाने की आइडी से प्राप्त पासपोर्ट के सत्यापन रिपोर्ट में बदलाव कर लेते थे। वह धनघटा थाना के मनिकापार गांव निवासी वीरेंद्र यादव से मिलने वाले पैसे के लालच में नियम विरुद्ध तरीके से पासपोर्ट सत्यापन का कार्य करते थे।

गहनता से जांच में पता चला कि आरोपितों ने कुल 101 पासपोर्ट का सत्यापन नियम विरुद्ध किया है। इसके बाद तीनों के खिलाफ़ कोतवाली खलीलाबाद में मंगलवार को जालसाजी, आइटी एक्ट, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य आरक्षी व वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। पासपोर्ट सेल का दारोगा फरार है।

# होली पर्व को लेकर मुसहरा गांव में पुलिस की चौकसी



होली को लेकर मुसहरा गांव में तैनात पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, धर्मसिंहवा: धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील गांव मुसहरा में होली के मद्देनजर पुलिस प्रशासन काफी चौकन्ना है। यहां होलिका दहन के पूर्व से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। 15 पुलिस लगातार कैंप कर रहे हैं। तहसीलदार निशा श्रीवास्तव को गांव में रहने के निर्देश उच्चधिकारियों ने दिए हैं। मुसहरा गांव में परंपरागत तरीके से होली मनाए जाने का निर्देश है।

पूर्व में यहां पर बकरीद के अवसर पर कुर्बानी को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें आगजनी व हिंसा की घटनाएं सामने आई थी। उसके बाद से ही पुलिस प्रशासन प्रत्येक त्योहार पर मुसहरा गांव को लेकर सतर्क रहता है। जिलाधिकारी संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों का यहां पर दौर हो चुका है।

गांव के लोगों को परंपरागत तरीके से होली मनाने की अपील भी की गई है। फिलहाल पुलिस की निगरानी में यहां पर शांति व्यवस्था कायम है। एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि मुसहरा गांव को लेकर पुलिस प्रशासन के लोग सतर्क हैं। गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है। लोगों से परंपरागत तरीके से होली मनाने की अपील की गई है।

# लड़की भगाने वाले आरोपित को भेजा जेल

जासं, संतकबीर नगर: धनघटा पुलिस ने रामपुर गांव निवासी विशाल कुमार को उसके गांव के पास से मंगलवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पिता ने आरोप लगाया था कि आरोपित तीन मार्च को उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस पर पुलिस ने छह मार्च को आरोपित के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। इस आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी।

**10 लीटर कच्ची बरामद, एक धंधेबाज को पकड़ा: संतकबीर नगर:** बेलहरकला पुलिस ने मंगलवार को दबिश देकर भगौसा गांव निवासी मीरा देवी के पास से 10 लीटर कच्ची बरामद किया। इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वाहन चालकों से 41,500 रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीरनगर : पुलिस ने मंगलवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 49 चालकों से 41,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की गयी। (जासं)

# शांतिभंग की आशंका में चार लोग गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर: महुली पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में मंगलवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया। ये लोग भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। इनको पकड़कर थाने में लेकर आई।

**मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल:** संतकबीर नगर: पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर मंगलवार को कोतवाली थाना के घोरखल में पहुंचे। दुर्घटना में घायल हुए इसी थाना के शिवसरा गांव निवासी शोभित शर्मा पुत्र राजकिशोर को निजी वाहन से जिला अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया।

# फर्जी कार्ड से रुपये निकालने वाला गिरफ्तार

## पुलिस के तलाशी लेने पर विभिन्न बैंकों के 35 एटीएम कार्ड व 24,600 रुपये बरामद

- आरोपित गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना के परसौनी गांव का निवासी
- पूछताछ करने के बाद आरोपित को धोखाधड़ी के मामले में भेजा गया जेल

जासं, संतकबीरनगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना के परसौनी गांव निवासी धोखेबाज को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपित के पास से विभिन्न बैंकों के 35 एटीएम कार्ड व 24,600 रुपये बरामद हुए। पूछताछ करने के बाद आरोपित को जेल भेज दिया। इस पर धोखाधड़ी से एटीएम से पैसा निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी।

बस्ती जिले के डेल्हापार गांव निवासी अशोक कुमार विश्वकर्मा ने कोतवाली खलीलाबाद थाने में तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि कुछ दिन पूर्व उनका बेटा खलीलाबाद शहर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) शाखा के एटीएम से पैसा निकालने के लिए पहुंचे थे।

परेशानी होने पर उसने पास में खड़े अज्ञात व्यक्ति से पैसा निकालने के लिए सहयोग करने के लिए कहा। इस व्यक्ति ने सहयोग करने के बजाय एटीएम बदलकर धोखे से पैसा निकाल लिया। उसके बाद यहां से लापता हो गया। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद ठगे जाने की जानकारी मिली। इस पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले की जांच में जुट गयी थी।

गोला बाजार पुलिस चौकी के प्रभारी आशुतोष मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी कोमल प्रसाद व पंकज कुमार यादव, आरक्षी छोटेलाल की टीम मंगलवार को गश्त कर रही थी। चौकी से कुछ दूरी पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर पूछताछ की। उसने गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना के परसौनी गांव का निवासी बताया। उसने बताया कि उसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। तलाशी लेने पर उसके पास विभिन्न बैंकों का 35 एटीएम कार्ड व 24,600 रुपये नकद बरामद हुआ। उसे पुलिस ने जेल भेज दिया।



खुशियों के प्रतीक होली पर्व को शालीनता के साथ मनाएं। एक-दूसरे की भावना का ख्याल रखें। कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे किसी को ठेस पहुंचे। पुलिस आपकी सुरक्षा में है, यदि किसी को कोई दिक्कत हो तो तत्काल सूचना दे।

सत्यजीत गुप्ता, एसपी

# फर्जी पासपोर्ट से दुबई जाने के मामले में कार्रवाई

**जासं, संतकबीर नगर:** दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर का बड़ा असर मंगलवार को देखने को मिला। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद पुलिस विभाग ने जांच करायी थी। जिसमें संतकबीर नगर जिले के एक गांव का निवासी दर्शाकर फर्जी पासपोर्ट से कुशीनगर जिले के युवक का दुबई जाने का मामला उजागर हुआ था। इससे पासपोर्ट सेल व स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए थे। सीओ की जांच में नियम विरूद्ध पासपोर्ट सत्यापन किए जाने की बात सामने आई। इस मामले में मंगलवार को पासपोर्ट सेल के उप निरीक्षक व एलआइयू के मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन दोनों के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू कर दी है। मुख्य आरक्षी व दलाल गिरफ्तार कर लिए गए हैं, वहीं उप निरीक्षक फरार हैं। पुलिस इनकी तलाश में जुटी है।

दैनिक जागरण में 30 जनवरी 2023 को पेज पांच पर '' कुशीनगर में केस, संतकबीर नगर से पासपोर्ट बनवाकर गया दुबई '' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। कुशीनगर

**जागरण प्रभाव**

- उसने कोतवाली खलीलाबाद थाना के एक गांव का दर्शाया था पता
- पुलिस ने युवक व इनके पिता पर दर्ज किया था मुकदमा

www.jagran.com गोरखपुर, 30 जनवरी, 2023 | 5

## कुशीनगर में केस, संतकबीर नगर से पासपोर्ट बनवाकर गया दुबई

जिले के रामकोला थाना के मोरवन गांव के निवासी ओम प्रकाश शुक्ल पुत्र शुभ नारायण ने कोतवाली खलीलाबाद थाने में तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि उनके गांव के विजय शुक्ल के विरुद्ध रामकोला थाने में वर्ष 2013 में मारपीट समेत दो मुकदमें दर्ज हैं। इनके विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत भी कार्रवाई हुई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में मामला विचाराधीन है। इसलिए विजय ने संतकबीर नगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद थाना के इमिलडीहा गांव का पता दर्शाकर पासपोर्ट बनवाया है। इसे बनवाने में इन्होंने पिता महेंद्र शुक्ल का सहयोग लिया। गलत पता दर्शाकर फर्जी पासपोर्ट के जरिए विजय दुबई चला गया। इस मामले में कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने विजय शुक्ल व उनके पिता महेंद्र शुक्ल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। इसी बीच सीओ–खलीलाबाद अंशुमान मिश्र की जांच ने पासपोर्ट सेल में तैनात उप निरीक्षक कामेश्वर मिश्र, एलआइयू कार्यालय में तैनात महराजगंज जनपद के भिटौली बाजार थाना के बेलवा बुजुर्ग गांव निवासी मुख्य आरक्षी मनोज पटेल तथा धनघटा थाना के मनिकापार गांव निवासी व कोतवाली खलीलाबाद के घोरखल निवासी दलाल वीरेंद्र यादव की पोल खोल दी। पैसे की लालच में 101 पासपोर्ट का सत्यापन नियम विरुद्ध किया गया है। इनके विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद में जालसाजी, आइटी एक्ट, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने एलआइयू के मुख्य आरक्षी व दलाल वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पासपोर्ट सेल का दारोगा फरार है।

इस बार होली व महिला दिवस एक साथ है। कहीं कोई दिक्कत न आए, लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं, इसके लिए पिछले एक पखवारे से वह वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार काम कर रही हैं। अगर आप सार्वजनिक सेवा में हैं तो जिम्मेदारियां और भी ज्यादा बढ़ जाती है। महिला दिवस पर सभी महिलाओं से अनुरोध है कि वह समाज से कटुता को दूर करने में भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही परिवार का मजबूत संभल बने।



दिपांशी राठौर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, धनघटा

# नशे में गाड़ी चलाने वालों पर प्रशासन सख्त

- खलीलाबाद बाईपास पर शराब मापक यंत्र से चालकों की हुई जांच
- जांच में एक भी चालक शराब के नशे में नहीं मिला, नियमों की दी जानकारी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगरः शराब के नशे में गाड़ी चलाने वालों पर प्रशासन व पुलिस विभाग सख्त हो गया है। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर बीते सोमवार की देर रात खलीलाबाद बाईपास पर वाहन चालकों की जांच की गयी। शराब पीकर वाहन न चलाने की सलाह दी गयी। इन्हें सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गयी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) आंजनेय सिंह, यातायात प्रभारी परमहंस की संयुक्त टीम बीते सोमवार की देर रात खलीलाबाद बाईपास पर पहुंची। यहां पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को पकड़ने के लिए टीम ने बारी-बारी से छोटे-बड़े वाहनों को रोका। इन वाहनों के चालक की शराब मापक यंत्र (ब्रीथ एनालाइजर मशीन) से जांच की गयी। जांच में नशे की हालत में वाहन चलाते हुए कोई चालक नहीं मिला।

चालकों को सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गयी। उनसे कहा गया कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। तेज गति से गाड़ी न चलाएं। बाइक चलाते समय हेलमेट, कार व अन्य चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का सदैव प्रयोग करें। इस अवसर पर उप निरीक्षक विरल पासवान, कौशल किशोर सिंह व गौकरण पाण्डेय, मुख्य आरक्षी अजय राय, संदीप सिंह व अजय पाण्डेय, आरक्षी राममगन के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हरे पेड़ों की कटाई, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

जासं, धर्मसिंहवा, संतकबीर नगरः धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान रोकने में पुलिस व वन विभाग असफल साबित हो रहा है। आए दिन बिना रोक टोक के हरे पेड़ काटकर तस्कर काम किए जा रहे हैं, लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। इससे पर्यावरण को चुनौती मिल रही है।

मंगलवार को भुलकी गांव के उत्तर-पश्चिम बागीचे से हरे पेड़ को लकड़ी तस्कर के द्वारा काटकर गिरा दिया गया। पेड़ को काटने में आधुनिक यंत्रों का प्रयोग किया जा रहा था। इस पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और लकड़ी को रोक दिया। ग्रामीणों के उग्र होने पर तस्कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान की घटना इस समय कुछ ज्यादा ही हो गई है।



धर्मसिंहवा के भुलकी बाग में काटा गया हरा पेड़ • जागरण

भुलकी सहित कुछ अन्य स्थानों पर धड़ल्ले से पेड़ों की कटान हो रही है। लोगों ने सवाल किया कि जब प्रत्येक गांवों में बीट पुलिस कार्य कर रही है तो गांव-गांव हरे पेड़ क्यों और कैसे काटे जा रहे हैं। इससे वन विभाग व पुलिस की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि हरे पेड़ों की कटान पर रोक है। अगर बिना अनुमति के हरे पेड़ काटे गए हैं तो वन विभाग से इस मामले में स्पष्टीकरण लिया जाएगा। जांच कराकर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## बिड़हरघाट पुल से युवक ने सरयू नदी में लगाई छलांग

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा थाना के बकौलीकला गांव निवासी युवक जान देने के लिए मंगलवार को दोपहर के करीब एक बजे बिड़हरघाट स्थित पुल से सरयू नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर तुरंत पहुंची पुलिस ने मछुआरों के सहयोग से इन्हें नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने युवक को पिता व अन्य परिवार के सदस्यों के हवाले कर दिया। युवक घर में किसी बात को लेकर हुए विवाद से नाराज होकर यहां पर पहुंचा था।

धनघटा थाना के बकौलीकला गांव निवासी 28 वर्षीय पवन पुत्र राधेश्याम का मंगलवार को किसी बात को लेकर परिवार के सदस्यों से विवाद हो गया। इससे नाराज हुए पवन बिना कुछ बताए घर से निकले। वह बिड़हरघाट स्थित पुल पर पहुंचे।

महान संतकबीर की धरती पर रहने वाले लोग सदैव आपसी सौहार्द का संदेश देते आए हैं। इस बार होली के पर्व में भी वे समाज



को यही संदेश देंगे। होली के हुड़दंग से सभी को बचना चाहिए। समस्या आने पर पुलिस की मदद लेनी चाहिए।

**संतोष कुमार सिंह, एएसपी**

## बवाल होने की दशा में पुलिस से मांगें मदद

**संतकबीरनगर।** होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। शहर के चौराहों और प्रमुख कस्बों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। हुड़दंगियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने कमर कस लिया है। हुड़दंगियों से बचने के लिए डायल 112 नंबर के साथ ही थानों को सूचना दें तो पुलिस मदद को पहुंचेगी। संवाद

# फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

## एसपी ने किया एलान, आरोपियों को पकड़वाने में करें मदद, गोपनीय रहेगा नाम और पता

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे पांच आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। एसपी ने एलान किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति इन फरार आरोपियों के बारे में सूचना देगा, पकड़वाने में पुलिस की मदद करेगा तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। साथ ही आरोपियों पर घोषित इनाम की राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि दर्ज मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस का अधिक जोर है। ऐसे पांच आरोपियों को चिह्नित किया गया है, जो गोवध अधिनियम, चोरी और जालसाजी के मामले में वांछित हैं और पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

### गोवध अधिनियम, चोरी और जालसाजी के मामले में वांछित हैं आरोपी

इनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग इनाम राशि घोषित की गई है। इसमें गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के मामले का वांछित दिलावर पुत्र मुन्ना निवासी मैली थाना धनघटा वर्ष 2021 से फरार चल रहा है। उस पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित है।

वर्ष 2022 से गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के मामले में वांछित चल रहे आरोपी रोहित यादव पुत्र रामधारी यादव निवासी सुल्तानपुर घुघली थाना सरपतहा जनपद जौनपुर पर भी 25,000 का इनाम घोषित हुआ है।

वर्ष 2020 से जालसाजी और गबन के मामले में फरार चल रहे वांछित अय्यूब पुत्र इकबाल निवासी उपधी थाना दुधारा पर 15,000 रुपये का इनाम घोषित है। वर्ष 2020 से ही जालसाजी और गबन के मामले में फरार चल रहे आरोपी मेहताब आलम पुत्र अतीकुल्लाह निवासी गजौली थाना दुधारा पर 15,000 रुपये का इम घोषित किया गया है।

वर्ष 2021 से चोरी के मामले में वांछित आरोपी सूरज राय पुत्र शंभू राय निवासी बैड़डवा थाना महुली पर 20,000 का इनाम घोषित है। एसपी ने कहा कि इन अपराधियों के संबंध में जो व्यक्ति पुलिस को सूचना देगा या गिरफ्तारी कराने में पुलिस का सहयोग करेगा, उसे वांछित अपराधी के नाम के अनुसार नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इसके साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# सगे भाइयों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**धनघटा।** बेवजह युवक की पिटाई करने के मामले में महुली पुलिस ने मंगलवार को दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बस्ती जनपद के लालगंज क्षेत्र के चकिया गांव निवासी जयप्रकाश यादव पुत्र राम सागर यादव का आरोप है कि शुक्रवार शाम सिक्टहा तालाब पुलिया के पास पिपरपति मुस्ताकम गांव निवासी सगे भाई संदीप यादव, रणजीत यादव उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर दोनों भाई मिलकर उसे मारपीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि लोग जानमाल की धमकी भी दिए। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि सगे भाई संदीप यादव व रणजीत यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# पासपोर्ट सत्यापन में गड़बड़ी पर दरोगा-दीवान समेत तीन पर रिपोर्ट, दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी







कामेश्वर मिश्रा मनोज पटेल वीरेंद्र यादव

## निवास स्थान पर न रहने वाले और आपराधिक मुकदमों वाले 101 के सत्यापित किए गए पासपोर्ट

**संतकबीरनगर।** पासपोर्ट सत्यापन में अनियमितता बरतने के मामले में मंगलवार को पासपोर्ट सेल के दरोगा, एलआईयू के दीवान और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार, जालसाजी, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी दीवान और बाहरी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि उन्हें पासपोर्ट सत्यापन में अनियमितता की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इस पर सीओ सदर अंशुमान मिश्र से जांच कराई। पाया गया कि वर्ष 2021-22 में जारी हुए 101 पासपोर्ट के सत्यापन में अनियमितता बरती गई है। सीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने दरोगा कामेश्वर मिश्रा और एलआईयू के मुख्य आरक्षी मनोज पटेल को निलंबित कर दिया है। सीओ सदर की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी मुख्य आरक्षी मनोज पटेल और वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

फरार आरोपी कामेश्वर मिश्रा की गिरफ्तारी के लिए कोतवाल और एसओजी की टीमें गठित की गई हैं। विभागीय जांच एएसपी संतोष कुमार सिंह को सौंपी गई है। दोनों पुलिस कर्मियों की सेवा समाप्त की जा सकती है।

>> आरोपियों ने सभी से तीन-तीन हजार रुपये वसूले : पेज 9

# दस लीटर कच्ची शराब बरामद, महिला गिरफ्तार

बेल्हर। पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के भगौसा से दस लीटर कच्ची शराब के साथ महिला को गिरफ्तार किया है। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि सूचना मिली कि भगौसा में एक महिला कच्ची शराब बनाकर बेच रही है। सूचना पर सहयोगी पुलिसकर्मी उदय नारायण, अर्जुन आर्या, कोमल देवी के साथ दबिश देकर महिला को पकड़ा गया। मौके से दस लीटर शराब, 60 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। पूछताछ में पकड़ी गई महिला की पहचान मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय अशोक कुमार के रूप में हुई। महिला आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# पांच पर केस दर्ज करने का आदेश

## एक ही मकान और जमीन का पति-पत्नी ने अलग-अलग किया था बैनामा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सीजेएम हरिकेश कुमार ने दंपती समेत पांच लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश महुली पुलिस को दिया है। एक ही मकान और जमीन का पति-पत्नी ने अलग-अलग व्यक्तियों को अलग-अलग तिथियों में बैनामा कर दिया। इस मामले में कोर्ट ने पुलिस से कार्रवाई करते हुए अविलंब आख्या भी प्रस्तुत करने को कहा है।

अधिवक्ता आकाश शाही ने बताया कि महुली क्षेत्र के महुली कस्बा निवासी 55 वर्षीय अखिलेश कुमार शर्मा पुत्र अयोध्या प्रसाद शर्मा ने कोर्ट में तहरीर दी। जिसमें आरोप मढ़ा कि दिनेश चंद्र त्रिपाठी और उनकी पत्नी सीमा त्रिपाठी एक ही साथ रहते हैं।

पीड़ित ने शशि किरन, प्रमोद कुमार के साथ मिलकर 30 दिसंबर 2019 को सीमा त्रिपाठी से 32 लाख रुपये में 252.04 वर्ग मीटर जमीन और मकान का सौदा किया। 11 लाख रुपये की कमी के कारण तत्काल बैनामा पूर्ण नहीं हो सका।

आठ जून 2020 को 11 लाख रुपये अदा करने पर उक्त बैनामा रजिस्ट्री दफ्तर में पूर्ण हुआ। उसी दिन से उक्त जमीन पर काबिज हो गया। खरीदे गए मकान में दो किरायेदार भी रखा है।

### कोर्ट ने सुनाया फैसला
### महुली क्षेत्र में 30 दिसंबर 2019 को हुई थी जालसाजी

पांच अगस्त 2022 को अचानक अरविंद प्रताप शाही अपने सहयोगी मिथुन सोनकर, संतोष पांडेय व दो अन्य लोगों के साथ उसके खरीदे गए मकान पर आए। एक स्टांप मय कागजात देते हुए बताए कि उन्होंने उक्त मकान दिनेश चंद्र त्रिपाठी से खरीदा है। जिसका बेची नामा उनके पास है और मकान खाली करने की धमकी दिए।

मकान खाली नहीं करने पर जानमाल की धमकी दिए। पीड़ित ने अपने रजिस्ट्री बैनामे की कॉपी दिखाया, लेकिन आरोपी नहीं माने। पीड़ित ने जब उक्त विलेख को देखा तब पता चला कि दिनेश चंद्र त्रिपाठी, अरविंद प्रताप शाही ,मिथुन सोनकर, संतोष पांडेय व सीमा त्रिपाठी ने जालसाजी षड्यंत्र से पीड़ित का मकान कब्जा करके नाजायज लाभ लेने की गरज से कूटरचित अभिलेख तैयार कराया है।

आरोप है कि सीमा त्रिपाठी ने जो भूखंड मय मकान का बैनामा पीड़ित तथा अन्य विक्रेतागण को 30 दिसंबर 2019 को किया, उसी भूखंड को उसके पति दिनेश चंद्र त्रिपाठी ने जरिए मुख्तारनामा पांच अगस्त 2022 को कर दिया गया।

इस बात की जानकारी दोनों पति-पत्नी को थी। दोनों बैनामे में गाटा संख्या, रकबा व मकान एक ही दिखाया गया है तथा मकान की चौहद्दी भी समान है। बैनामे की तारीख अलग-अलग है। क्रेता और विक्रेता भी अलग-अलग हैं।

मडहाराजा के मकान को हड़प करने के लिए न्यायालय तहसीलदार धनघटा के यहां अरविंद प्रताप शाही ने प्रार्थना पत्र दाखिल ख़ारिज दिया, जो 27 सितंबर को निरस्त हो चुका है। पुलिस को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरी में कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

कोर्ट में सुनवाई के बाद दिनेश चंद्र त्रिपाठी, सीमा त्रिपाठी निवासी देवकली खुर्द, अरविंद प्रताप शाही निवासी सूर्य नगर हरिहरपुर, मिथुन सोनकर निवासी रानी बाग कोतवाली, संतोष पांडेय निवासी सेमरी थाना धनघटा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश महुली पुलिस को दिया। कोर्ट ने अविलंब आख्या भी प्रस्तुत करन को कहा है।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि होली एवं शब–ए–बरात के उपलक्ष्य में आज देवीपाटन परिक्षेत्र के जनपदों में प्रेस में अवकाश होने के कारण आज का संस्करण उपलब्ध नहीं हो सका।